इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्व स वेति"।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव








वर्ष- 45 | अंक - 302 | राजनांदगांव, मंगलवार 22 सितंबर 2026 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए


# अपनी सिम दूसरे को दी तो 50 लाख जुर्माना, 3 साल की जेल भी

नई दिल्ली। अपने डॉक्यूमेंट्स पर ली गई सिम किसी ओर को देना भारी पड़ सकता है। दूरसंचार विभाग ने 21 सितंबर को नई एडवायजरी जारी करके कहा है कि फर्जी आईडी से सिम खरीदने या बेचने पर या मोबाइल के IMEI नंबर से छेड़छाड़ करने पर 3 साल की जेल और 50 लाख तक का जुर्माना हो सकता है।

सरकार ने सलाह दी है कि सभी नागरिक संचार साथी पोर्टल या एप पर जाकर तुरंत चेक करें कि उनकी आईडी पर बिना जानकारी के कोई अनजान मोबाइल नंबर तो एक्टिव नहीं है।

### छत्तीसगढ़ के फर्जीवाड़े के बाद सरकार ने जारी की एडवाइजरी

दूरसंचार विभाग ने यह कदम छत्तीसगढ़ में हुए एक बड़े साइबर फ्रॉड के बाद उठाया है। वहां एक सिम बेचने वाले एजेंट ने लोगों के डॉक्युमेंट्स का गलत इस्तेमाल करके उनकी जानकारी के बिना 25 फर्जी सिम चालू कर रखे थे। मामला खुलते ही DoT ने उस एजेंट को ब्लैकलिस्ट कर दिया और री-वेरिफिकेशन में फेल होने पर सभी 25 फर्जी नंबरों को तुरंत बंद कर दिया।

### किराए पर सिम देने पर मूल ग्राहक भी फंसेगा



दूरसंचार विभाग ने साफ कर दिया है कि अगर आप अपने नाम से सिम खरीदकर किसी और को बेचते हैं, किराए पर देते हैं या साइबर ठगी के लिए इस्तेमाल होने देते हैं, तो पुलिस केस और कानूनी कार्रवाई आपके खिलाफ भी होगी। इसके अलावा फर्जी डॉक्यूमेंट्स लगाकर सिम लेना, पहचान छिपाकर धोखाधड़ी करना या किसी और के नाम की सिम का गलत इस्तेमाल करना भी गंभीर अपराध है। जब कोई ठग किसी ID प्रूफ से सिम निकलवाता है या पैसे का लालच देकर उसकी सिम ले लेता है और उससे साइबर अपराध को अंजाम देता है, तो उस सिम को म्यूल सिम कहा जाता है।

### IMEI नंबर और कॉलिंग आईडी बदलने पर भी पाबंदी

एडवाइजरी के मुताबिक, जिस फोन के IMEI नंबर से छेड़छाड़ या बदलाव किया गया हो, उसका इस्तेमाल करना गैर-कानूनी है। साथ ही, एप्स या वेबसाइट्स के जरिए किसी और का नंबर दिखाकर कॉल करने वाले टूल्स का इस्तेमाल करना भी अपराध है। सरकार ने इसे देश की सुरक्षा और नेटवर्क के लिए बड़ा खतरा माना है।

### सिम कार्ड की लिमिट का नियम क्या है?

भारत में एक व्यक्ति के नाम पर अधिकतम 9 सिम कार्ड रखने का नियम काफी पुराना है। हालांकि, जम्मू-कश्मीर, असम और उत्तर-पूर्वी राज्यों के लिए यह नियम थोड़ा अलग है। सुरक्षा कारणों से इन राज्यों में रहने वाले लोग अपने नाम पर अधिकतम 6 सिम कार्ड ही रख सकते हैं। सरकार ने टेलीकॉम कंपनियों को डिजिटल इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करने को कहा है। इस पोर्टल पर देश के सभी मोबाइल यूजर का डेटा मौजूद है। नया सिम एक्टिवेट करने से पहले कंपनियां इस पोर्टल पर चेक करेंगी कि आपके नाम पर कुल कितने सिम चल रहे हैं।

### पोर्टल पर दिखेगा एक्स्ट्रा सिम वालों का फोटो

नियमों को और सख्त बनाने के लिए सरकार 23 अगस्त से डिजिटल इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म पर एक नया फीचर जोड़ दिया है। इसके तहत, जिन लोगों ने सिम कार्ड की तय सीमा (9 सिम) को पार कर लेते हैं, उनकी फोटो इस पोर्टल पर दिखने लगती है। इससे सिम बेचते समय डीलर तुरंत पहचान जाते हैं कि किस ग्राहक को नया सिम देने से मना करना है।

### 30 नवंबर तक कंपनियों को सिस्टम सुधारने की मोहलत

दूरसंचार विभाग ने सभी टेलीकॉम कंपनियों को अपने सिस्टम को इस नए सरकारी प्लेटफॉर्म के साथ पूरी तरह जोड़ने के लिए 30 नवंबर 2026 तक का समय दिया है। तब तक कंपनियों को अपना पूरा प्रोसेस दुरुस्त करना होगा ताकि कोई भी एक्स्ट्रा सिम चालू न हो सके। सरकार ने साफ किया है कि यदि आपकी आईडी पर चल रही सिम का इस्तेमाल साइबर ठगी के लिए होता है तो कानूनी कार्रवाई मूल ग्राहक के खिलाफ ही होगी। ऐसी सिम को म्यूल सिम कहा जाता है। इसके अलावा, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## केरलम में लैंडस्लाइड-बाढ़ से पांच मौतें: यूपी में तीन बच्चों की जान गई

नई दिल्ली। केरलम में सोमवार को लगातार दूसरे दिन तेज बारिश की आशंका है। मौसम विभाग ने पथनमथिट्टा, कोट्टायम, अलप्पुझा, एर्नाकुलम, इडुक्की और त्रिशूर में यलो अलर्ट जारी किया है।



इससे पहले रविवार को भारी बारिश ने इडुक्की, मलप्पुरम सहित कई जिलों में तबाही मचाई। लैंडस्लाइड, मडस्लाइड और अचानक आई बाढ़ की अलग-अलग घटनाओं में 5 लोगों की मौत हो गई। 2 लोग लापता हैं। वहीं, उत्तर प्रदेश में बारिश का असर अभी भी कई इलाकों में है। उन्नाव की बस्तियों में नाव चल रही है।

बाराबंकी में रविवार को बारिश के पानी से भरे गड्ढे में नहाते समय तीन बच्चों की डूबने से मौत हो गई। गुजरात के भावनगर और राजकोट में रविवार को करीब आधे घंटे तेज बारिश में ही सड़कों पर घुटनों तक पानी भर गया। भावनगर के महुवा में साढ़े 4 इंच और राजकोट के गोंडल में साढ़े 3 इंच बारिश हुई। जूनागढ़ के गिरनार जंगल में अचानक बाढ़ आ गई। यहां आत्मेश्वर महादेव मंदिर के रास्ते में बच्चे-बूढ़े सहित 40 से ज्यादा श्रद्धालु फंस गए। वन विभाग और फायर ब्रिगेड ने सभी को बचाया। दूसरी ओर, राजस्थान में मानसून की विदाई के साथ बारिश कमजोर पड़ने लगी है। गर्मी बढ़ने से जैसलमेर में रविवार को तापमान 40.3°C पहुंच गया।

## मां का अपमान बर्दाश्त नहीं: सीएम साय ने राहुल गांधी पर कसा तंज, बोले- वो अपने आचरण-व्यवहार से हो रहे एक्सपोज



रायपुर। छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने भारतीय संस्कृति में मां के सर्वोच्च स्थान पर प्रकाश डालते हुए सोशल मीडिया पर एक भावपूर्ण वीडियो शेयर किया है। मुख्यमंत्री ने अपनी भावनाओं को कविता की पंक्तियों में अभिव्यक्त करते हुए सोशल मीडिया पोस्ट किया है। इसके साथ ही राहुल गांधी पर तंज कसते हुए निशाना भी साधा है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष हैं। इतने बड़े नेता को इस तरह से करना शोभा नहीं देता है। वे अपने आचरण और व्यवहार से पूरे देश में एक्सपोज हो रहे हैं। यह कतई उनके लिए सही नहीं है। मुख्यमंत्री मां के प्रति सम्मान और मर्यादा बनाए रखने की सीख दी है। उन्होंने यह संदेश ऐसे समय साझा किया है, जब इंदौर में आयोजित 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में एक कॉमेडी प्रस्तुति को लेकर राजनीतिक विवाद चल रहा है। बता दें कि इंदौर में आयोजित उक्त कार्यक्रम में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की उपस्थिति में स्टैंड-अप कॉमेडियन पुलकित मणि ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बोलने की शैली और हाव-भाव की मिमिक्री की थी। प्रस्तुति के एक हिस्से में प्रधानमंत्री के एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान भीड़ में मौजूद बुजुर्ग माताजी के लिए कुर्सी उपलब्ध कराने को कहने से जुड़े प्रसंग को भी शामिल किया गया। इसे मामले को लेकर भाजपा के कई नेताओं ने कड़ी आपत्ति जताते हुए आरोप लगाया है कि हास्य के नाम पर माँ (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## छात्र साहिल वाकोडे की मौत के बाद प्रोफेसर सूर्यनारायण डूला सस्पेंड; आईआईटी ने मांगी सार्वजनिक माफी

मुंबई। महाराष्ट्र के यवतमाल जिले के निवासी साहिल वाकोडे का शव शुक्रवार शाम पवई स्थित IIT कैंपस के हॉस्टल में उनके कमरे के पंखे से लटका मिला था। इस घटना के बाद से ही पूरे कैंपस में माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है। मृतक छात्र के परिवार और साथी छात्रों द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों के बाद पुलिस और प्रशासन हरकत में आया है।




साहिल एनर्जी साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग में पढ़ाई कर रहे थे। जानकारी के मुताबिक, घटना से कुछ घंटे पहले मिड-सेमेस्टर परीक्षा के दौरान उन्हें कथित तौर पर मोबाइल फोन का उपयोग करते हुए और AI टूल ChatGPT पर प्रश्न पत्र अपलोड करते पकड़ा गया था। आरोप है कि इसके बाद साहिल पर अत्यधिक मानसिक दबाव बनाया गया और उन्हें संस्थान से निलंबित करने की धमकी दी गई थी, जिससे दुखी होकर उन्होंने यह आत्मघाती कदम उठाया। साहिल के परिजनों और प्रदर्शनकारी छात्रों का आरोप है कि साहिल को संस्थागत उत्पीड़न और जाति-आधारित भेदभाव का सामना करना पड़ रहा था। साहिल के माता-पिता की लिखित शिकायत पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता और SC/ST (अत्याचार निवारण) अधिनियम की प्रासंगिक धाराओं के तहत आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया है। मामले में संबंधित प्रोफेसर को नामजद आरोपी बनाया गया है और आगे की जांच मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच को सौंप दी गई है।

### छात्रों का उग्र प्रदर्शन, प्रशासन ने स्वीकार कीं 18 मांगें

घटना के विरोध में 20 सितंबर की देर रात सैकड़ों छात्र IIT बॉम्बे के मुख्य गेट पर एकत्र हो गए और धरना शुरू कर दिया। स्थिति को संभालने के लिए IIT बॉम्बे के डायरेक्टर शिरीष बी. केदारे खुद मौके पर पहुंचे और करीब तीन घंटे तक प्रदर्शनकारी छात्रों से संवाद किया। छात्रों ने आरोपी प्रोफेसर के निलंबन, निष्पक्ष जांच समिति के गठन, पीड़ित परिवार के लिए मुआवजे और सार्वजनिक माफी की मांग रखी। प्रशासन ने छात्रों की सभी 18 मांगों को स्वीकार करते हुए लिखित सहमति जताई, जिसके बाद प्रोफेसर को निलंबित किया गया।

## नागरिकता मिलने से पहले वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने के विवाद में सोनिया गांधी की मुश्किलें बढ़ीं

नई दिल्ली। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी से जुड़े दशकों पुराने वोटर लिस्ट विवाद में दिल्ली की एक अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। भारतीय नागरिकता मिलने से तीन साल पहले (1980) कथित तौर पर फर्जी/जाली दस्तावेजों के जरिए मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के मामले में विशेष अदालत ने निचली मजिस्ट्रेट अदालत के उस फैसले को पूरी तरह रद्द कर दिया है। जिसमें पुलिस को एफआईआर दर्ज करने का निर्देश देने से इनकार किया गया था। इस ताजा फैसले के बाद अब यह मामला एक बार फिर कानूनी चक्रव्यूह में लौट आया है और सोनिया गांधी की मुश्किलें बढ़ा सकता है।



यह पूरा कानूनी विवाद याचिकाकर्ता विकास त्रिपाठी द्वारा दायर की गई एक आपराधिक पुनरीक्षण याचिका से जुड़ा हुआ है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि सोनिया गांधी को 30 अप्रैल 1983 को भारत की नागरिकता प्रदान की गई थी। हालांकि, उनका नाम इससे तीन साल पहले यानी 1980 की नई दिल्ली संसदीय क्षेत्र की आधिकारिक मतदाता सूची में दर्ज कर लिया गया था।

## अमेरिका को मिल गई नई धमकी, IRGC ने कहा - अमेरिकी खुफिया केंद्र ईरान की रडार पर, नए हथियारों का भी किया जिक्र

नई दिल्ली। अमेरिका और इजरायल के साथ बढ़ते तनाव के बीच ईरान ने एक बार फिर धमकी भरा संदेश दिया है। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (IRGC) के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल हुसैन मोहेब्बी ने कहा है कि अगर अमेरिका ने दोबारा हमला किया तो ईरान की जवाबी कार्रवाई पहले जैसी नहीं होगी। ईरानी सरकारी मीडिया के मुताबिक, उन्होंने कहा कि इस बार युद्ध का भूगोल बदलेगा, नए हथियार इस्तेमाल किए जाएंगे और नए ठिकानों को निशाना बनाया जाएगा।



### अमेरिकी खुफिया केंद्र हमारी पहुंच में

मोहेब्बी ने कहा कि अमेरिका के खुफिया केंद्र ईरान की पहुंच से बाहर नहीं हैं। उन्होंने दावा किया कि ईरान पहले भी फारस की खाड़ी और उत्तरी इराक के आसपास अमेरिकी खुफिया ठिकानों को निशाना बना चुका है। मोहेब्बी ने चेतावनी दी कि अगर फिर कोई हमला होता है तो ईरान अपनी रक्षा और जवाबी कार्रवाई में बड़ा बदलाव करेगा। उनके मुताबिक, इस बार सिर्फ हथियार ही नहीं बदलेंगे, बल्कि युद्ध का भूगोल भी बदलेगा। उन्होंने कहा कि ईरान के पास ऐसे नए टार्गेट हैं, जिन पर अभी तक हमला नहीं हुआ है।

### नए हथियारों से दुनिया चौंकाने का दावा

मोहेब्बी ने कहा कि ईरान युद्ध के मैदान में नई क्षमता वाले हथियार और सैन्य उपकरण उतारेगा। उन्होंने दावा किया कि इन हथियारों को देखकर दुनिया हैरान होगी। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि ये नए हथियार कौन से हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि ढ्ढक्रत्नष्ट लंबे समय तक चलने वाले युद्ध के लिए तैयार है। उन्होंने अमेरिका पर ईरान के खिलाफ युद्ध में रणनीतिक हार का भी आरोप लगाया।

ईरान की यह चेतावनी ऐसे समय आई है जब अमेरिका और इजरायल के साथ फिर से सैन्य तनाव बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। ट्रंप ने इससे पहले कहा था कि उनके पास ईरान युद्ध को लेकर की विकल्प हैं। इसके बाद ईरान की लगातार जवाबी प्रतिक्रियाएं आई हैं। ईरान का कहना है कि अगर नया हमला हुआ तो उसका जवाब पहले से अलग और घातक होगा। मोहेब्बी ने दावा किया कि अमेरिका इस युद्ध में हार गया है। उसकी यह हार एक ऐतिहासिक और शर्मनाक हार है। उन्होंने बताया कि अमेरिका और इजराइल ने ईरान के खिलाफ अपना पहला युद्ध जून 2025 में शुरू किया था। जो 12 दिनों तक चला। उसके बाद उनका दूसरा हमला 28 फरवरी 2026 को शुरू हुआ। दोनों युद्धों में, ईरान के प्रतिरोध और सफल जवाबी कार्रवाई ने अमेरिकी हमलों को युद्धविराम करने के लिए मजबूर कर दिया था।

## बिहार के जमुई में रात के समय लड़के-लड़की से बदसलूकी और मारपीट, वीडियो वायरल, 3 आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली। बिहार के जमुई टाउन थाना क्षेत्र अंतर्गत मड़वा गांव से कानून-व्यवस्था और सामाजिक सुरक्षा पर सवाल खड़े करने वाली एक बेहद गंभीर घटना सामने आई है। 19 सितंबर की शाम बाइक से जा रहे दो नाबालिग छात्र-छात्राओं को कुछ स्थानीय दबंगों ने रास्ते में घेर लिया और लड़की के साथ कथित तौर पर अभद्र व्यवहार व छेड़खानी की। इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद जमुई पुलिस, राज्य महिला आयोग और राजनीतिक गलियारों में हड़कंप मच गया है। घटना जमुई और लखीसराय जिले की सीमा के पास स्थित मड़वा गांव इलाके की बताई जा रही है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में देखा जा सकता है कि बाइक सवार नाबालिग युवक और युवती को 6 से 7 लोग जबरन रोककर चारों तरफ से घेर लेते हैं। वीडियो में स्थिति बेहद दुखद नजर आती है, जहां नाबालिग लड़की हाथ जोड़कर असमाजिक तत्वों के सामने गिड़गिड़ाती है और रोते हुए कहती है- बच्चा हैं, जाने दीजिए। अब कभी इधर नहीं आएंगे। इसके बावजूद आरोपी उनके साथ बदसलूकी और धक्का-मुक्की करते नजर आ रहे हैं। जमुई के (शेष पृष्ठ 6 पर...)



### राहुल ने उठाए गंभीर सवाल, पॉक्सो लगाने की मांग

घटना का वीडियो सामने आने के बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट साझा कर बिहार की कानून-व्यवस्था पर हमला बोला। राहुल गांधी ने इस घटना को बेहद परेशान करने वाला बताते हुए लिखा कि 10वीं कक्षा में पढ़ने वाले दो बच्चों को रास्ते में रोककर उनके साथ मारपीट, उत्पीड़न और लड़की से छेड़छाड़ की गई। उन्होंने सवाल उठाया कि इन उपद्रवियों को सड़क पर कानून अपने हाथ में लेने का अधिकार किसने दिया? राहुल गांधी ने मांग की है कि वीडियो में दिख रहे सभी आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त धाराओं और पॉक्सो एक्ट के तहत कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।

## असम में भूपेश बघेल के काफिले पर पथराव: गौरव गोगोई ने बीजेपी समर्थकों पर लगाया आरोप, इलाके में तनाव

रायपुर। असम के नगांव लोकसभा उपचुनाव के प्रचार के दौरान कांग्रेस के चुनावी काफिले को लेकर सोमवार को विवाद की स्थिति बन गई। समागुरी विधानसभा क्षेत्र के बरमा इलाके में कांग्रेस नेताओं के काफिले पर कथित तौर पर पत्थर फेंके जाने की घटना सामने आई है। काफिले में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और असम कांग्रेस प्रभारी भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई, कांग्रेस प्रत्याशी सिबामोनी बोरा समेत कई नेता मौजूद थे।





बताया गया कि कांग्रेस नेता नगांव में चुनावी कार्यक्रम के लिए जा रहे थे। इसी दौरान बरमा इलाके में कुछ लोगों द्वारा कथित तौर पर काले झंडे दिखाने और 'गो बैक' के नारे लगाने की बात सामने आई। इसके बाद कांग्रेस के वाहनों की ओर पत्थर फेंके जाने की खबर सामने आई। घटना के बाद इलाके में तनाव की स्थिति बन गई और पुलिस व अर्धसैनिक बलों को तैनात किया गया।

### गौरव गोगोई ने सोशल मीडिया पर वीडियो साझा कर लगाए आरोप

असम कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई ने घटना से जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया पर साझा करते हुए आरोप लगाया कि उनके और भूपेश बघेल के काफिले को निशाना बनाया गया। गोगोई ने इस घटना के लिए कथित तौर पर BJP कार्यकर्ताओं को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि पुलिस को पहले से भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कहा गया था। उन्होंने असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा और पुलिस प्रशासन से घटना में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। स्थानीय रिपोर्टों के मुताबिक, कांग्रेस प्रत्याशी सिबामोनी बोरा और अन्य नेताओं के वाहनों पर भी पथराव की बात सामने आई है। कुछ रिपोर्टों में कांग्रेस सचिव मनोज चौहान के घायल (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## राम मंदिर में 70 नहीं, 105 बार चढ़ावा चोरी: सुप्रीम कोर्ट में एसआईटी बोली- सभी घटनाएं सीसीटीवी में रिकॉर्ड; 2 दिन में चार्जशीट दाखिल होगी

नई दिल्ली। राम मंदिर में चंदा चोरी को लेकर सुप्रीम कोर्ट में आज स्ढ्ढञ्ज जांच के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई. सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने एसआईटी के हवाले से बताया कि सीसीटीवी फुटेज में दिखा है कि 105 बार चंदा चोरी की घटना हुई. एसआईटी की स्टेटस रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट ने पढ़ी. इस दौरान अदालत को बताया गया कि अब तक कितने लोगों को गिरफ्तार किया गया है और चंदा चोरी के क्या सबूत मिले हैं. उपलब्ध सबूतों को अदालत के समक्ष रखा भी गया. अदालत को सीसीटीवी फुटेज, गवाहों के बयान और सबूतों की जानकारी दी गई. स्टेटस रिपोर्ट में बताया गया है कि आरोपियों की पहचान करने के लिए सीसीटीवी फुटेज और दूसरे मटीरियल का एनालिसिस कैसे किया गया है.



कोर्ट ने पूरी जानकारी को अपने रिकॉर्ड में लिया है. स्टेटस रिपोर्ट में आगे बताया गया कि कीमती सामान की रसीद एक सॉफ्टवेयर से बनती है और उन्हें एसबीआई लॉकर में रखा जाता है. एसआईटी की स्टेटस रिपोर्ट में बताया गया कि सीसीटीवी फुटेज में चंदा चोरी की 105 घटनाएं सामने आई हैं. इसके अलावा सॉलिसिटर जनरल ने बताया कि एसआईटी की जांच लगभग पूरी हो चुकी है और 25 सितंबर तक चार्जशीट दाखिल कर दी जाएगी. इस बीच अदालत ने कहा कि मजिस्ट्रेट को कानून के मुताबिक चार्जशीट पर फैसला करने का आदेश दिया. इस दौरान अदालत में याचिकाकर्ताओं ने एसआईटी की रिपोर्ट भी मांगी. इस पर सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया. चीफ जस्टिस की बेंच ने कहा कि हम सेशन जज से मामला अपने हाथ में नहीं लेना चाहते. अगर हमें लगा कि आगे जांच की ज़रूरत है तो हम ऑर्डर पास करेंगे. बता दें कि राम मंदिर में चंदा चोरी के मामले ने इतना तूल पकड़ लिया था कि ट्रस्ट से चंपत राय और अनिल मिश्रा को विदा किया गया है. इसके अलावा ट्रस्ट में अब सीईओ वाली व्यवस्था लागू की गई है और पूर्व सैन्य अधिकारी जितेंद्र मिश्रा को सीईओ बनाया गया है. उनका कहना है कि हम व्यवस्था में बदलाव करेंगे और जो कुछ भी होगा, वह पहले से बेहतर होगा. यूपी सरकार का पक्ष रख रहे सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि पहली गिरफ्तारी को 90 दिन का वक्त होने वाला है. उन्होंने कहा कि 25 सितंबर को यह अवधि पूरी हो रही है और तब तक चार्जशीट दाखिल कर दी जाएगी. यदि ऐसा नहीं हो पाया तो फिर गिरफ्तार आरोपियों को स्वतः बेल मिल जाएगी.

## ममता गुट को कलकत्ता हाईकोर्ट से बड़ी राहत तीन बैंक खातों के इस्तेमाल की मिली अनुमति

कोलकाता। कलकत्ता हाईकोर्ट ने सोमवार को ममता बनर्जी के नेतृत्व वाले तृणमूल कांग्रेस गुट को पार्टी के तीन बैंक खातों में मौजूद रकम का आंशिक और शर्तों के साथ इस्तेमाल जारी रखने की अनुमति दी। कोर्ट ने कहा कि चुनाव आयोग का पार्टी के नाम और चुनाव चिह्न को लेकर दिया गया अंतरिम आदेश उसके पहले के बैंक खातों से जुड़े आदेश को प्रभावित नहीं करता। न्यायमूर्ति सौगत भट्टाचार्य की एकल पीठ ने कहा कि चुनाव आयोग ने फिलहाल अंतिम फैसला नहीं दिया है। आयोग की व्यवस्था आगामी उपचुनावों को ध्यान में रखते हुए अंतरिम प्रकृति की है। ऐसे में कोर्ट अपने पहले के आदेश के तहत ममता बनर्जी के नेतृत्व वाले गुट को तीन बैंक खातों के सीमित इस्तेमाल की अनुमति देता रहेगा।



**बरकरार रखा पुराना आदेश**

अदालत के आदेश के अनुसार, इन खातों से खर्च करने का अधिकार 29 जनवरी 2027 तक ममता बनर्जी के नेतृत्व वाले गुट के पास रहेगा। हालांकि, गुट इन पैसों का मनमाने तरीके से इस्तेमाल नहीं कर सकेगा। बैंक खातों के संचालन पर कोर्ट की ओर से नियुक्त अधिकारी की निगरानी रहेगी। इससे पहले (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पहला कॉलम...

### आसकुमार कन्नौजे बने सर्व रविदास समाज के प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी



राजनांदगांव (दावा)। सक्रिय समाजसेवी आसकुमार कन्नौजे को छत्तीसगढ़ सर्व रविदास समाज रायपुर द्वारा प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही सामाजिक क्षेत्र में उनके निरंतर योगदान और उत्कृष्ट सेवाओं के लिए उन्हें समाजसेवा सम्मान से भी नवाजा गया है। इस दोहरी उपलब्धि से उनके गृह जिले राजनांदगांव सहित पूरे प्रदेश के सामाजिक बंधुओं में हर्ष का माहौल है। कन्नौजे की यह नियुक्ति उनके सामाजिक समर्पण, कर्मठता और समाज उत्थान के प्रति लगातार सक्रिय भूमिका को देखते हुए संगठन के शीर्ष नेतृत्व द्वारा की गई है। नई जिम्मेदारी मिलने पर समाज के प्रबुद्धजनों ने विश्वास व्यक्त किया है कि वे अपनी कार्यकुशलता और नवाचार के दम पर संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के समरसता, सौहार्द और सामाजिक समानता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाएंगे। अपनी नियुक्ति पर आसकुमार कन्नौजे ने संगठन का आभार जताते हुए कहा कि वे सोशल मीडिया के माध्यम से समाज के मुद्दों, युवाओं की समस्याओं, शैक्षणिक व आर्थिक उत्थान की योजनाओं और जनहितकारी मांगों को मजबूती से शासन-प्रशासन के समक्ष रखेंगे, ताकि अंतिम छोर के व्यक्ति तक योजनाएं और सहयोग पहुंच सके।

### कल आईटीआई में कैम्पस प्लेसमेंट

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था राजनांदगांव में 23 सितंबर को सुबह 10 बजे से बॉक्स हाइटेक इंजीनियरिंग भिलाई जिला दुर्ग द्वारा कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया है। वर्ष 2020 से 2026 तक विद्युतकार, फिटर, वेल्डर एवं मैकेनिक डीजल में आईटीआई उत्तीर्ण 18 वर्ष से 30 वर्ष तक के पुरूष उम्मीद्वार अपने समस्त शैक्षणिक एवं आवश्यक प्रमाण पत्र-10वीं, आईटीआई, आधार कार्ड, पेन कार्ड तथा 5 पोसपोर्ट साईज फोटोग्राम के साथ कैम्पस प्लेसमेंट में शामिल हो सकते है।

### आज निःशुल्क जीवन सहायक उपकरण प्रदान करने परीक्षण शिविर

राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रीय वयोश्री योजना एवं एडीप योजना अंतर्गत 22 सितंबर को सुबह 11 से शाम 4 बजे तक पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव में जनपद पंचायत राजनांदगांव एवं नगर पालिक निगम राजनांदगांव के क्षेत्र के दिव्यांजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क जीवन सहायक उपकरण प्रदान करने परीक्षण मापन शिविर का आयोजन किया जाएगा। उपसंचालक समाज कल्याण विभाग श्रीमती वैशाली मरडवार ने बताया कि शिविर में भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) द्वारा दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क सहायक उपकरण प्रदान आवश्यक माप लिया जाएगा। उन्होंने पात्र सभी हितग्राहियों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में शामिल होने की अपील की है।

### कल आयुर्वेद दिवस पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर

राजनांदगांव (दावा)। 11वें आयुर्वेद दिवस पर स्वस्थ्य कल के लिए आयुर्वेद थीम पर 23 सितंबर को सुबह 9 से अपरान्ह 2 बजे तक आयुष पॉलीक्लीनिक परिसर दीनदयाल नगर राजनांदगांव में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में महिला विशेषज्ञ चिकित्सक एवं शल्य चिकित्सक, नेत्र रोग चिकित्सक, आयुर्वेद, होम्योपैथी एवं योग चिकित्सक उपस्थित रहेंगे। शिविर में बीपी, शुगर की जांच की जाएगी तथा उपचार की व्यवस्था रहेगी। एनोरेक्टल (गुदमत) रोगों, पाईल्स फिशर फिस्टुला के मरीजों की विशेष जांच की जाएगी। आयुर्वेद दिवस के अवसर पर आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर में अधिक से अधिक नागरिकों को लाभ लेने की अपील की गई है।

### चंपाबाई शर्मा का निधन



डोंगरगांव (दावा)। ग्राम बगदई निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक नारायण प्रसाद शर्मा की धर्मपत्नी चंपा बाई शर्मा उम्र 85 का निधन 21 सितंबर को प्रातः हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं परिजन शामिल हुए।

# मेडिकल कॉलेज अस्पताल के वार्डों में घुट रहे मरीज, कांग्रेस ने अधीक्षक के चेंबर का एसी-पंखा बंद कर कराया गर्मी का एहसास

राजनांदगांव (दावा)। पेंड्री स्थित भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल में व्याप्त अव्यवस्थाओं, डॉक्टरों की कमी और मरीजों को समुचित इलाज न मिलने के विरोध में शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने सोमवार को जोरदार प्रदर्शन किया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार के नेतृत्व में दोपहर 12:30 बजे बड़ी संख्या में अस्पताल पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अधीक्षक का घेराव किया। इस दौरान अनोखा विरोध दर्ज कराते हुए कार्यकर्ताओं ने अधीक्षक के चेंबर का एसी और पंखा बंद करवा दिया। करीब एक घंटे तक अधिकारी और कांग्रेसी बिना पंखे और एसी की उमस भरी गर्मी में बैठे रहे। मुदलियार ने तल्ख लहजे में कहा कि जब वार्डों में भर्ती मरीज, प्रसूताएं और नवजात शिशु भीषण गर्मी व उमस से बेहाल हैं, तो एयरकंडीशनर कमरों में बैठे प्रबंधन को भी उनकी इस पीड़ा का वास्तविक एहसास होना चाहिए।

### रेफरल सेंटर बना अस्पताल, निजी दलालों का डेरा

प्रदर्शन के दौरान जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि यह मेडिकल कॉलेज चार जिलों का प्रमुख स्वास्थ्य केंद्र है, लेकिन वर्तमान में यह महज 50 प्रतिशत मानव संसाधन के सहारे सांसें गिन रहा है। विशेषज्ञ डॉक्टरों की भारी कमी के चलते अस्पताल को केवल 'रेफरल सेंटर' बनाकर रख दिया गया है। गंभीर मरीजों को दूसरे शहरों का रुख करना पड़ रहा है। वहीं अस्पताल परिसर में निजी अस्पतालों के एजेंट और मैनेजर खुलेआम घूमकर मरीजों को बरगला रहे हैं। उन्होंने स्थानीय विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को घेरते हुए कहा कि तीन बार मुख्यमंत्री रहे नेता के गृह क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की यह दुर्दशा जनप्रतिनिधि की बड़ी नाकामी है। 'ट्रिपल इंजन' की सरकार का दावा करने वाले शासन में आम जनता बुनियादी चिकित्सा सुविधाओं के लिए तरस रही है।



**अव्यवस्थाओं को लेकर कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन, मुदलियार बोले- चिकित्सा व्यवस्था बदहाल, रेफरल सेंटर बना अस्पताल**

### एमआरआई, ट्रॉमा सेंटर और स्त्री रोग विभाग की बदहाली पर उठाए सवाल

कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने अस्पताल प्रबंधन से तीखे सवाल पूछते हुए कहा कि वर्षों से स्वीकृत एमआरआई मशीन की स्थापना में देरी और ट्रॉमा सेंटर का निर्माण कार्य अब तक शुरू न होने पर जवाब मांगा गया। लंबित पड़ी क्रिटिकल केयर यूनिट को तत्काल शुरू करने की मांग रखी गई। प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग में गर्भवती माताओं और नवजातों के इलाज में हो रही लापरवाही की उच्चस्तरीय जांच की मांग की गई।

### अधीक्षक ने दिया आश्वासन, कांग्रेस ने दी घेराव की चेतावनी

घेराव के दौरान मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अतुल देशकर ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि डेढ़ महीने के भीतर ट्रॉमा सेंटर का निर्माण कार्य प्रारंभ करा दिया जाएगा। वहीं एमआरआई मशीन से जुड़ी प्रक्रिया एक माह में पूरी कर ली जाएगी। इसके अलावा क्रिटिकल केयर यूनिट को शीघ्र शुरू करने और वार्डों में पंखे-कूलर व अन्य व्यवस्थाओं को तत्काल दुरुस्त करने का भरोसा दिलाया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने दो टूक चेतावनी दी कि यदि निर्धारित समय-सीमा के भीतर व्यवस्थाएं नहीं सुधरीं, तो कांग्रेस पार्टी स्थानीय विधायक कार्यालय का घेराव कर उग्र आंदोलन करेगी। प्रदर्शन में पूर्व अध्यक्ष भागवत साहू, प्रदेश कांग्रेस सचिव प्रवीण मेश्राम, मेहुल मारू, अमीन हुड्डा, शारदा तिवारी, इकरामुद्दीन सोलंकी, मामराज अग्रवाल, अशोक पंजवानी, मनीष गौतम, देवेश वैष्णव, वीरेन्द्र चंद्राकर, प्रदीप राठौर, सतीश मसीह, लक्ष्मण साहू, चेतन भानुशाली, राजेश गुप्ता चंपू, अमर झा, सिद्धार्थ डोंगरे, अवधेश प्रजापति, शरद खंडेलवाल, झम्मन देवांगन, रमेश पांडेय, बबलू कसार, अब्बास खान, तामेश्वर बंजारे, राजिक सोलंकी, असगर बेग, पिंकू खान, गोलू नायक, विशु आजमानी, गजेंद्र सिंह राजपूत, सकुर चौहान, राजू रंगारी, अंकेश बाफना, अरशद खान, ललित कुमरे, जुगल ताम्रकार, सुरेंद्र देवांगन, निश्चय बुराडे, चेतन सिन्हा, बंटी यादव, दुरेंद्र वैष्णव, संजय साहू, राहुल चौबे, हर्षिल भलावे, जयप्रकाश साहू, विष्णु साहू, दुर्गेश साहू, अंशुल श्रीवास्तव, लक्की साहू, गोलू साहू, रूपेश कुमार साहू, राजेश सेवता, कुंज लाल साहू, यशवंत चंदेल, कमलेश साहू एवं मोती लाल देवांगन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# आरक्षण व सामाजिक न्याय को लेकर रायपुर में जेन-जी का शक्ति प्रदर्शन, राजनांदगांव से हजारों युवा हुए शामिल

राजनांदगांव (दावा)। राजधानी रायपुर में एसटी, एससी और ओबीसी वर्ग के संवैधानिक आरक्षण अधिकारों, सामाजिक न्याय और स्थानीय रोजगार के मुद्दों को लेकर युवा शक्ति (जेन-जी) ने विशाल व शांतिपूर्ण महारैली निकालकर अपनी ताकत दिखाई। इस राज्यस्तरीय महारैली में राजनांदगांव जिले से हजारों की संख्या में युवाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने रायपुर पहुंचकर एकजुटता का परिचय दिया और अपनी सशक्त भागीदारी दर्ज कराई।



### अंबेडकर चौक से राजभवन तक गूंजे हक के नारे

रैली का शुभारंभ राजधानी रायपुर के ऐतिहासिक अंबेडकर चौक से हुआ, जो प्रमुख मार्गों से होते हुए राजभवन की ओर बढ़ी। हाथों में तख्तियां, तिरंगा और बैनर लिए युवाओं ने अनुशासित ढंग से सामाजिक न्याय के पक्ष में नारे बुलंद किए। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में सरकार की पहली जिम्मेदारी संविधान और कानून के अनुरूप अंतिम छोर के व्यक्ति को अधिकार दिलाना है। वंचित और पिछड़े वर्गों के संवैधानिक अधिकारों व सामाजिक न्याय की रक्षा के लिए शासन को त्वरित और ठोस कदम उठाने चाहिए।

### स्थानीय युवाओं को मिले रोजगार में प्राथमिकता

प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने प्रदेश के अनुसूचित एवं पिछड़े अंचलों में स्थानीय युवाओं को रोजगार में प्राथमिकता देने की मांग प्रमुखता से उठाई। युवाओं का कहना था कि स्थानीय स्तर पर रोजगार मिलने से न केवल पलायन व बेरोजगारी पर रोक लगेगी, बल्कि छत्तीसगढ़ की स्थानीय बोली, भाषा, परंपरा और समृद्ध संस्कृति का संवर्धन व संरक्षण भी सुनिश्चित हो सकेगा।

### प्रमुख मांगें

शासकीय सेवाओं में कार्यरत एसटी-एससी वर्ग के कर्मचारियों के लिए पदोन्नति में आरक्षण के लंबित नियमों को संवैधानिक प्रावधानों के तहत तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए। आरक्षित वर्गों के आर्थिक उत्थान के लिए संचालित योजनाओं के बजट और संसाधनों का धरातल पर पारदर्शी उपयोग हो, ताकि पात्र हितग्राहियों तक सीधा लाभ पहुंचे। आरक्षण नियमों में किसी भी तरह की कटौती या शिथिलता पर रोक लगे। राजनांदगांव से पहुंचे युवा प्रतिनिधियों ने स्पष्ट किया कि रोजगार, शिक्षा और संवैधानिक आरक्षण युवाओं के भविष्य से जुड़े बुनियादी प्रश्न हैं। सरकार को इन मांगों पर संवेदनशीलता और गंभीरता से विचार करना चाहिए, ताकि युवाओं में व्याप्त असंतोष दूर हो सके और सामाजिक न्याय की अवधारणा को धरातल पर साकार किया जा सके।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी डोंगरगढ़ में गिरफ्तार, भेजा गया जेल

डोंगरगढ़ (दावा)। शादी का प्रलोभन देकर युवती से लगातार दुष्कर्म करने वाले आरोपी शिवम योगी को डोंगरगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।



### 3 साल से था प्रेम संबंध, शादी से मुकरने पर दर्ज हुई एफआईआर

डोंगरगढ़ थाना प्रशिक्षु उपअधीक्षक सुमन जायसवाल ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी शिवम योगी (26 वर्ष), निवासी ग्राम उरईडबरी का पीड़िता के साथ पिछले तीन वर्षों से प्रेम संबंध था। दोनों की फोन पर लगातार बातचीत होती थी। पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपी ने शादी का झांसा देकर जून 2026 में उसे ग्राम मुरमुंदा स्थित लॉज ले जाकर पहली बार जबरन शारीरिक संबंध बनाया। इसके बाद 2 अगस्त 2026 को जब वे भोरमदेव घूमने गए थे, तब कवर्धा क्षेत्र में भी आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया।

### अलग-अलग स्थानों पर बनाए संबंध, फिर किया इंकार

आरोपी लगातार शादी का प्रलोभन देकर पीड़िता का शारीरिक शोषण करता रहा, लेकिन बाद में उसने शादी करने से साफ इंकार कर दिया। झांसे का एहसास होने पर पीड़िता ने 15 अगस्त को डोंगरगढ़ थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई। पीड़िता की रिपोर्ट पर डोंगरगढ़ पुलिस ने अपराध क्रमांक 451/26, धारा 69 भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी शिवम योगी को गिरफ्तार कर लिया और वैधानिक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया।

### बुद्ध विहार के पूर्व अध्यक्ष टीकाराम नंदेश्वर का निधन



डोंगरगढ़ (दावा)। आदर्श बौद्ध महासभा नागसेन बुद्ध विहार के पूर्व अध्यक्ष टीकाराम नंदेश्वर का 88 वर्ष की उम्र में 21 सितंबर को आकस्मिक निधन हो गया। जिनकी शव यात्रा दाह संस्कार के लिए उनके निवास स्थान भीम नगर वार्ड नंबर 9 से 22 सितंबर दिन मंगलवार को सुबह 10 बजे छिरपानी मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी। उनके निधन पर बौद्ध समाज सहित अन्य सामाजिक संगठनो उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। उनके सरल स्वभाव से समाज में उनकी अपनी एक अलग पहचान थी। उनके द्वारा बुद्ध वंदना, परित्रंपाट के कार्यक्रम एवं बौद्ध समाज में विवाह के आयोजन को भी सम्पन्न कराया जाता रहा है। वे सचिन नंदेश्वर के पिता थे।









## // ईश्तहार //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आवेदक **ओमन लाल पिता-व्यासनारायण** जाति-गोड़ निवासी ग्राम केसालडबरी मकान नं. 46,वार्ड नं. 12, तह. अं. चौकी, जिला-मोहला मानपुर अं.चौकी (छ.ग.)। पिन नं. 491668 की निवासी हूं। जो कि मेरे नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी किया गया हैं। जिसमें नाम के स्थान पर **ओमान कुमार Oman Kumar** पिता-**ब्यासनारायण** तथा जन्मतिथि 15/11/2004 है। उक्त नाम तथा पिता का नाम तथा जन्मतिथि गलत है। परन्तु मेरे नाम से जारी अंकसूची व अन्य कागजातों में नाम के स्थान **ओमन लाल OMANLAL** पिता-**व्यासनारायण** तथा जन्मतिथि 20/06/2004 अंकित है, उक्त नाम तथा पिता का नाम तथा जन्मतिथि सही हैं। इसलिए आधार कार्ड में **ओमान कुमार Oman Kumar पिता- ब्यासनारायण** तथा जन्मतिथि 15/11/2004 अंकित हैं। उसे सुधार करवाकर **ओमन लाल OMAN-LAL पिता-व्यासनारायण** तथा जन्मतिथि 20/06/2004 अंकित कराना चाहता हूं। इस ईश्तहार के सबंध में किसी भी शासकीय/अर्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार एवं ईश्तहार दावा आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं अतएव ईश्तहार प्रस्तुत हैं, जो जरूरत वक्त पर काम आवें।

स्थानः-अं. चौकी, दिनांकः-18/09/2026

**आवेदक**
**ओमन लाल**
**निवासी ग्राम केसालडबरी**
**तह. अं.चौकी, जिला-मो.मा.,अं. चौकी (छ.ग.)**

## // ईश्तहार //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आवेदिका **दया बाई पिता-लिखन** जाति-कुम्हार कास्तकार ग्राम कान्हे, तह. अं. चौकी, जिला-मोहला-मानपुर, अं.चौकी (छ.ग.) पिन नं. 491665 की निवासी हूं। जो कि मेरे संयुक्त नाम से ग्राम कान्हे प.ह.नं. 18 रा.नि.मं. व तह. अं.चौकी जिला-मोहला-मानपुर, अं. चौकी (छ.ग.) में स्वामी हक की कृषि भूमि स्थित है। उक्त भूमि में मेरे नाम के स्थान पर **गया बाई Gaya Bai** अंकित है, उक्त नाम गलत है। परन्तु मेरे स्वयं के नाम से जारी आधार कार्ड व अन्य कागजातों में नाम के स्थान पर **दया बाई DYA BAI** अंकित है। उक्त नाम सही हैं। इसलिये राजस्व रिकार्ड में **गया बाई Gaya Bai** अंकित है। उसे सुधार करवाकर **दया बाई DYA BAI** अंकित कराना चाहती हूं। इस ईश्तहार के संबंध में किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार एवं ईश्तहार दावा आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं, अतएव ईश्तहार प्रस्तुत हैं। जो जरूरत वक्त पर काम आवें।

स्थानः-अं. चौकी, दिनांकः-21/09/2026

**आवेदिका**
**दया बाई**
**कास्तकार ग्राम कान्हे**
**तह. अं. चौकी,जिला-मो.मा.अं. चौकी**

## // ईश्तहार //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आवेदिका **नेहा रामटेके पति-पंकज कुमार रामटेके** जाति-महार निवासी ग्राम-बिहरीकला मकान नं. 16 वार्ड नं.11, तह. अं.चौकी, जिला-मोहला मानपुर, अं.चौकी पिन नं. 491665 की निवासी हूं। जो कि मेरे नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी किया गया हैं। जिसमें नाम के स्थान पर **नेहा मेश्राम Neha Meshram** अंकित है। उक्त नाम गलत है। परन्तु मेरे नाम से जारी भारत निर्वाचन का आयोग परिचय पत्र व अन्य कागजातों में नाम के स्थान **नेहा रामटेके NEHA RAMTEKE** अंकित है, उक्त नाम सही हैं। इसलिए आधार कार्ड में **नेहा मेश्राम Neha Meshram** अंकित हैं। उसे सुधार करवाकर **नेहा रामटेके NEHA RAMTEKE** अंकित कराना चाहती हूं। इस ईश्तहार के संबंध में किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार एवं ईश्तहार दावा आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं अतएव ईश्तहार प्रस्तुत हैं। जो जरूरत वक्त पर काम आवें।

स्थानः-अं. चौकी, दिनांकः-21/09/2026

**आवेदिका**
**नेहा रामटेके**
**निवासी ग्राम बिहरीकला**
**तह. अं. चौकी जिला-मो.मा.अं. चौकी**

## // ईश्तहार //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आवेदिका **कलिन्द्री बाई देवांगन पति-किसन राम देवांगन** जाति-कोष्टा निवासी ग्राम सोनसायटोला मकान नं. 109 वार्ड नं.08, तह.अं. चौकी, जिला-मोहला मानपुर, अं. चौकी पिन नं. 491665 की निवासी हूं। जो कि मेरे नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी किया गया हैं। जिसमें नाम के स्थान पर **कलिंद्री बाई देवांगन Kalindri Bai Dewangan** अंकित है। उक्त नाम गलत है। परन्तु मेरे नाम से जारी बैंक पासबुक व अन्य कागजातों में नाम के स्थान **कलिन्द्री बाई देवांगन KALENDRI BAI DEWANGAN** अंकित है, उक्त नाम सही हैं। इसलिए आधार कार्ड में **कलिंद्री बाई देवांगन Kalindri Bai Dewangan** अंकित हैं। उसे सुधार करवाकर **कलिन्द्री बाई देवांगन KALENDRI BAI DEWANGAN** अंकित कराना चाहती हूं। इस ईश्तहार के संबंध में किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार एवं ईश्तहार दावा आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं अतएव ईश्तहार प्रस्तुत हैं। जो जरूरत वक्त पर काम आवें।

स्थानः-अं.चौकी, दिनांकः-21/09/2026

**आवेदिका**
**कलिन्द्री बाई देवांगन**
**निवासी ग्राम सोनसायटोला**
**तह. अं. चौकी,जिला-मो.मा.अं. चौकी**

## // ईश्तहार //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आवेदक **गुलाब पिता- तुलाराम** जाति-गोड़ निवासी ग्राम- भर्रीटोला वार्ड नं. 02 तह. मानपुर, जिला-मोहला मानपुर, अं. चौकी (छ.ग.)। पिन नं. 491229 का निवासी हूं। जो कि मेरे पुत्र के नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी किया गया हैं। जिसमें नाम के स्थान पर **जशवंत कुमार Jashvant Kumar** अंकित है। उक्त नाम गलत है। परन्तु मेरे नाम से जारी जन्मप्रमाण पत्र व अन्य कागजातों में नाम के स्थान **जयवंत JAYANT** अंकित है, उक्त नाम सही हैं। इसलिए आधार कार्ड में **जशवंत कुमार Jashvant Kumar** अंकित हैं। उसे सुधार करवाकर **JAYANT** अंकित कराना चाहता हूं। इस ईश्तहार के संबंध में किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार एवं ईश्तहार दावा आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं अतएव ईश्तहार प्रस्तुत हैं, जो जरूरत वक्त पर काम आवें।

स्थानः-अं.चौकी, दिनांकः-21/09/2026

**आवेदक**
**गुलाब**
**निवासी ग्राम भर्रीटोला**
**तह.-मानपुर, जिला-मो.मा.अं चौकी (छग)**

## // ईश्तहार //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आवेदक **विदेशी राम साहू पिता-समारू राम साहू** जाति-तेली निवासी ग्राम-मिरचे मकान नं. 124, वार्ड नं.06 तह.-अं.चौकी, जिला-मोहला मानपुर, अं. चौकी (छ.ग.)। पिन नं. 491668 की निवासी हूं। जो कि मेरे नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी किया गया हैं। जिसमें नाम के स्थान पर **विदेशी राम गंगबोईर Videshi Ram Gangaboir** अंकित है। उक्त नाम गलत है। परन्तु मेरे नाम से जारी अंकसूची व अन्य कागजातों में नाम के स्थान **विदेशी राम साहू VIDESHI RAM SAHU** अंकित है, उक्त नाम सही हैं। इसलिए आधार कार्ड में **विदेशी राम गंगबोईर Videshi Ram Gangaboir** अंकित हैं। उसे सुधार करवाकर **विदेशी राम साहू VIDESHI RAM SAHU** अंकित कराना चाहता हूं। इस ईश्तहार के संबंध में किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार एवं ईश्तहार दावा आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं अतएव ईश्तहार प्रस्तुत हैं, जो जरूरत वक्त पर काम आवें।

स्थानः-अं. चौकी, दिनांकः-21/09/2026

**आवेदक**
**विदेशी राम साहू**
**निवासी ग्राम- मिरचे**
**तह.अं.चौकी जिला-मो.मा.अं. चौकी (छग)**

## भूखंड बेचना है

**खसरा नंबर 114/118 का 5000 स्क्वेयर फीट का डायवर्सन किया हुआ भूखंड, पुराना ढाबा रोड रिहायशी क्षेत्र शांतिनगर गली क्रमांक-3 राजनांदगाव में ग्रुप धुमाल के सामने (गूगल मैप लोकेशन पर) बेचना है।**
**अधिक जानकारी इस मोबाईल नंबर पर 9977073256 सम्पर्क करें।**

**नोटः- अलग-अलग साईज में भी भूखंड दीये जा सकते है।**

## शुभांक

अनुमानित

**बी. के.**
**3-6-7**
**679-2 455-4**
**राजधानी**
**1-6-7**
**390-2 348-5**

चेतावनीः- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

## // ईश्तहार //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आवेदिका **तिजिया बाई पति-देवनारायण** जाति-हल्बा निवासी ग्राम बोगाटोला तह. मोहला, जिला-मोहला मानपुर, अं. चौकी पिन नं. 491666 की निवासी हूं। जो कि मेरे नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी किया गया हैं। जिसमें नाम के स्थान पर **तिजिया बाई Tijiya Bai** अंकित है। उक्त नाम सही है। परन्तु मेरी पुत्री **SUMAN** के नाम से जारी अंकसूची में माता के नाम के स्थान **DRAUPATI** अंकित है, उक्त नाम गलत हैं। इसलिए मेरी पुत्री **SUMAN** के अंकसूची में माता के नाम के स्थान पर **DRAUPATI** अंकित हैं। उसे सुधार करवाकर **तिजिया बाई Tijiya Bai** अंकित कराना चाहती हूं। इस ईश्तहार के संबंध में किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार एवं ईश्तहार दावा आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं अतएव ईश्तहार प्रस्तुत हैं। जो जरूरत वक्त पर काम आवें।

स्थानः-अं. चौकी, दिनांकः-21/09/2026

**आवेदिका**
**तिजिया बाई**
**निवासी- ग्राम बोगाटोला**
**तह. मोहला, जिला-मो.मा.अं. चौकी**

## // ईश्तहार //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आवेदक **शुभंम कुम्हार पिता-गुहाराम** जाति-कुम्हार कास्तकार ग्राम कान्हे तह. अं. चौकी, जिला-मोहला मानपुर अं.चौकी (छ.ग.) पिन नं. 491665 का निवासी हूं। जो कि मेरे संयुक्त नाम से ग्राम कान्हे प.ह.नं. 18 रा.नि.मं. व तह. अं.चौकी जिला-मोहला मानपुर, अं. चौकी (छ.ग.) में स्वामी हक की कृषि भूमि स्थित है। उक्त भूमि में मेरे नाम के स्थान पर **जीवन JIVAN** अंकित है, उक्त नाम गलत है। परन्तु मेरे स्वयं के नाम से जारी आधार कार्ड व अन्य कागजातों में नाम के स्थान पर **शुभंम कुम्हार Shubham Kumhar** अंकित है। उक्त नाम सही हैं। इसलिये राजस्व रिकार्ड में **जीवन JIVAN** अंकित है। उसे सुधार करवाकर **शुभंम कुम्हार Shubham Kumhar** अंकित कराना चाहता हूं। इस ईश्तहार के संबंध में किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार एवं ईश्तहार दावा आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं, अतएव ईश्तहार प्रस्तुत हैं। जो जरूरत वक्त पर काम आवें।

स्थानः-अं. चौकी, दिनांकः-21/09/2026

**आवेदक**
**शुभंम कुम्हार**
**कास्तकार ग्राम कान्हे**
**तह. अं. चौकी, जिला-मो.मा.अं. चौकी**

## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **राजाराम** पिता- **राघोराम** निवासी ग्राम पीटेपानी, पोस्ट-बागरेकसा, तहसील- लालबहादुर नगर, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.) का निवासी हूं। यह शपथ करता हूं कि मैने अपने नाबालिक पुत्र के आधार कार्ड में उसका नाम (पुराना नाम) **दुर्गा (DURGA)** से बदलकर नया नाम **दुर्गाप्रसाद (DURGA PRASAD)** रख लिया हूँ। अतः भविष्य में मेरे पुत्र को उसके नये नाम **दुर्गाप्रसाद (DURGA PRASAD)** को सभी शासकीय व अर्द्धशासकीय दस्तावेजों में दर्ज किया जावे और उसे उसके नये नाम **दुर्गाप्रसाद (DURGA PRASAD)** से जाना, पहचाना व पुकारा जावे। सूचना जाने।

**शपथकर्ता**
**राजाराम**
**पिता- राघोराम**
**ग्राम पीटेपानी, पोस्ट-बागरेकसा,**
**तहसील- लालबहादुर नगर,**
**जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)**

## न्यायालय तहसीलदार बोड़ला,जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202608080200002 | अ-19(3) वर्ष 2025-26 ग्राम - बोड़ला प.ह.नं. 24

**-:: ईश्तहार ::-**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण ग्रामवासीगण ग्राम-बोड़ला प.ह.नं. 24 रा.नि.मं. बोड़ला, तहसील बोड़ला को सूचित किया जाता है कि आवेदक सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग कबीरधाम द्वारा अपने पत्र क्रमांक / 1450/आजाक / निर्माण/2026-27 दिनांक 05.08.2026 के माध्यम से ग्राम- बोड़ला प.ह.नं. 24, तहसील-बोड़ला में स्थित शासकीय भूमि ख.नं. 81 रकबा 1.408 हेक्टेयर में से 2.00 एकड़ भूमि को पोस्ट मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास बोड़ला के भवन निर्माण हेतु छ.ग. शासन आदिम जाति विकास विभाग को अग्रिम आधिपत्य / हस्तांतरित किये जाने के संबंध में श्रीमान कलेक्टर महोदय जिला-कबीरधाम के समक्ष आवेदन पेश किया गया है, जो श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बोड़ला के माध्यम से जाँच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश सहित इस न्यायालय में प्राप्त हुआ है। जिसके संबंध में प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है, जिसकी सुनवाई दिनांक

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में नियत समय व तिथि तक दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार आज दिनांक को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।


जारी दिनांक-02.09.2026, पेशी दिनांक-05.10.2026

**तहसीलदार बोड़ला,**
**जिला-कबीरधाम**

जी- 262703380/1

# गणेशोत्सव की भक्ति लहर में सराबोर संस्कारधानी, अमरनाथ झांकी बनी आकर्षण का केंद्र

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी राजनांदगांव इन दिनों गणेशोत्सव की भक्ति और उल्लास में सराबोर है। शहर के अलग-अलग हिस्सों में सजे गणेश पंडाल श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रहे हैं। सहदेव नगर स्थित श्री सेवा समिति का गणेश पंडाल इस बार अपनी भव्य सजावट, आकर्षक विद्युत रोशनी और अमरनाथ दर्शन की स्थल झांकी के कारण विशेष चर्चा में है। यहां सुबह से देर रात तक श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है और दर्शक झांकी की जमकर सराहना कर रहे हैं।



### 44 वर्षों से चली आ रही परंपरा

श्री सेवा समिति द्वारा पिछले 44 वर्षों से लगातार गणेश उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। समिति वर्षभर विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों के माध्यम से लोगों को जोड़ने का कार्य करती है। हनुमान जयंती, महाशिवरात्रि, भागवत कथा सहित अन्य धार्मिक आयोजनों के बाद गणेश चतुर्थी के अवसर पर भी समिति द्वारा भव्य गणेश प्रतिमा की स्थापना और आकर्षक स्थल झांकी का निर्माण किया जाता है।

### अमरनाथ दर्शन की झांकी बनी खास आकर्षण

इस वर्ष समिति ने अमरनाथ धाम के दर्शन पर आधारित झांकी तैयार की है। झांकी में धार्मिक वातावरण और अमरनाथ यात्रा की झलक प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है। भगवान श्री गणेश की भव्य प्रतिमा के साथ तैयार यह झांकी श्रद्धालुओं को विशेष रूप से आकर्षित कर रही है। बच्चे, महिलाएं, युवा और बुजुर्ग परिवार सहित पहुंचकर झांकी का अवलोकन कर रहे हैं।

### कोलकाता के कारीगरों ने एक माह से अधिक समय तक की मेहनत

पंडाल की भव्यता के पीछे कोलकाता से आए कारीगरों की मेहनत भी देखने को मिल रही है। समिति के अनुसार कोलकाता के कारीगरों ने एक माह से अधिक समय तक मेहनत कर गणेश पंडाल को आकर्षक स्वरूप प्रदान किया है। रंग-बिरंगी रोशनी, सजावट और पंडाल की बनावट लोगों को अपनी ओर खींच रही है। पंडाल में प्रवेश करते ही श्रद्धालुओं को भक्ति और उत्सव का अलग ही माहौल देखने को मिलता है।

### बच्चों से लेकर महिलाओं तक के लिए व्यवस्था

समिति ने केवल धार्मिक आयोजन तक सीमित न रहते हुए पूरे परिवार के लिए बेहतर वातावरण तैयार करने का प्रयास किया है। पंडाल के बाहर बच्चों के लिए झूले और मनोरंजन के साधन लगाए गए हैं। वहीं खान-पान के विभिन्न स्टॉल तथा महिलाओं और परिवारों के लिए उपयोगी सामग्री के स्टॉल भी आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। इसके चलते शाम होते ही यहां लोगों की भीड़ और बढ़ जाती है।

### अध्यक्ष वीरेंद्र चौहान ने कहा की आस्था के साथ अच्छा माहौल देना उद्देश्य

श्री सेवा समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र चौहान ने बताया कि समिति पिछले 44 वर्षों से गणेश उत्सव की परंपरा को आगे बढ़ा रही है। वर्षभर हनुमान जयंती, महाशिवरात्रि, भागवत कथा सहित विभिन्न धार्मिक आयोजन किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि गणेश उत्सव के माध्यम से भी लोगों को आस्था के साथ एक अच्छा और सकारात्मक माहौल देने का प्रयास किया गया है। उन्होंने बताया कि पंडाल और झांकी को आकर्षक स्वरूप देने के लिए कोलकाता के कारीगरों ने एक माह से अधिक समय तक मेहनत की है। उनका उद्देश्य है कि श्रद्धालुओं को भगवान श्री गणेश के दर्शन के साथ धार्मिक, सांस्कृतिक और पारिवारिक उत्सव का अनुभव भी मिले। गणेशोत्सव के बीच सहदेव नगर का श्री सेवा समिति का यह पंडाल इन दिनों आस्था, भक्ति, संस्कृति और मनोरंजन के संगम के रूप में लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। बढ़ती भीड़ और दर्शकों की सराहना से साफ है कि इस वर्ष का आयोजन शहरवासियों के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

# साइबर ठगी की रकम खपाने म्यूल खाता देने वाला दबोचा, 5.41 लाख का हुआ था अवैध लेनदेन



राजनांदगांव (दावा)। साइबर अपराधों में ठगी की रकम इधर-उधर करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले 'म्यूल बैंक खातों' (किराए के खातों) पर राजनांदगांव पुलिस ने शिकंजा कस दिया है। सिटी कोतवाली पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 5 लाख 41 हजार 99 रुपये की ठगी का अवैध लेनदेन कराने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी कमीशन के लालच में साइबर ठगों को अपना खाता मुहैया कराता था। न्यायालय में पेशी के बाद उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

### समन्वय पोर्टल से खुला राज

पुलिस के अनुसार, केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा संचालित भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र के समन्वय पोर्टल से संदिग्ध बैंक खातों के इनपुट मिले थे। तकनीकी विश्लेषण से सामने आया कि ठगी की रकम को खपाने और लेयरिंग (घुमाने) के लिए इन खातों का उपयोग किया जा रहा था। खाताधारक सब कुछ जानते हुए भी सिर्फ चंद रुपयों के कमीशन के चक्कर में शातिर ठगों को बैंक विवरण उपलब्ध करा रहे थे।

### लखोली अटल आवास से गिरफ्तारी

कोतवाली पुलिस ने बीएनएस की धारा 317(4), 317(5) व 3(5) के तहत मामला दर्ज कर मुरूम खदान लखोली अटल आवास निवासी आरोपी दीपक शर्मा (58 वर्ष, पिता स्व. मुरलीधर शर्मा) को हिरासत में लिया। पूछताछ में जुर्म स्वीकार करने के बाद उसे विधिवत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। मामले से जुड़े अन्य संदेही नेटवर्क की तलाश जारी है।

### क्या है म्यूल अकाउंट?

साइबर ठग आम लोगों को कमीशन का लालच देकर उनके खाते हासिल करते हैं और उनमें ठगी गई रकम जमा करवाकर तुरंत निकाल या अन्यत्र ट्रांसफर कर लेते हैं। ऐसे खातों को म्यूल अकाउंट कहा जाता है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी अनजान व्यक्ति के झांसे में आकर अपनी पासबुक, चेकबुक, एटीएम कार्ड या सिम किसी को न दें। गेमिंग, ऑनलाइन सट्टा, फर्जी ट्रेडिंग या डिजिटल अरेस्ट जैसे अपराधों में प्रयुक्त खातों के धारक को भी साइबर ठगों का सह-आरोपी मानकर जेल भेजा जाएगा।

# गणेश विसर्जन झांकी मार्ग में प्रतिबंध न लगे, दोनों मार्ग खुले रखें : भक्तगण संस्कारधानी

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी राजनांदगांव में आगामी गणेश विसर्जन झांकियों के सुगम संचालन और यातायात व्यवस्था को लेकर भक्तगण संस्कारधानी ने जिला एवं पुलिस प्रशासन से महत्वपूर्ण मांग की है। संगठन ने आग्रह किया है कि विसर्जन पर्व के दौरान भारत माता चौक से तिरंगा चौक (कामठी लाइन मार्ग) तथा भारत माता चौक से महेश पथ-गंज चौक होते हुए नंदई-मोहरा विसर्जन स्थल तक जाने वाले दोनों प्रमुख मार्गों को खुला रखा जाए, ताकि समितियों को अपनी सुविधा और परिस्थिति के अनुसार मार्ग चयन का विकल्प मिल सके।

**भारत माता चौक से तिरंगा चौक व महेश पथ-गंज चौक मार्ग खुले रखने की मांग, समितियों को मिले रूट चयन की स्वतंत्रता**

### संकरे मार्गों पर दबाव कम करने की रणनीति

भक्तगण संस्कारधानी के प्रतिनिधि राजू डागा ने बताया कि वर्तमान में प्रस्तावित पारंपरिक झांकी मार्ग महाकाल चौक व आजाद चौक से भारत माता चौक होते हुए कामठी लाइन, सुरजन गली और रामाधीन मार्ग से तिरंगा चौक तक जाता है। यह मार्ग अपेक्षाकृत संकरा है और इसमें कई तीखे मोड़ हैं। बड़ी व स्वचालित झांकियों के एक साथ इस मार्ग से गुजरने पर भारी जाम और अव्यवस्था की स्थिति बनने की आशंका बनी रहती है। इसके विपरीत, भारत माता चौक से सीधे महेश पथ, गंज चौक होते हुए नंदई और मोहरा विसर्जन स्थल की ओर जाने वाला मार्ग अपेक्षाकृत काफी चौड़ा और सुगम है। इस मार्ग पर डिवाइडर युक्त चौड़ी सड़कें हैं तथा गंज चौक व नंदई चौक से बसंतपुर बाईपास की ओर जाने के लिए सुगम वैकल्पिक रास्ते भी उपलब्ध हैं।

### झांकी के आकार व सुविधा अनुसार रूट चुनने की मिले छूट

भक्तगण संस्कारधानी की मांग है कि किसी एक मार्ग पर जबरन प्रतिबंध लगाने के बजाय दोनों रास्तों को खुला रखा जाए। जो समितियां कामठी लाइन वाले पारंपरिक मार्ग से जाना चाहती हैं, वे उस मार्ग का उपयोग करें। जिन समितियों की झांकियां बड़ी हैं और वे सीधे महेश पथ-गंज चौक मार्ग से नंदई या मोहरा विसर्जन स्थल जाना चाहती हैं, उन्हें उस मार्ग से जाने की अनुमति दी जाए। प्रतिनिधियों का कहना है कि दोनों मार्ग खुले रहने से झांकियों व जनसैलाब का दबाव दो हिस्सों में बंट जाएगा। जिससे भगदड़ या जाम की स्थिति नहीं बनेगी और पुलिस-प्रशासन को भी कानून-व्यवस्था संभालने में सहूलियत होगी।

### प्रशासन से व्यावहारिक निर्णय लेने की अपील

संगठन ने प्रशासन से आग्रह किया है कि संस्कारधानी के इस ऐतिहासिक और विशाल धार्मिक उत्सव को ध्यान में रखते हुए व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाया जाए और अनावश्यक प्रतिबंध लगाने से बचा जाए। इस मांग का समर्थन करने वालों में राजू डागा, भावेश अग्रवाल, संजय लड्ढा, सागर चितलांगिया, अशोक पांडे, संजय तेजवानी, अमित खंडेलवाल, सूरज बुद्धदेव, लक्ष्मण लोहिया, विजय राय, आलोक बिंदल, प्रतीक अग्रवाल, राजेश जैन, राहुल जायसवाल, प्रकाश कांकरिया एवं राजेंद्र जैन सहित भक्तगण संस्कारधानी के अनेक सदस्य व श्रद्धालु शामिल हैं।

# युगांतर में 'सपनों का भारत' विषय पर राष्ट्रव्यापी भाषण व चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय युगांतर पब्लिक स्कूल में 25 करोड़ बच्चों के सपनों का भारत विषय पर राष्ट्रव्यापी भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता का गरिमामय आयोजन संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता, बौद्धिक क्षमता और कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।



**विद्यार्थियों ने कला और विचारों से गढ़ा नए भारत का स्वरूप, 17 सितंबर से 7 अक्टूबर तक चलेंगी विभिन्न स्पर्धाएं**

### भाषण स्पर्धा में निधि जांगड़े और चित्रकला में लता रहीं अव्वल

भाषण प्रतियोगिता में कुल 20 विद्यार्थियों ने नए भारत के निर्माण और अपने विज़न को मंच से प्रस्तुत किया। स्पर्धा में उत्कृष्ट वकृत्व कला का प्रदर्शन करते हुए निधि जांगड़े ने प्रथम, चाँदनी ने द्वितीय तथा रैनी जैन व सौम्या वर्मा ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं चित्रकला प्रतियोगिता में 43 विद्यार्थियों ने रंगों के माध्यम से विकसित भारत की परिकल्पना को कैनवास पर उतारा। इसमें लता ने प्रथम, सृष्टि गजभिए ने द्वितीय और कान्हा बघेल ने तृतीय स्थान हासिल किया।

### नौनिहाल ही बनाएंगे मजबूत व नया भारत : मधुसूदन यादव


आयोजन अवसर पर नगर निगम के पूर्व महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि देश के 25 करोड़ बच्चों के सपनों को साकार रूप देना ही इस राष्ट्रव्यापी पहल का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 25 वर्षों की निरंतर जनसेवा और विकसित भारत का संकल्प देश के नवनिर्माण की दिशा तय कर रहा है। नई पीढ़ी इस संकल्प से जुड़कर निश्चित रूप से एक सशक्त और आत्मनिर्भर राष्ट्र का निर्माण करेगी। सपनों का भारत के सह-संयोजक रणविजय प्रताप सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्र अपने सपनों को केवल कल्पना तक सीमित न रखें, बल्कि कठिन परिश्रम और लगन के बल पर उन्हें यथार्थ के धरातल पर साकार करें।

### 7 अक्टूबर तक आयोजित होंगी विविध स्पर्धाएं : सुशील कोठारी

विद्यालय के निदेशक (अकादमिक) सुशील कोठारी ने बताया कि प्रधानमंत्री के सेवा व समर्पण संकल्प के तहत विद्यालय में 17 सितंबर से 7 अक्टूबर तक विविध बौद्धिक और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं की श्रृंखला आयोजित की जा रही है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य पर केंद्रित होकर अध्ययन करना चाहिए। क्योंकि लगन और अनुशासन से ही सपनों के भारत की परिकल्पना व्यावहारिक रूप ले सकती है। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त जी.आर. मरकाम, विद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन नायर, वाईस चेयरमैन अखराज कोटड़िया, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, सह-संयोजक रणविजय प्रताप सिंह, भावेश बैद, जनपद अध्यक्ष रमेश चन्द्राकर (पप्पू), सुंदरा सरपंच हितेंद्र साहू, पूर्व विधायक व संयोजक विनोद खाण्डेकर, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल, तरुण लहरवानी एवं रोहित चन्द्राकर सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं व विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# 104वें वर्ष में सुमति मंडल की ऐतिहासिक झांकी : कामठी लाईन से निकलेगी महाप्रभु जगन्नाथ के भव्य रथ और जीवन गाथा की जीवंत झांकी

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी की गौरवशाली और समृद्ध परंपरा को आगे बढ़ाते हुए कामठी लाइन स्थित सुमति मंडल अपने गौरवमयी 104वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है। वर्ष 1922 में स्थापित यह ऐतिहासिक मंडल गणेशोत्सव के विसर्जन अवसर पर इस वर्ष भगवान श्री महाप्रभु जगन्नाथ जी की अलौकिक व मनोहारी झांकी प्रस्तुत करने जा रहा है। जो नगर की विसर्जन शोभायात्रा में मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगी। मंडल अध्यक्ष निलेश शुक्ला ने बताया कि इस वर्ष झांकी की पूरी थीम महाप्रभु श्री जगन्नाथ जी पर आधारित है। झांकी को महाप्रभु के पावन रथ, उनकी उत्पत्ति की पौराणिक गाथा एवं भव्य मंदिर के स्वरूप के अनुरूप अत्यंत भव्यता के साथ तैयार किया जा रहा है। इसमें स्थापित की जाने वाली भगवान जगन्नाथ जी की विशाल एवं मनोहारी प्रतिमा श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण होगी।




झांकी की सबसे बड़ी खासियत इसका जीवंत तकनीकी स्वरूप है। झांकी में शामिल लगभग सभी मुख्य प्रतिमाओं में आधुनिक व आकर्षक मूवमेंट (गतिशीलता) की व्यवस्था की गई है, जिससे सभी धार्मिक दृश्य सजीव प्रतीत होंगे। महाप्रभु जगन्नाथ के प्राकट्य और उनकी जीवन गाथा से जुड़े विभिन्न प्रसंगों को सुंदर कलाकृतियों के माध्यम से प्रस्तुत किया जा रहा है। जिससे दर्शकों को भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिकता की अनूठी झलक देखने को मिलेगी। एक सदी से अधिक समय से धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों में अग्रणी भूमिका निभा रहा सुमति मंडल इस ऐतिहासिक झांकी को अंतिम रूप देने में जुटा है। आयोजन को भव्यता प्रदान करने के लिए मंडल अध्यक्ष निलेश शुक्ला, झांकी प्रभारी विनय चौरड़ीया, रक्षित अग्रवाल, सूरज सोनी सहित मंडल के सभी पदाधिकारी व सदस्य सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं।

# आज शाम पेयजल आपूर्ति बाधित

राजनांदगांव (दावा)। बारिश में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने नगर निगम द्वारा सभी टंकियो की सफाई कराई जा रही है। इसी कडी में राजनांदगांव क्षेत्रांतर्गत टांकाघर नया आस.सी.सी. टंकी (क्षमता 15.00 लाख लीटर) की सफाई कार्य किया जाना है, जिसके कारण टांकाघर नया आर.सीसी. टंकी (क्षमता 15.00 लाख लीटर) स्थित उच्च स्तरीय जलागार नहीं भर पायेगा। इस वजह से टांकाघर नया आर.सी.सी. टंकी से कल दिनांक 22 सितम्बर 2026 दिन मंगलवार को शाम के समय पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी।

पानी टंकी सफाई के संबंध में नगर निगम आयुक्त श्री जी.आर. मरकाम ने बताया कि बारिश में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने महापौर श्री मधुसूदन यादव के निर्देशानुसार शहर की सभी पानी टंकियो की सफाई कराई जा रही है। इसी कड़ी में कल दिनांक 22 सितम्बर मंगलवार को टांकाघर नया आर.सी.सी. टंकी की सफाई की जानी है। सफाई करने के कारण उक्त टंकी नहीं भर पाईगी, जिससे शाम के समय की सप्लाई बाधित होगी।

आयुक्त ने बताया कि टांकाघर नया आर.सी.सी. टंकी (क्षमता 15.00 लाख लीटर) सप्लाई क्षेत्र टांकापारा, जी.ई. रोड़, पुराना सिविल लाईन, सारंगपानी चाल, बल्देवबाग, पुराना रेस्ट हाउस, स्टेशनपारा वार्ड नं. 14 में 22 सितम्बर मंगलवार की शाम को पेयजल सप्लाई बाधित रहेगी, 23 सितम्बर बुधवार को सुबह समय में पेयजल सप्लाई यथावत होगी। उन्होंने नागरिकों से असुविधा के लिये खेद व्यक्त करते हुये सहयोग करने की अपील की है। उक्त टंकी की पूर्व में 15 जनवरी को सफाई कराई गयी थी।

# डोंगरगढ़ में मां बमलेश्वरी मंदिर परिसर के शिव मंदिर में मिली बुजुर्ग महिला की लाश; सनसनी

डोंगरगढ़ (दावा)। प्रसिद्ध धार्मिक स्थल मां बमलेश्वरी मंदिर परिसर स्थित शिव मंदिर के पास एक बुजुर्ग महिला का शव मिलने से हड़कंप मच गया। घटना के बाद मंदिर परिसर में दर्शन के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मृतका मंदिर परिसर में ही पूजा-पाठ के लिए फूल और प्रसाद बेचने का कार्य करती थी। सुबह जब लोगों ने महिला को अचेत अवस्था में देखा, तो तुरंत इसकी सूचना पुलिस और मंदिर प्रशासन को दी।घटना की जानकारी मिलते ही डोंगरगढ़ पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। महिला की मृत्यु स्वाभाविक कारणों से हुई है या इसके पीछे कोई अन्य वजह है,



इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। पुलिस मामले के हर पहलू की गहनता से जांच कर रही है।

### जिले के लिए स्थानीय अवकाश घोषित

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने सामान्य पुस्तक परिपत्र में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कैलेण्डर वर्ष 2026 में राजनांदगांव जिले के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किया है। जिसके अनुसार 5 सितंबर को गोविंदा उत्सव के लिए केवल डोंगरगढ़ तहसील में एवं 25 सितंबर को अनंत चतुर्दशी के लिए डोंगरगढ़ तहसील को छोड़कर संपूर्ण जिले में तथा 19 अक्टूबर को दशहरा (महाअष्ठमी) एवं 11 नवंबर को भाई दूज (दीपावली) के लिए संपूर्ण जिले में स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। घोषित स्थानीय अवकाश बैंकों एवं कोषालयों पर लागू नहीं होगा।

# आज दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदान करने परिवर्तित स्थल आडिटोरियम में शिविर

राजनांदगांव (दावा)। जिला कार्यालय समाज कल्याण जिला राजनांदगांव द्वारा भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के अधीन तथा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम, राष्ट्रीय क्योश्री योजना और योजना के अंतर्गत निकाय क्षेत्र के दिव्यांगजनों/वरिष्ठजनों को जीवन सहायक उपकरण प्रदाय करने हेतु मुल्यांकन शिविर का आयोजन 22 सितम्बर 2026 दिन मंगलवार को प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक गांधी सभागृह राजनांदगांव में आयोजित किया जाना था, जिसके स्थल को परिवर्तित कर अब पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर आडिटोरियम में जनपद पंचायत राजनांदगांव एवं नगर निगम क्षेत्र राजनांदगांव के दिव्यांग जनों के लिए मूल्यांकन शिविर का आयोजित किया गया है। जिसमें आवश्यकता अनुसार निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण 40 प्रतिशत से उपर के दिव्यांग जनों को उपलब्ध कराने हेतु चिन्हांकित किया जावेगा।

महापौर मधुसूदन यादव ने दिव्यागजनों से शिविर का लाभ लेकर सहायक उपकरण प्राप्त करने की अपील की है वही निगम आयुक्त जी.आर. मरकाम ने कहा कि ऐसे वरिष्ठजन जिनकी मासिक आय प्रमाण पत्र 14500 रू. प्रतिमाह से कम हो का प्रमाण पत्र तथा अपने साथ निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नंबर, आधार कार्ड की छायाप्रति, पास पोर्ट साइज फोटो अनिवार्य रूप से लाकर शिविर स्थल पर उपस्थित होना सूनिश्चित करें। जिन्हें सहायक उपकरण में व्हील चेयर,व्हील चेयर कमोड,स्टूल विथ कमोड, वर्किंग स्टीक, बैसाखी 3साइज, टेट्रापेड, फोल्डिंग वाकर सरवाइकल कालर, श्रवण यंत्र, स्पाइनल स्पोर्ट, फुट केयर किट, वनी ब्रेस, पॉलिमर जेल, एल एस बेल्ट, वाकर फोल्डिंग, चस्मा आदि सहायक उपकरण उपलब्ध कराया जायेगा।

आयुक्त श्री मरकाम ने बताया कि इसी प्रकार दिव्यांगजन जिनकी मासिक आय 14500 रू. प्रतिमाह से कम हो का प्रमाण पत्र तथा दिव्यंगता प्रमाण पत्र यू डी आई डी कार्ड, आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नंबर, आधारकार्ड, निवास प्रमाण पत्र, दिव्यांग फोटो पास पोर्ट साइज अनिवार्य रूप से लाकर शिविर स्थल पर उपस्थित होना सूनिश्चित करें। जिन्हें ट्रायसायकल, फोल्डिंग व्हील चेयर, मोटराइज्ड ट्राय सायकल, बैसाखी कोहनी साइज एवम बैसाखी छोटा मीडियम बड़ा, वार्किंक स्टीक, ब्रेलकेन फोल्डिंग, ब्रेल किट, रोलेटर 2साइज, श्रवण यंत्र, सी पी चेयर, लेप्रोसी शू, मोबाइल फोन, सुगम्य केन, टी एल एम किट, कैलिपर्स, जॉय स्टीक व्हील चेयर आदि सहायक उपकरण प्रदान किया जायेगा। साथ ही मोटराइज्ड ट्राय सायकल हेतु 80 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता होनी चाहिए। उन्होंने पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर आडिटोरियम में आज 22 सितम्बर मंगलवार को उपस्थित होकर सहायक उपकरण प्राप्त करने की अपील की है।

# प्रधान पाठक शा.प्राथमिक शाला मलईडबरी और कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी डोंगरगढ़ के सहायक ग्रेड-03 निलंबित

राजनांदगांव (दावा)। जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास कुमार सिंह बघेल ने प्राप्त जांच प्रतिवेदन के आधार पर डोंगरगांव विकासखंड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला मलईडबरी के प्रधान पाठक रणजीत लाल धुर्वे एवं कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी डोंगरगढ़ में पदस्थ सहायक ग्रेड-03 संतोष कुमार यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार विकासखंड शिक्षा अधिकारी डोंगरगांव से शासकीय प्राथमिक शाला मलईडबरी के प्रधान पाठक रणजीत लाल धुर्वे के विरूद्ध प्राप्त जांच प्रतिवेदन में 15 सितम्बर 2026 को शराब लेकर शाला में उपस्थित होना, संकुल प्राचार्य एवं संकुल समन्वयक द्वारा ग्रामीणों की उपस्थिति में घटना की सत्यता की पुष्टि होना, संबंधित से जानकारी लेने पर रिश्तेदार द्वारा शराब रखना स्वीकार करना, संबंधित के रिश्तेदार से बात करने पर शराब रखे जाने के संबंध में अनभिज्ञता जाहिर करना पाया गया है। यह कृत्य रणजीत लाल धुर्वे के पदीय कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही, शिक्षकीय गरिमा के विपरीत, अनुशासनहीनता एवं स्वेच्छाचारिता को प्रदर्शित करता है, जो कदाचरण की श्रेणी में आता है। साथ ही यह कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3 के विपरित है। इस कृत्य के कारण छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 के तहत प्रधान पाठक रणजीत लाल धुर्वे को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन के दौरान उनका मुख्यालय कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव नियत किया गया है।

इसी तरह विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी डोंगरगढ़ से कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी डोंगरगढ़ में पदस्थ सहायक ग्रेड-03 संतोष कुमार यादव के विरूद्ध प्राप्त जांच प्रतिवेदन में कार्यालयीन अनुशासन एवं शासकीय सेवक के आचरण के अनुरूप व्यवहार नहीं किये जाने के संबंध में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी डोंगरगढ़ द्वारा समय-समय पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर समझाइस एवं निर्देश देने, अनेक बार शराब का सेवन कर कार्यालय में उपस्थित होकर अवकाश आवेदन प्रस्तुत करने, कार्यालय स्टॉफ के साथ अभद्र व्यवहार एवं अपशब्द व गाली-गलौज करने इसके अतिरिक्त अनेक बार बिना पूर्व सूचना के कार्यालय से अनुपस्थित रहने, अनेक बार कारण बताओ सूचना पत्र जारी किये जाने के बावजूद भी अपने व्यवहार में सुधार नहीं लाना पाया गया है। यह कृत्य पदीय कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही, अनुशासनहीनता एवं स्वेच्छाचारिता को प्रदर्शित करता है, जो कदाचरण की श्रेणी में आता है। यह कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3 के विपरित है। इन कृत्य के कारण छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 के तहत सहायक ग्रेड 03 संतोष कुमार यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन के दौरान उनका मुख्यालय कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी डोंगरगांव नियत किया गया है।

## अनमोल 'दावा'

**"गलती भूल जाओ मगर उस गलती से सीखा हुआ सबक हमेशा याद रखो।**

## पश्चिम बंगाल का विचित्र राजनीतिक नाटक

पश्चिम बंगाल में राजनीति लगातार विचित्र होती जा रही है। 6 अक्टूबर को होने वाले दो विधानसभा उपचुनावों के नतीजों से भाजपा सरकार की स्थिरता पर असर पड़ने की संभावना नहीं है। फिर भी, नंदीग्राम और रेजीनगर में मुकाबलों को ऐसे माना जा रहा है मानो वे सुवेंदु अधिकारी सरकार के भाग्य का निर्धारण करेंगे।

ऐसी राजनीतिक तीव्रता में कुछ भी गलत नहीं होता अगर सत्तारूढ़ भाजपा और विपक्षी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी), भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और वाम मोर्चा ने चुनावों को गंभीरता से लिया होता और जीतने के अपने प्रयासों में कोई कसर नहीं छोड़ी होती। चुनाव सरकारों की लोकप्रियता और उनके विरोधियों की विश्वसनीयता का परीक्षण करने के लिए होते हैं। भाजपा यह दिखाने के लिए मजबूर हो गई होगी कि उसने पिछले चुनाव के दौरान किए गए वादे पूरे कर दिए हैं।

बदले में, विपक्ष को यह स्थापित करना होगा कि अधिकारी सरकार शासन करने में विफल रही थी और उसने सेरामपुर कॉलेज जैसे संस्थानों पर हमला करने वाले स्व-नियुक्त निगरानीकर्ताओं को प्रोत्साहित किया था, जिसने उन्नीसवीं शताब्दी की शुरुआत में सार्वभौमिक शिक्षा की अवधारणा को आगे बढ़ाया था। दुर्भाग्य से, सत्तारूढ़ दल उन तरीकों पर भरोसा करता दिख रहा है जो चुनावी मुकाबले की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हैं। नंदीग्राम अधिकारी ने जीता था, जिन्हें दो निर्वाचन क्षेत्रों से जीतने के बाद सीट खाली करनी पड़ी थी। नंदीग्राम में हार से भाजपा की चुनावी जीत की चमक कम हो जाएगी। कथित तौर पर दबाव ने ममता बनर्जी के उम्मीदवार को नाम वापस लेने के लिए मजबूर किया, जिससे उनकी पार्टी को कांग्रेस उम्मीदवार मिलन प्रधान का समर्थन करना पड़ा। लगभग दो दशक पुराने लंबित मामले में प्रधान की गिरफ्तारी ने अनिवार्य रूप से कार्रवाई के समय और उद्देश्य पर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस समय किसी विपक्षी उम्मीदवार को गिरफ्तार करना विशेष रूप से सावधानीपूर्वक जांच की मांग करता है। कानूनी कार्यवाही चुनावी नतीजों को प्रभावित करने का साधन नहीं बननी चाहिए। पड़ोसी राज्य बिहार के साथ विरोधाभास, जहां मुख्यमंत्री से जुड़े एक पुराने मामले में निष्क्रियता ने उन्हें सत्ता में बने रहने में सक्षम बनाया है, कानून के चयनात्मक अनुप्रयोग की धारणा को जोड़ता है। ये दोनों स्थितियाँ राजनीतिक सुविधा के बजाय अपने तथ्यों के आधार पर जाँचने लायक हैं।

रेजीनगर में, टीएमसी उम्मीदवार रबीउल आलम चौधरी ने पहले अपनी वापसी की घोषणा की और फिर कुछ ही घंटों में फैसले को पलट दिया। पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा सामना किए जा रहे दबावों के उनके विवरण ने उन परिस्थितियों के बारे में चिंताएं बढ़ा दी हैं जिनमें चुनाव कराए जा रहे हैं। बनर्जी के पास चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाने का भी आधार है। टीएमसी के नाम और परिचित फूलों और घास के प्रतीक को फ्रीज करने के उसके अंतरिम निर्णय ने एक असामान्य स्थिति पैदा कर दी है। यह विवाद अब सुप्रीम कोर्ट के समक्ष है। मतदाता सूची पर विवाद एक और आयाम जोड़ता है। यह दावा कि हटाए गए 27 लाख नामों में से 22 लाख को चुनौती दी गई है, सत्यापन की आवश्यकता है, लेकिन यह पारदर्शी प्रक्रियाओं की आवश्यकता पर प्रकाश डालता है। पश्चिम बंगाल ऐसे चुनाव का हकदार है जिसमें मतदाता बिना किसी डर के भाग ले सकें और फैसला लोगों का है, न कि इसके आसपास की मशीनरी को नियंत्रित करने वालों का।

# उम्र बीत जाती है अदालती फैसले की तलाश में

**मनोज कुमार अग्रवाल**



हालांकि देश में कानून का, संविधान का शासन है लेकिन यह कैसी कानून व्यवस्था है जिसमें न्याय पाने की लालसा में जिन्दगी बीत जाती है लेकिन न्याय नहीं मिलता है। कहा जाता है कि देर से मिलने वाला न्याय, न्याय न मिलने के बराबर है। लेकिन देश की अदालती प्रक्रिया इस तरह जटिल और दुरूह है कि लोग अदालतों के चक्कर लगाते जीवन के बहुमूल्य समय को बर्बाद कर देते हैं और जब अदालत से न्याय मिलता है, तब बहुत देर हो चुकी होती है। भारत की अदालतों में इस समय लगभग 5.86 करोड़ से अधिक मामले लंबित (पेंडिंग) हैं। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार जिला व निचली अदालतों में सबसे अधिक करीब 5.2 करोड़ मामले लंबित हैं। उच्च न्यायालयों में लगभग 64.97 लाख मामले लंबित हैं। सर्वोच्च न्यायालय में लगभग 95,000 मामले लंबित हैं। मुकदमों के लंबित होने के मुख्य कारण न्यायाधीशों की कमी होना भी है। देश में प्रति 10 लाख लोगों पर केवल 21 जज हैं, जबकि विधि आयोग ने 50 जजों की सिफारिश की थी।

सरकार खुद बड़ी वादी है। कुल लंबित मामलों में से लगभग 50 फीसद मामलों में सरकार खुद एक पक्ष या वादी है। लगभग 20 फीसद मामले जमीन और संपत्ति के विवादों से जुड़े हैं। प्रक्रियागत देरी भी एक बड़ी समस्या है। बार-बार तारीखें लेना, कागजी कार्रवाई में देरी और पुराने तौर-तरीके में कोई बदलाव नहीं आया है।

आज देश में पीड़ितों को न्याय के इंतजार में वर्षों लग रहे हैं और अदालतों में जारी तारीख पर तारीख के गलत रवैये के चलते मुकद्दमों के लटकते चले जाने के कारण न्याय की प्रतीक्षा में ही लोगों की पूरी जिंदगी बीत रही है ऐसी ही चंद घटनाओं से आपको रूबरू कराते हैं-

4 फरवरी को गुजरात हाई कोर्ट ने नवम्बर, 1996 से लटकते आ रहे 30 वर्ष पुराने एक मामले में पुलिस कांस्टेबल बाबूभाई प्रजापति को एक ट्रक ड्राइवर से 20 रुपयों की रिश्वत लेने के आरोप में बाइज्जत बरी कर दिया। वर्ष 2004 में निचली अदालत ने उसे 4 वर्ष की सजा सुनाई थी जिसके कारण बाबूभाई प्रजापति की नौकरी और पैंशन सब चली गई।

बाबूभाई प्रजापति ने उक्त फैसले के विरुद्ध हाई कोर्ट में न्याय की गुहार लगाई थी। बरी होने के बाद बाबूभाई प्रजापति ने अपने वकील से कहा था, मेरे जीवन से यह कलंक मिट गया, अब यदि भगवान मुझे उठा भी लें तो कोई दुख नहीं। इसे संयोग ही कहा जाएगा कि फैसला आने के अगले ही दिन 5 फरवरी, 2026 को दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हो गया।

5 अप्रैल को दिल्ली हाई कोर्ट ने गवाहों के बयानों में भारी कमियों के दृष्टिगत संदेह का लाभ देते हुए 2 इंजीनियरों वी. के. दत्ता और दिनेश गर्ग को 35 वर्ष पूर्व 20 सितम्बर, 1991 को उन पर लगे 1,800 रुपए रिश्वत मांगने के आरोपों से यह कहते हुए बरी कर दिया कि अभियोजन पक्ष रिश्वत की मांग को साबित करने में नाकाम रहा है। निचली अदालत ने वर्ष 2002 में इन्हें 2 वर्ष कैद की सजा सुनाई थी।

1 जुलाई को लखनऊ की सी.बी.आई. अदालत ने लखनऊ बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष इंद्रदेव सिंह की 8 अगस्त, 2002 को हत्या के लगभग 23 वर्ष बाद फैसला सुनाते हुए विक्रम यादव उर्फ कालिया, पन्ना सिंह और बृजेश यादव को उम्रकैद की सजा सुनाई। सुनवाई के दौरान अन्य आरोपी मन्नालाल, वेद प्रकाश व छोटेलाल मर चुके हैं।' 19 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 1996 के 30 वर्ष पुराने मामले में फैसला सुनाते हुए गुजरात सरकार के 2 कर्मचारियों (1 क्लर्क और 1 चपरासी) को बरी कर दिया क्योंकि उन पर अभियोग पक्ष अपना आरोप सिद्ध न कर सका। इन दोनों पर एक छात्र को वजीफे के लिए आय प्रमाण पत्र जारी करने के बदले में 20 रुपए की रिश्वत लेने का आरोप था और निचली अदालत ने उन्हें एक वर्ष की सजा सुनाई थी।

25 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने डबल मर्डर से जुड़े लगभग 45 वर्ष पुराने मामले में देश की न्यायिक प्रणाली की विफलता पर बेहद सख्त और चिंताजनक टिप्पणी की। निचली अदालत को इस मामले का ट्रायल (सुनवाई) पूरा करने में ही 22 वर्ष लग गए। इसके बाद, जब मामले की अपील की गई, तो झारखंड हाई कोर्ट ने भी अपना फैसला सुनाने में 22 वर्ष का लंबा समय लगा दिया। सुप्रीम कोर्ट ने इस भयंकर देरी को न्यायिक व्यवस्था की विफलता करार देते हुए 70 वर्षीय आरोपी की सजा को सस्पेंड (स्थगित) करते हुए उसे रिहा कर दिया। अदालत ने गौर किया कि 6 आरोपियों में से 2 की मौत आरोप तय होने से पहले ही हो गई थी जबकि दोषी ठहराए गए 4 में से 3 आरोपियों की मौत हाई कोर्ट में ममला लम्बित रहने के दौरान हो गई थी।

1 सितम्बर को सुप्रीम कोर्ट ने इंडियन बैंक के एक पूर्व ब्रांच मैनेजर को वर्ष 1991 से उसके विरुद्ध चल रहे 35 वर्ष पुराने भ्रष्टाचार के मामले में बरी कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने सी.बी.आई. पर कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि उसके लगाए हुए आरोप पूर्णतः मनगढ़ंत पाए गए।

अदालतों पर मुकद्दमों का भारी बोझ होने के चलते न्याय मिलने में विलंब को देखते हुए ही लोगों ने कई मामलों में स्वयं कानून हाथ में लेना शुरू कर दिया है। इसीलिए समय-समय पर अपराधी के शक में लोगों को पकड़ कर बिना सच्चाई जाने ही पीट-पीट कर मार डालने के समाचार तक आने लगे हैं।इस तरह की नौबत न आए इसके लिए जहां देश की छोटी-बड़ी सभी अदालतों में जजों की कमी यथाशीघ्र दूर करने की आवश्यकता है, वहीं अदालतों में न्याय प्रक्रिया को चुस्त तथा और तेज करने की भी जरूरत है। यदि अदालतों में पर्याप्त संख्या में जज ही नहीं होंगे तो फिर भला लोगों को समय पर न्याय किस प्रकार मिल सकता है।

बिना किसी संदेह के, भारतीय अदालतों में मामलों की भारी तादाद में लंबित मामले न्याय व्यवस्था की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। अदालतों में न्यायाधीशों के स्वीकृत पदों में से एक बड़ी संख्या खाली पड़ी रहती है। निचली अदालतों में हजारों पद और उच्च न्यायालयों में सैकड़ों पद लंबे समय से रिक्त हैं क्योंकि भर्ती और नियुक्ति की प्रक्रिया काफी धीमी और जटिल है। बुनियादी ढांचे या निचली अदालतों में कोर्ट हॉल, डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर (जैसे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधाएं) और सहायक कर्मचारियों (जैसे आशुलिपिक और क्लर्क) की भारी कमी है, जिससे दैनिक सुनवाई की गति धीमी हो जाती है। अंतर-विभागीय विवादों और अनावश्यक अपीलों के कारण अदालतों पर बोझ लगातार बढ़ता जाता है। प्रक्रियात्मक कमियां और स्थगन अदालती प्रक्रियाओं में बार-बार मिलने वाली तारीखें , बार-बार की जाने वाली अपीलें, और मुकदमों के प्रबंधन की कुशल प्रणाली न होना मामले को सालों-साल खींचता है। इसके साथ ही मध्यस्थता सुलह और लोक अदालतों जैसे वैकल्पिक विवाद समाधान तंत्रों का देश में अभी भी उतना प्रभावी और व्यापक उपयोग नहीं हो पा रहा है जितना होना चाहिए ताकि छोटे मामलों को कोर्ट से बाहर ही सुलझाया जा सके। इस संकट से निपटने के लिए हाल ही में सुप्रीम कोर्ट द्वारा पुराने मामलों को तेजी से निपटाने के लिए विशेष बेंचों का गठन करने जैसे कदम उठाए गए हैं। साथ ही, सरकार द्वारा भर्ती प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए अखिल भारतीय न्यायिक सेवा की स्थापना का प्रस्ताव भी विचाराधीन है। (हिफी)

# क्या हर व्यक्ति कर सकता है अंगदान?




अंगदान को जीवन बचाने वाला सबसे बड़ा दान माना जाता है, लेकिन क्या हर व्यक्ति अंगदान कर सकता है? आज हम इसी सवाल के बारे में डिटेल में बात करेंगे। दरअसल, अंगदान के लिए केवल इच्छा जताना ही पर्याप्त नहीं होता, बल्कि दानदाता की उम्र, स्वास्थ्य और मेडिकल फिटनेस की भी जांच की जाती है। खासतौर पर जीवित व्यक्ति द्वारा किडनी या लिवर का हिस्सा दान करने के मामले में डॉक्टर कई तरह की जांच करते हैं। अंतिम फैसला विशेषज्ञों की पूरी मेडिकल जांच के बाद होता है।

जीवित अंगदान के मामले में दानदाता की उम्र कम से कम 18 वर्ष होनी चाहिए। 18 वर्ष से कम उम्र का व्यक्ति जीवित अंगदाता के रूप में अंगदान नहीं कर सकता। 18 से 21 वर्ष की उम्र को किडनी डोनेशन में विशेष मूल्यांकन वाली स्थिति माना जाता है। वहीं अधिक उम्र के व्यक्ति भी कुछ परिस्थितियों में संभावित दाता हो सकते हैं, लेकिन उनकी मेडिकल स्थिति, अंगों की कार्यक्षमता और अन्य बीमारियों का विस्तृत मूल्यांकन किया जाता है। मृत्यु के बाद अंगदान के नियम अलग होते हैं। मृत व्यक्ति की अंगदान के लिए मेडिकल उपयुक्तता उसकी मृत्यु के समय निर्धारित की जाती है। उम्र अपने आप में अंगदान की पूर्ण बाधा नहीं है। अलग-अलग अंगों और ऊतकों की उपयुक्तता मेडिकल टीम तय करती है।

अंगदान के लिए BMI की कोई एक सार्वभौमिक सीमा नहीं है। यह इस बात पर निर्भर करता है कि कौन सा अंग दान किया जा रहा है और दानदाता की पूरी स्वास्थ्य स्थिति कैसी है। हालांकि जीवित किडनी दान के लिए BMI 35 किग्रा/वर्ग मीटर से अधिक को पूर्ण निषेध की श्रेणी में रखा गया है। BMI 30 से 35 के बीच होने पर इसे सापेक्ष जोखिम माना जाता है और ऐसे व्यक्ति का मामला व्यक्तिगत मेडिकल मूल्यांकन के आधार पर देखा जा सकता है।

इसलिए केवल BMI देखकर यह तय नहीं किया जा सकता कि कोई व्यक्ति अंगदान कर सकता है या नहीं। डॉक्टर वजन, लंबाई, ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, किडनी की कार्यक्षमता, हृदय की स्थिति और अन्य जरूरी जांचों को भी देखते हैं। अंगदान के लिए ब्लड प्रेशर की एक ऐसी निश्चित संख्या नहीं है जिसे हर व्यक्ति पर लागू किया जाए। खासकर जीवित किडनी दाता के मूल्यांकन में डॉक्टर यह देखते हैं कि व्यक्ति को हाई ब्लड प्रेशर है या नहीं, वह कितनी दवाएं ले रहा है और इससे शरीर के दूसरे अंगों पर कोई नुकसान तो नहीं हुआ है।

किडनी डोनर के मेडिकल मूल्यांकन में 50 वर्ष से कम उम्र के व्यक्ति में हाई ब्लड प्रेशर के साथ अंगों को नुकसान पहुंचने के प्रमाण या तीन या उससे अधिक ब्लड प्रेशर की दवाओं की जरूरत होना अंगदान के लिए बाहर रखने वाली स्थितियों में शामिल हो सकता है। इसलिए केवल एक बार ब्लड प्रेशर बढ़ने से अंगदान की पात्रता तय नहीं होती। डॉक्टर पूरे मेडिकल रिकॉर्ड और जांचों के आधार पर निर्णय लेते हैं।

जीवित किडनी दान के लिए डायबिटीज, गंभीर मोटापा, कुछ हृदय रोग, गंभीर रक्त वाहिका संबंधी बीमारी, कुछ फेफड़ों की बीमारियां और किडनी से जुड़ी समस्याएं महत्वपूर्ण जोखिम मानी जाती हैं। डायबिटीज, BMI 35 से अधिक, कुछ प्रकार के हृदय रोग और अन्य गंभीर स्थितियां अंगदान के लिए बाधा बन सकती हैं। हालांकि हर अंग और हर दानदाता के लिए मानदंड अलग हो सकते हैं। इसलिए अगर कोई व्यक्ति जीवित रहते हुए किडनी या लिवर का हिस्सा दान करना चाहता है, तो उसे ट्रांसप्लांट सेंटर में विशेषज्ञों से पूरा मेडिकल मूल्यांकन कराना चाहिए।

### शब्द सामर्थ्य -167

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :** 1. लज्जत, जायका 2. मुकाबला, भेंट, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल-पात्र, नाटक फिल्म आदि का बुरा पात्र 9. कामी, व्याभिचारी 10. इज्जत जाना, बेइज्जती होना (उपमा) 11. उटपटांग, विचित्र, कठिन 13. वैभव, ठाट-बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे-दरवाजे 20. एक राशि, मगर 22. नभी, सीढ़, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।

**ऊपर से नीचे** 1. आत्मनिर्भर, स्वालंबन भावना से युक्त, स्वाश्रित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुख्यपात्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न ध्वनि, बैर-विरोध, अनबन 8. खीरे की प्रजाति का एक फल 11. बेवकूफ, मूर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मात दूसरे से मिलता हो, 15. दांत, दांत 18. प्राप्ति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. दंगा-फसाद, उपद्रव विप्लव 21. बचाव, सुरक्षा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 166 का हल



## सामायिक चर्चा

### हम क्या कह सकते हैं?

बानी बोले- "गजाधर! आज हमें
आश्चर्यजनक खबर पढ़ने में आ रही है।
सुनिए, प्रदेश में
पिछली कांग्रेस की सरकार ने
गॉव व शहर में
बच्चों को शिक्षित करने के लिए
स्कूल व कालेज खुलवाए;
परन्तु भाजपा सरकार
स्कूलों को बन्द करवा कर
गॉव व शहर में
शराब दुकान खुलवा रही है।
मालूम गजाधर! ये बातें
डौंडी लोहारा विधायक के प्रतिनिधि
पीयुष सोनी ने बतौर मुख्य अतिथि
डौंडी विकासखण्ड के
ग्राम खल्लारी के कार्यक्रम में व्यक्त की है।
गजाधर! मेरी दृष्टि में तो
पीयुष सोनी ने बड़ी गंभीर बात कह दी है।
तो गजाधर! ऐसी विरोध भाषी खबर पर
आप क्या कहते हैं?"
गजाधर मुस्कराए बोले- "बानी!
इस पर हम क्या कह सकते हैं?
और क्या कहेंगे?
इस पर तो भाजपाई ही स्पष्ट
खुलासा करेंगे।"
सोमवार 21 सितम्बर 2026



गिरीश बख्शी

## कविता

### गाय गरूवा के पीरा

तोला दया नई लागे का रे मानव ,
गऊ माता रोये बोंम फार के।
बीच रद्दा म बईठे हावे,
आंखी ले आसू डार के।।
न हमर बार दाना खाना, न कोई ठऊर ठिकाना हे।
गांव गली म हमला मिलथे, सिरिफ गारी बखाना हे।
कतको ल मोटर गाड़ी ह रेतत हे, कतको ल ठेगा मार के,
तोला दया नई लागे का रे मानव, गऊ माता रोये बोंम फार के।
न कहुकर कांदी पेरा, न कहुकर छईहा हे।
गरूआ मन अब गरू होगेन, न कोई हमर पुछईया हे।
कांदी कोला ल घलों भुजंत हे, मनखे मन दवई डार के,
तोला दया नई लागे का रे मानव, गऊ माता रोये बोंम फार के।
जंगल झाड़ी ल घलो काटत हे, नई बाचिंस भाठा परिया।
पेट भरे बर गरवा खाथे, पाऊच, झिल्ली अऊ फरिया ।
कहां जाबोन बेटा कहिथे बछरू ल पोटार के,
तोला दया नई लागे का रे मानव, गऊ माता रोये बोंम फार के।
बांचे खोंचे ल छेक डरिन हे, चैतू पल्लु भईया
कुकुर बिलई सोफा म सुतत हे, रोड़ म भटकत हे गईया।
अब तो चेत करव रे मुरख,
देख लौ आंखी उघार के,
तोला दया नई लागे का रे मानव,
गऊ माता रोये बोंम फार के।।



आनंदराम सार्वा अनंत
कु.बो.भाठागांव

## राशिफल

**मेष** — छठे भाव में बुधादित्य योग बनने से आज कार्यक्षेत्र और सेहत के मामलों में सूझबूझ बढ़ेगी। साझेदारी भाव में शुक्र अपनी राशि में होने से रिश्तों में मिठास रहेगी। चौथे भाव में मंगल-गुरु की युति घर और सुख-सुविधा से जुड़े मामलों में हलचल ला सकती है, गुरु का साथ इसे संतुलित रखेगा। सुबह सवा ग्यारह बजे तक मन भाग्य और धर्म के विषयों में रहेगा, उसके बाद यह करियर और पहचान की सोच में बदल जाएगा।

**वृष राशि** — पंचम भाव में बुधादित्य योग से पढ़ाई और रचनात्मक सोच में आज लाभ मिलेगा। साहस भाव में मंगल-गुरु की युति भाई-बहनों के साथ किसी काम में मेहनत बढ़ाएगी। शत्रु-रोग भाव में शुक्र होने से प्रतिस्पर्धा में बढ़त मिलेगी। सुबह मन गूढ़ और रहस्यमय विषयों में उलझा रहेगा, दोपहर बाद यह भाग्य और यात्रा की सोच की तरफ मुड़ जाएगा।

**मिथुन** — घर-सुख भाव में बुधादित्य योग से घरेलू माहौल में स्पष्टता आएगी। धन-वाणी भाव में मंगल-गुरु की युति मेहनत का फल देगी, बोलने में संयम रखें। पंचम भाव में शुक्र होने से प्रेम-संतान के मामलों में मिठास रहेगी। सुबह मन साझेदारी के विषयों में रहेगा, दोपहर बाद यह गूढ़ और साझा धन के मामलों की तरफ मुड़ेगा।
शुभ अंक : 5 7 शुभ रंग हरा

**कर्क** — कर्क राशिफल, घर व वाहन के मामलों में संतोष मिलेगा मंगल और गुरु आज भी आपके लग्न में विराजमान हैं, व्यक्तित्व में ऊर्जा बनी रहेगी पर अधीरता पर नियंत्रण जरूरी रहेगा। साहस भाव में बुधादित्य योग से बातचीत और तर्कशक्ति तेज रहेगी। सुख भाव में शुक्र होने से घर और वाहन के मामलों में संतोष मिलेगा। सुबह मन कार्यक्षेत्र और सेहत के विषयों में रहेगा।

**सिंह** — आज भी केतु आपके लग्न में बैठे हैं, कभी-कभी अनकहा खालीपन महसूस हो सकता है। धन भाव में बुधादित्य योग से आर्थिक मजबूती मिलेगी। साहस भाव में शुक्र होने से हुनर से जुड़े काम में फायदा मिलेगा। व्यय भाव में मंगल-गुरु की युति से खर्च बढ़ सकता है। सुबह मन संतान और रचनात्मकता के विषयों में रहेगा, दोपहर बाद यह कार्यक्षेत्र और सेहत की सोच में बदल जाएगा।

**कन्या** — कन्या राशिफल, आमदनी में मेहनत का फल मिलेगा। आज भी आपके लग्नेश बुधदेव सूर्यदेव के साथ आपके ही लग्न में बैठे हैं, बुद्धि और आत्मविश्वास चरम पर रहेंगे। धन भाव में शुक्र होने से पैसों में मिठास रहेगी। लाभ भाव में मंगल-गुरु की युति से आमदनी में मेहनत का फल मिलेगा। सुबह मन घर और सुख-सुविधा के विषयों में रहेगा, दोपहर बाद यह संतान और रचनात्मकता की सोच की तरफ मुड़ेगा।

**तुला** — आपके लग्नेश शुक्रदेव आज भी अपनी ही राशि में लग्न में विराजमान हैं, आकर्षण और आत्मविश्वास बने रहेंगे। कर्म भाव में मंगल-गुरु की युति करियर में बड़ा अवसर ला सकती है। व्यय भाव में बुधादित्य योग से यात्रा या एकांत चिंतन में समय बीतेगा। सुबह मन साहस और संचार के विषयों में सक्रिय रहेगा, दोपहर बाद यह घर और मन की शांति की सोच की तरफ मुड़ेगा।

**वृश्चिक** — वृश्चिक राशिफल, बुद्धिमानी से फायदा मिलेगा। भाग्य भाव में मंगल-गुरु की युति आज भी किसी शुभ मोड़ का संकेत दे रही है। लाभ भाव में बुधादित्य योग से आमदनी में बुद्धिमानी से फायदा मिलेगा। व्यय भाव में शुक्र होने से आराम-सुविधा पर खर्च बढ़ सकता है। सुबह मन धन और वाणी के विषयों में रहेगा, दोपहर बाद यह साहस और संचार की सोच की तरफ मुड़ेगा।

**धनु** — धनु राशिफल, करियर में मिल सकती है पहचान आज सुबह सवा ग्यारह बजे तक चंद्रमा आपके ही लग्न में बने रहेंगे, इसलिए दिन की शुरुआत में मन में स्थिरता और आत्मविश्वास बना रहेगा, इसके बाद चंद्रमा धन भाव में प्रवेश करेगा और मन पैसों व परिवार के विषयों की तरफ मुड़ जाएगा। कर्म भाव में बुधादित्य योग से करियर में पहचान मिल सकती है। लाभ भाव में शुक्र होने से आमदनी में मिठास रहेगी।

**मकर** — मकर राशिफल, उच्च शिक्षा में लाभ मिल सकता है। आज दोपहर सवा ग्यारह बजे के बाद चंद्रमा आपके ही लग्न में प्रवेश करेंगे, इसलिए दिन का दूसरा हिस्सा मानसिक रूप से अधिक स्थिर और आत्मविश्वास से भरा रहेगा, सुबह तक मन व्यय और एकांत के विषयों में रहेगा। साझेदारी भाव में मंगल-गुरु की युति जीवनसाथी या साझेदार से जुड़े मामलों में मेहनत का फल देगी। कर्म भाव में शुक्र होने से करियर में सहयोग मिलेगा।

**कुंभ** — कुंभ राशिफल, सामाजिक दायरे के विषयों पर ध्यान देंगे आपके लग्न में राहु की मौजूदगी व्यक्तित्व में रहस्यमय आकर्षण बनाए रखेगी। रोग-ऋण-शत्रु भाव में मंगल-गुरु की युति से प्रतिस्पर्धियों पर बढ़त मिलेगी। भाग्य भाव में शुक्र होने से यात्रा और भाग्य के मामलों में मिठास रहेगी।

**मीन** — मीन राशिफल, मेहनत का अच्छा फल मिलेगा। आपके लग्नेश शनिदेव पूरे साल से आपके ही लग्न में वक्री होकर बैठे हैं, जीवन में गंभीरता बनी रहती है। पंचम भाव में मंगल-गुरु की युति प्रेम, संतान और रचनात्मकता में मेहनत का अच्छा फल देगी। साझेदारी भाव में बुधादित्य योग से जीवनसाथी या साझेदार से जरूरी बातचीत हो सकती है।

# डोंगरगांव पालिका की लचर व्यवस्था : 6 माह से बाजार मार्ग पर बह रहा गंदा पानी, पट्टे व निर्माण में खेल के लग रहे आरोप

डोंगरगांव (दावा)। नगर पंचायत से नगर पालिका का दर्जा मिलने के बाद नगरवासियों को विकास कार्यों में तेजी की बड़ी उम्मीद थी, लेकिन हकीकत इसके उलट नजर आ रही है। पालिका प्रशासन बुनियादी और छोटी-छोटी समस्याओं को भी दूर करने में पूरी तरह असमर्थ साबित हो रहा है। शहर के व्यस्ततम बाजार क्षेत्र में पिछले छह महीनों से नाली का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। वहीं दूसरी ओर पुराने बाजार क्षेत्र में खुलेआम अवैध पक्के निर्माण और पट्टों के आवंटन को लेकर पालिका की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।



**छोटे-छोटे कार्यों के लिए दफ्तर के चक्कर काट रहे नागरिक, बदहाली से सब्जी कारोबारी व ग्राहक हलाकान**

### पट्टे, पीएम आवास और निर्माण पर गंभीर आरोप

शहर के शुक्ला मार्केट सहित कई क्षेत्रों में पट्टे और निर्माण को लेकर भारी अनियमितताओं के आरोप लग रहे हैं। चर्चा है कि आवासीय पट्टे की भूमि पर धड़ल्ले से पक्की दुकानों का निर्माण कराया जा रहा है। सोशल मीडिया पर एक निर्वाचित जनप्रतिनिधि की पत्नी एवं माता के नाम पर पहले प्रधानमंत्री आवास निर्माण शुरू होने और बाद में पट्टा जारी होने का मामला भी खूब गर्माया हुआ है। आरोप है कि पालिका में पीएम आवास, पट्टा और अन्य छोटे-बड़े कार्यों के लिए हितग्राहियों को नियमों के जाल में उलझाया जाता है और सेवा-शुल्क की मांग की जाती है। हाल ही में पुराना बाजार स्थित शुक्ला मार्केट में कच्चे निर्माण को पक्का कर लिया गया। जबकि यह क्षेत्र हाट बाजार निर्माण के 'फेज-2' के लिए सुरक्षित बताया जा रहा है। इसके बावजूद पालिका की अनदेखी से मिलीभगत का संशय गहरा रहा है।

### व्यस्त बाजार मार्ग पर बह रहा नाली का पानी

पाइपलाइन लीकेज और नालियों की बदहाली से शहरवासी परेशान हैं। प्रमुख शोरूमों और मुख्य बाजार तक पहुंचने वाले व्यस्ततम मार्ग पर विगत छह माह से नाली का दूषित पानी सड़क पर फैल रहा है। सैकड़ों ग्राहकों व राहगीरों को इसी बदबूदार पानी और कीचड़ के बीच से गुजरना पड़ रहा है, लेकिन बार-बार की शिकायतों के बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है।

### सब्जी बाजार बदहाल : गार्डन और खेल मैदान दोनों हुए खराब

हाट बाजार निर्माण के दौरान अस्थायी तौर पर चिल्हर सब्जी बाजार को इंदिरा गार्डन और थोक कारोबार को जेंट्स क्लब मैदान में स्थानांतरित किया गया था। इस अव्यवस्था के कारण गार्डन और खेल मैदान दोनों ने अपना मूल स्वरूप खो दिया है। वर्तमान में जेंट्स क्लब मैदान और सब्जी बाजार की स्थिति बेहद नारकीय हो चुकी है, जहां पैदल चलना भी दूभर है। चिल्हर विक्रेताओं ने बदहाली से तंग आकर पुराने बस स्टैंड तक दुकानें फैला ली हैं। बीते डेढ़ वर्षों से सब्जी कारोबारी प्रशासन और पालिका के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला।

> बाजार पहुंच मार्ग में बह रहे गंदे पानी को लेकर पूर्व में दो बार सुधार कार्य कराया गया था। यदि समस्या फिर से उत्पन्न हुई है तो संज्ञान लेकर शीघ्र मरम्मत कराई जाएगी। वहीं बाजार क्षेत्र में हुए पक्के निर्माण की भी जांच करवाकर उचित कार्रवाई की जाएगी।
>
> *विनम्र जेमा, सीएमओ, नगर पालिका डोंगरगांव*

# बैंड-बाजा, धुमाल और आतिशबाजी के साथ खुली बांधाबाजार में शासकीय देशी व विदेशी मदिरा दुकान

अंबागढ़ चौकी (दावा)। मोहला-मानपुर, अंबागढ़ चौकी जिले के बांधाबाजार में शनिवार रात शासकीय देशी एवं विदेशी मदिरा दुकान का विधिवत शुभारंभ हुआ। दुकान शुरू होते ही बांधाबाजार सहित आसपास के करीब 20 से 25 गांवों के मदिरा प्रेमियों में गजब का उत्साह देखने को मिला।

उद्घाटन के मौके पर लोगों ने बैंड-बाजे और धुमाल की थाप पर नाचकर, आतिशबाजी कर और एक-दूसरे को मिठाइयां खिलाकर अपनी खुशी का इजहार किया। शनिवार रात 9 बजे आयोजित शुभारंभ अवसर पर आबकारी विभाग के सहायक उपनिरीक्षक एस.आर. भांडेकर, उपनिरीक्षक शालिनी महतो, गीता साहू, गुलशन साहू, आबकारी आरक्षक रितेश पन्ना, देविका, कविता व महेंद्र कोमरे सहित सेल्समैन व प्रबंधक उपस्थित रहे। इस दौरान ग्राम पंचायत सरपंच युवराज नेताम, पंचायत प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद थे।



**कोचियों की मनमानी और अवैध वसूली से राहत का दावा, 6 घंटे में करीब 2 लाख रुपये की शराब बिक्री**

### कोचियों के चंगुल व ओवररेटिंग से मुक्ति का दावा

स्थानीय लोगों के अनुसार, बांधाबाजार में अधिकृत दुकान न होने से लंबे समय से अवैध कोचिए सक्रिय थे। 80 रुपये का देशी शराब का पौवा कोचियों द्वारा 150 रुपये तक में बेचा जाता था और हर ब्रांड पर दोगुनी कीमत वसूली जाती थी। इसके अलावा लोगों को 7 किलोमीटर दूर अंबागढ़ चौकी जाना पड़ता था। जिससे परिवहन खर्च, दुर्घटना का अंदेशा और रास्ते में जब्ती-कार्रवाई जैसी परेशानियां उठानी पड़ती थीं। ग्रामीणों का कहना है कि अधिकृत दुकान शुरू होने से जहां कोचियों के अवैध कारोबार पर लगाम लगेगी। वहीं शासन को मिलने वाले वैध राजस्व में भी बढ़ोतरी होगी।

### 10 हजार की बोहनी, सुबह उमड़ी खरीदारों की भीड़

दुकान खुलते ही पहले आधे घंटे में लगभग 10 हजार रुपये की शराब बिक्री दर्ज की गई। रविवार सुबह दुकान खुलते ही ग्राहकों की लंबी कतारें लग गईं। सेल्समैन के अनुसार रविवार को शुरुआती 6 घंटों के भीतर ही करीब डेढ़ से दो लाख रुपये की शराब की बिक्री हो गई। बांधाबाजार में खुली यह दुकान जिले की चौथी शासकीय शराब दुकान है। इससे पूर्व अंबागढ़ चौकी, मानपुर और खड़गांव में दुकानें संचालित हैं। जबकि चिल्हाटी और मोहला में प्रक्रियागत औपचारिकताओं के कारण दुकानें शुरू होना बाकी हैं। लंबे समय बाद मांग पूरी होने पर क्षेत्रवासियों ने शासन-प्रशासन के प्रति आभार जताया है।

# जिला महिला कांग्रेस का आयोजन : कल मनेगा तीज महोत्सव, मितानिनों का होगा सम्मान

खैरागढ़ (दावा)। जिला महिला कांग्रेस कमेटी खैरागढ़-छुईखदान, गंडई (केसीजी) के तत्वावधान में आगामी 23 सितंबर को भव्य तीज महोत्सव एवं मितानिन सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह गरिमामय कार्यक्रम टिकरापारा स्थित राम मंदिर परिसर में संपन्न होगा। समारोह में बालोद विधायक एवं नवनियुक्त प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष संगीता सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा करेंगी।

**प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष संगीता सिन्हा का प्रथम आगमन, स्वागत की जोरदार तैयारियां, विधायक यशोदा वर्मा करेंगी अध्यक्षता**

प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करने के बाद संगीता सिन्हा का खैरागढ़ जिले में यह प्रथम प्रवास है। उनके आगमन को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं व महिला कांग्रेस पदाधिकारियों में भारी उत्साह देखा जा रहा है और उनके ऐतिहासिक स्वागत व अभिनंदन की तैयारियां युद्धस्तर पर की जा रही हैं। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष कोमल दास साहू, शहर अध्यक्ष अरुण भारद्वाज, ब्लॉक कांग्रेस (ग्रामीण) अध्यक्ष संदीप सिरमौर, छुईखदान ब्लॉक अध्यक्ष रामकुमार पटेल, गंडई ब्लॉक अध्यक्ष शत्रुहन चंदेल व मुढ़ीपार ब्लॉक अध्यक्ष तेजराम वर्मा सहित जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सदस्य विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

### स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ हैं मितानिन बहनें : आरती महोबिया

जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष आरती महोबिया ने बताया कि तीज मिलन के साथ-साथ इस आयोजन का मूल उद्देश्य वनांचल व ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ मानी जाने वाली मितानिन बहनों का सम्मान करना है। उन्होंने कहा कि गर्भवती माताओं की देखरेख, संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने, शिशु टीकाकरण, मलेरिया, टीबी, निमोनिया व कुपोषण निवारण जैसे अभियानों में मितानिनों की भूमिका अतुलनीय है। उनके इस निस्वार्थ सेवाभाव को मंच प्रदान कर सम्मानित करना ही इस समारोह का मुख्य लक्ष्य है। आयोजन को सफल बनाने के लिए महिला कांग्रेस की टीमें लगातार जनसंपर्क कर रही हैं। समारोह में जिलेभर से बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ताओं, मितानिनों और आम नागरिकों के जुटने की संभावना है।

# बगीचा होटल के सामने अवैध शराब बिक्री करते आरोपी पकड़ाया, देशी शराब जब्त

डोंगरगढ़ (दावा)। पुलिस ने खैरागढ़ रोड पर बगीचा होटल के सड़क किनारे अवैध शराब की बिक्री करते एक आरोपी को धर दबोचा है। पुलिस ने उसके पास से 17 पौवा सुपर 36 मसाला देशी मदिरा सहित बिक्री की रकम 200 रुपए जब्त की है।



अवैध शराब बिक्री करने वाले शराब कोचियों/तस्करों पर नजर रखने के साथ-साथ अवैध गतिविधियों, सटोरियों, संदिग्ध व्यक्तियों, पॉकेटमारों, चाकूबाजों एवं अन्य असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखते हुए लगातार कार्रवाई की जा रही है।

इसी कड़ी में 20 सितंबर रविवार को मुखबीर सूचना पर बगीचा होटल के सामने खैरागढ़ रोड किनारे घेराबंदी कर रेड कार्यवाही की गई। मौके पर करनैल सिंह पिता मनजीत सिंह भाटिया उम्र 50 वर्ष, निवासी बुधवारीपारा वार्ड नंबर 13 डोंगरगढ़ को एक सफेद-गुलाबी रंग के थैले में अवैध शराब रखकर बिक्री करते पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 17 नग पौवा सुपर 36 मसाला देशी मदिरा शराब, कुल मात्रा 3.060 बल्क लीटर, कीमती 1700 रुपये एवं शराब बिक्री रकम 200 रुपये, कुल कीमत 1900 रुपये जप्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1)(ख) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही की गई।

# सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों को लेकर प्रभारी मंत्री लखन लाल देवांगन ने की समीक्षा

खैरागढ़ (दावा)। कैबिनेट मंत्री एवं खैरागढ़-छुईखदान, गंडई (केसीजी) जिले के प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) विश्राम गृह में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में 'सेवा संकल्प अभियान' की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ अभियान की आगामी गतिविधियों और तिथिवार कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रभारी मंत्री ने कहा कि 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक संचालित होने वाले इस माहव्यापी अभियान को व्यापक जनभागीदारी के साथ प्रभावी स्वरूप दिया जाए। इसके लिए शासन-प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों का समन्वित प्रयास बेहद आवश्यक है।



प्रभारी मंत्री देवांगन ने अभियान के शुभारंभ अवसर पर 17 सितंबर को जिलेभर में आयोजित 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम की मुक्तकंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि जिले के ग्रामीण व शहरी अंचलों में नागरिकों द्वारा उत्साहपूर्वक बड़ी संख्या में दीप प्रज्वलित करना सामूहिक सहभागिता का सशक्त प्रमाण है। इस सफल आयोजन के लिए उन्होंने जिला प्रशासन और जिलेवासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में 25 वर्षों की निरंतर जनसेवा, सुशासन और समर्पण के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने तथा विकसित भारत-2047 के संकल्प को गति देने के लिए यह अभियान संचालित किया जा रहा है। इसका मूल उद्देश्य सेवा, समर्पण और विकास की भावना को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। प्रभारी मंत्री ने निर्देशित किया कि अभियान के तहत तय तिथिवार कार्यक्रमों को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। समीक्षा बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जिला पंचायत सदस्य दिनेश साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष विशेषर साहू, जिला महामंत्री नवनीत जैन व शशांक ताम्रकार, पूर्व जिला पंचायत सभापति एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य घम्मन साहू, कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, पुलिस अधीक्षक लक्ष्य विनोद शर्मा, जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# नगर पालिका अध्यक्ष सपरिवार पहुंचे बप्पा के दरबार

डोंगरगढ़ (दावा)। बधियाटोला वार्ड नंबर 8 में गणेश के दर्शन करने नगर पालिका अध्यक्ष अपने पूरे परिवार के साथ महाआरती में शामिल हुये और डोंगरगढ़ के विकास के लिए गणेश भगवान के सामने उन्होंने प्रार्थना की। गणपति बप्पा मोरिया, बधिया टोला वार्ड नंबर 8 में गुंजायमान हुआ। गणेश जी के दर्शन करने आज नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे अपने पूरे परिवार के साथ महाआरती में शामिल हुए। महाआरती के दौरान अध्यक्ष रमन डोंगरे ने पूरे परिवार सहित विधि-विधान से पूजा अर्चना कर भगवान गणेश जी के समक्ष डोंगरगढ़ नगर के सुख-समृद्धि और निरंतर विकास के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर वार्डवासियों द्वारा अध्यक्ष जी का आत्मीय स्वागत किया गया। पूरे पंडाल में 'गणपति बप्पा मोरिया, मंगलमूर्ति मोरिया' के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया। वार्ड के युवाओं द्वारा आयोजित इस भव्य गणेश उत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



**बधियाटोला वार्ड नंबर 8 में गणेश जी का दर्शन कर शहर के विकास के लिए मांगा आशीर्वाद**

# गणपति विसर्जन की भव्यता के साथ व्यवस्था भी हो बेहतर : विवेक मोनू भंडारी

डोंगरगढ़ (दावा)। श्री गणपति विसर्जन पर्व पर शहर में निकलने वाली भव्य व नयनाभिराम झांकियों के सुगम, सुरक्षित और समयबद्ध संचालन को लेकर पूर्व जिला संयोजक एवं पूर्व मंडल महामंत्री विवेक मोनू भंडारी ने प्रशासन व पुलिस विभाग से समय रहते चाक-चौबंद व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की मांग की है। श्री भंडारी ने कहा कि गणपति विसर्जन संस्कारधानी व धर्मनगरी का सबसे बड़ा धार्मिक व सामाजिक उत्सव है, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु, महिलाएं व बच्चे शामिल होते हैं। ऐसे में आयोजन की भव्यता के साथ-साथ सुरक्षा, स्वच्छता, सुगम यातायात और कड़े अनुशासन पर विशेष ध्यान दिया जाना नितांत आवश्यक है।

### लटकते बिजली के तार व सड़कों के गड्ढे दुरुस्त करने की मांग

उन्होंने प्रशासन को सुझाव दिया कि विसर्जन यात्रा शुरू होने से पूर्व पूरे झांकी मार्ग का तकनीकी मुआयना कराया जाए। मार्ग में नीचे लटक रहे बिजली व केबल के तारों को पर्याप्त ऊंचाई पर व्यवस्थित किया जाए, ताकि विशाल व स्वचालित झांकियों के आवागमन में कोई व्यवधान न आए और अप्रिय घटनाओं से बचा जा सके। साथ ही विसर्जन मार्ग के गड्ढों का तुरंत डामरीकरण या पैचवर्क कराया जाए।



### समय से तैयार हों पुरस्कार मंच, निर्णायकों के इंतजार में न रुकें झांकियां

विवेक मोनू भंडारी ने कहा कि सभी पुरस्कार व स्वागत मंचों का निर्माण समय से पूर्व पूरा कर लिया जाए। मंचों के आसपास पेयजल, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था और साफ-सफाई की पुख्ता व्यवस्था हो। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि रात्रि 10 बजे से पहले निर्णायक मंडल एवं अतिथियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, ताकि झांकियों को निर्णायकों के इंतजार में अनावश्यक रूप से सड़क पर रुकना न पड़े और विसर्जन का क्रम निरंतर जारी रहे।

### भीड़ नियंत्रण के लिए जयस्तंभ चौक-स्टेशन मार्ग पर भी बनें मंच

श्री भंडारी ने सुझाव दिया कि अधिकांश मंच गोल बाजार के संकरे इलाके में केंद्रित होने से भारी भीड़ और अव्यवस्था की स्थिति बनती है। इसके समाधान के लिए जयस्तंभ चौक से रेलवे स्टेशन जाने वाले अपेक्षाकृत चौड़े मार्ग पर भी कुछ प्रमुख स्वागत व पुरस्कार मंच स्थापित किए जाने चाहिए। इससे जनसैलाब दो हिस्सों में बंटेगा, मार्गों पर दबाव घटेगा और झांकियों को प्रदर्शन के लिए पर्याप्त स्थान मिल सकेगा। विसर्जन की धार्मिक गरिमा बनाए रखने के लिए उन्होंने नशामुक्त वातावरण पर बल दिया। उन्होंने पुलिस से मांग की कि नशे की हालत में वाहन चलाने, हुड़दंग करने या अनुशासन भंग करने वाले असमाजिक तत्वों पर त्वरित व सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाए।

सघन गलियों व संकरे मार्गों में सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए चार पहिया वाहनों के साथ-साथ पुलिस की टू-व्हीलर (मोटरसाइकिल) पेट्रोलिंग पर्याप्त संख्या में बढ़ाने की मांग की गई। जिससे किसी भी आपात स्थिति में तत्काल पुलिस बल मौके पर पहुंच सके। उन्होंने कहा कि पुलिस-प्रशासन, नगर पालिका, झांकी समितियों और शहरवासियों के बेहतर समन्वय से ही विसर्जन पर्व को सुरक्षित, भव्य और ऐतिहासिक बनाया जा सकता है।

# जेम पोर्टल की आड़ में 15वें वित्त की राशि में भारी गबन, डोंगरगढ़ के ग्राम पंचायत ठाकुरटोला में 13 हजार की कचरा पेटी 80 हजार में खरीदी

डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय योजनाओं और 15वें वित्त आयोग की राशि में अनियमितता का एक गंभीर मामला डोंगरगढ़ जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत ठाकुरटोला (को.) से सामने आया है। जेम पोर्टल के नाम पर प्रतिनिधियों द्वारा बड़े पैमाने पर धांधली का आरोप लगा है। ताजा मामले में जनपद उपाध्यक्ष द्वारा सप्लाई की गई सामग्री में भारी गड़बड़ी और वित्तीय नियमों के उल्लंघन की बात उजागर हुई है।

13 हजार की कचरा पेटी 80 हजार में, बिना जानकारी के की गई सप्लाई

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत ठाकुरटोला में 15वें वित्त की राशि से 2 नग कचरा पेटी 1 लाख 60 हजार रुपये (80 हजार रुपये प्रति नग) और 1 नग वाटर कूलर 49,900 रुपये की लागत से सप्लाई किया गया। ताज्जुब की बात यह है कि इस पूरी खरीदी और सप्लाई की जानकारी पंचायत के सरपंच व सचिव को दी ही नहीं गई।




जेम पोर्टल पर पड़ताल करने पर जिस नीली/हरी कचरा पेटी की कीमत महज 13,000 रुपये दर्शाई जा रही है, उसे 80,000 रुपये की अत्यधिक दर पर पंचायत को थमा दिया गया। ग्रामीणों के अनुसार, सप्लाई की गई पेटियां घटिया स्तर की, पुरानी, जंग लगी और टूटी-फूटी हैं, जो लगाने के कुछ ही दिनों बाद खराब हो गईं।

### शो-पीस बना 50 हजार का वाटर कूलर

जनपद पंचायत द्वारा भेजे गए 49,900 रुपये के वाटर कूलर की स्थिति भी चिंताजनक है। बिना बिजली कनेक्शन और समुचित इंस्टॉलेशन के इसे पंचायत भवन में रख दिया गया है, जो पूरी तरह उपयोगहीन साबित हो रहा है। भीषण गर्मी के दिनों में भी ग्रामीणों को शीतल पेयजल नसीब नहीं हो पा रहा है।

### सरपंच-सचिव पर भुगतान का दबाव, कलेक्टर से जांच की मांग

मामले में अब जेम पोर्टल के सप्लायर द्वारा सचिव पर बिलों के तत्काल भुगतान का दबाव बनाया जा रहा है, जबकि सचिव ने नियम विरुद्ध भुगतान करने से साफ इंकार कर दिया है।

ग्राम पंचायत ठाकुरटोला के सरपंच एवं सचिव का स्पष्ट कहना है कि 'इस पूरी खरीदी की हमें कोई पूर्व सूचना या सहमति नहीं थी। यह वित्तीय नियमों का खुला उल्लंघन है।' सामग्री खरीदी में मानकों को दरकिनार करने और बिना वैध प्रक्रिया के किए गए इस कार्य से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषी जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# पीएम मोदी के जन्मदिन पर दीप प्रज्ज्वलन कार्यक्रम पर पार्षद कोंडा ने उठाए सवाल

डोंगरगढ़ (दावा)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर डोंगरगढ़ नगर पालिका परिषद द्वारा आयोजित 'आध्यात्मिक दीप' कार्यक्रम को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। वार्ड क्रमांक 3 के पार्षद कोंडा विनायक राव ने इस आयोजन के औचित्य पर कड़ा ऐतराज जताते हुए कार्यक्रम की अनुमति, व्यय और पूरी प्रशासनिक प्रक्रिया को सार्वजनिक करने की मांग की है। पार्षद कोंडा विनायक राव ने सवाल उठाते हुए कहा कि एक तरफ तो प्रधानमंत्री आम जनता से खाद्य तेल की खपत कम करने की अपील करते हैं। वहीं दूसरी तरफ ऐसे अवसरों पर बड़े पैमाने पर दीप प्रज्ज्वलन के आयोजन किए जा रहे हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, अगर संकल्प अच्छे से किया होता, तो संकल्प के दीये जलाने की जरूरत ही नहीं पड़ती। उन्होंने जोर देकर कहा कि धार्मिक परिसर में नगर पालिका के स्तर पर हुए इस आयोजन का वास्तविक स्वरूप क्या था। इसमें कितना सरकारी धन खर्च हुआ और इसके लिए क्या प्रक्रिया अपनाई गई, यह जनता के सामने स्पष्ट होना चाहिए। पार्षद ने सीधे तौर पर सवाल किया कि किसी राजनीतिक दल के शीर्ष नेता के जन्मदिन के उपलक्ष्य में नगर पालिका जैसी स्वायत्तशासी व संवैधानिक संस्था का आधिकारिक कार्यक्रम किसी धार्मिक परिसर में कैसे आयोजित किया जा सकता है? उन्होंने पूछा कि इस कार्यक्रम के लिए किस सक्षम अधिकारी ने स्वीकृति दी थी और किन औपचारिक आदेशों के तहत पालिका के नियमित कर्मचारियों को आयोजन की व्यवस्था में झोंका गया। कोंडा विनायक राव ने मंदिर ट्रस्ट की भूमिका को भी कठघरे में खड़ा किया है। उन्होंने मांग रखी कि मंदिर परिसर में इस तरह के आयोजन के लिए ट्रस्ट की ओर से क्या कोई विधिवत लिखित अनुमति या सहमति पत्र जारी हुआ था? सरकारी मशीनरी और संसाधनों के उपयोग पर हुए कुल खर्च का आधिकारिक विवरण प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने कहा कि धार्मिक आस्था का सम्मान हर नागरिक करता है, लेकिन आस्था की आड़ में सरकारी संस्थाओं की मर्यादा और नियमों को ताक पर नहीं रखा जा सकता। पार्षद ने स्पष्ट किया कि नगर की जनता को यह जानने का पूरा अधिकार है कि 'आध्यात्मिक दीप' कार्यक्रम किसके निर्देश पर, किन संसाधनों के बूते और किस प्रशासनिक उद्देश्य से आयोजित किया गया। उन्होंने नगर पालिका प्रशासन से इस पूरे मामले से जुड़े सभी आधिकारिक आदेश, पत्राचार, अनुमति पत्र एवं व्यय से संबंधित वित्तीय दस्तावेजों को शीघ्र सार्वजनिक करने की मांग की है।



## पहला कॉलम...

### सोने-चांदी का भाव फिसला, गोल्ड रेट 1.42 लाख के पास

नई दिल्ली। सोने-चांदी की कीमतों में सोमवार 21 सितंबर को गिरावट देखने को मिली. रूष्टङ्ग पर सोना 583 रुपये प्रति 10 ग्राम और जबकि चांदी 713 रुपये गिरकर 2,40,890 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई. दिल्ली में 24 कैरेट सोना 1,55,980 रुपये और 22 कैरेट 1,42,990 रुपये प्रति 10 ग्राम है. ग्लोबल आर्थिक अनिश्चितता के बीच सोने को सुरक्षित निवेश की मांग से सहारा मिला है. लेकिन महंगाई, ऊंची बॉन्ड यील्ड के दबाव से इसमें नरमी आई है.

सोने-चांदी की कीमतों में आज 21 सितंबर को गिरावट देखी जा रही है. रूष्टङ्ग पर गोल्ड 583 रुपये गिरकर 153798 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा है. चांदी भी 713 रुपये फिसलकर 240890 रुपये प्रति किलोग्राम पर ट्रेड कर रही है. दिल्ली में सोने की कीमतों की बात करें तो 24 कैरेट गोल्ड का भाव 1,55,980 रुपये प्रति 10 ग्राम है. वहीं, 22 कैरेट सोना 1,42,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर मिल रहा है.

मुंबई और कोलकाता में 24 कैरेट सोने का रेट 1,55,830 रुपये प्रति 10 ग्राम है, जबकि 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 1,42,840 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है. चेन्नई, पुणे और बेंगलुरु में भी सोने के भाव में 24 कैरेट सोना 1,55,830 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर है. वहीं, 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 1,42,840 रुपये प्रति 10 ग्राम है. सोने में गिरावट आने के पीछे कुछ अहम वजहें भी हैं.

### शेयर बाजार : 600 पॉइंट उछला सेंसेक्स

नई दिल्ली। शेयर बाजार में सोमवार की सुबह वो नजारा दिखा, जिसका निवेशक पिछले कई दिनों से इंतजार कर रहे थे. लगातार छह हफ्तों की गिरावट के बाद बाजार ने आखिरकार राहत की सांस ली. सेंसेक्स करीब 600 पॉइंट उछल गया और निफ्टी भी 23,450 के आसपास पहुंच गया. सवाल ये है कि अचानक बाजार को ऐसा क्या भरोसा मिला कि खरीदारी लौट आई?

दरअसल, बाजार की इस तेजी के पीछे एक नहीं, बल्कि चार बड़े कारण हैं. सबसे बड़ा सहारा कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से मिला. इसके अलावा विदेशी निवेशकों ने फिर से भारतीय शेयरों में पैसा लगाना शुरू किया, ग्लोबल बाजारों से भी अच्छे संकेत आए और लंबे समय से पिट रहे शेयरों में निवेशकों ने सस्ते भाव पर खरीदारी शुरू कर दी.

सोमवार को तस्वीर थोड़ी बदली. इंटरनेशनल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड करीब 2.25 फीसदी गिरकर 101.5 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया. इसकी वजह सऊदी अरब से तेल की सप्लाई में सुधार की उम्मीद बताई जा रही है. अब बाजार इसे ऐसे देखता है कि? अगर तेल की कीमत थोड़ी और नीचे आती है तो भारत का आयात बिल कम हो सकता है. पेट्रोलियम कंपनियों की लागत पर दबाव घट सकता है और महंगाई को लेकर भी कुछ राहत मिल सकती है. यानी क्रूड का ठंडा होना बाजार के लिए एक साथ कई अच्छी खबरें लेकर आता है.

### कनाडा में फ्लाइट ट्रेनिंग के दौरान विमान हादसा, 2 भारतीय छात्रों की मौत

नई दिल्ली। कनाडा में फ्लाइट ट्रेनिंग के दौरान हुए एक विमान हादसे में दो भारतीय छात्रों की मौत हो गई. ये दोनों छात्र तमिलनाडु और पुडुचेरी के रहने वाले थे. वैंकूवर स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने इस घटना की जानकारी दी. मृतकों की पहचान मनोज शिवकुमार और श्रीसरण थिरुग्नानासंबंधम के रूप में हुई है.

भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर घटना पर दुख जाहिर किया है. दूतावास ने पोस्ट में कहा 'वैंकूवर में भारत का वाणिज्य दूतावास, तमिलनाडु और पुडुचेरी के दो भारतीय छात्रों मनोज शिवकुमार और श्रीसरन तिरुज्ञानसंबंथम के दुखद निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त करता है. कनाडा में फ़्लाइट ट्रेनिंग के दौरान एक दुखद हवाई दुर्घटना में इन छात्रों की जान चली गई'.

इसके आगे दूतावास ने कहा 'इस मुश्किल समय में हमारी गहरी संवेदनाएं उनके शोक-संतप्त परिवारों और प्रियजनों के साथ हैं. वाणिज्य दूतावास उनके पार्थिव शरीर को भारत वापस लाने के संबंध में परिवारों को हर संभव कांसुलर सहायता देने के लिए तैयार है. दिवंगत आत्माओं को शांति मिले'. भारतीय दूतावास ने स्पष्ट किया है कि वो लगातार स्थानीय अधिकारियों और पीड़ित परिवारों के संपर्क में हैं. दूतावास अधिकारियों के मुताबिक दोनों मृत छात्रों के पार्थिव शरीरों को भारत में उनके गृह राज्य वापस लाने की प्रक्रिया में परिजनों को हर संभव कांसुलर और जरूरी सहायता प्रदान की जा रही है.फिलहाल ये हादसा कैसे हुआ इसको लेकर कोई जानकारी सामने नहीं आई है.

# महिला हॉकी में भारत ने इंडोनेशिया को 17-1 से रौंदा, 3 खिलाड़ियों ने लगाई हैट्रिक



नई दिल्ली। एशियन गेम्स में भारतीय महिला हॉकी टीम ने लगातार दूसरी जीत दर्ज की है. उज्बेकिस्तान के खिलाफ 19-0 से जीतने के बाद टीम इंडिया ने इंडोनेशिया को 17-1 से हरा दिया. भारत की जीत में तीन खिलाड़ियों ने हैट्रिक लगाई. दीपिका, रुतुजा पिसल और नवनीत कौर ने तीन-तीन गोल किए. वहीं सुनेलिता टोप्पो, साक्षी राणा और सलीमा टेटे ने भी गोल दागे. आइए आपको बताते हैं कि कैसे भारतीय टीम ने इंडोनेशिया को रौंदा.

भारत ने इंडोनेशिया पर चारों तरफ से हमला करते हुए उसे चारों खाने चित कर दिया. दीपिका ने सबसे पहले 8वें मिनट में भारत का खाता खोला. इसके बाद सुनेलिता टोप्पो ने 11वें मिनट में गोल कर टीम इंडिया को 2-0 से आगे कर दिया. देखते ही देखते रुतुजा पिसल ने 15वें और 20वें मिनट में दो गोल दाग भारत को और आगे कर दिया. साक्षी राणा ने 25वें और दीपिका ने 28वें मिनट में गोल किया. सुनेलिता टोप्पो ने 30वें मिनट में भारत को एक और गोल की बढ़त दिलाई. 32वें मिनट में इनेस ने भारत को एक और कामयाबी दिलाई. सलीमा टेटे ने 34वें और नवनीत कौर ने 35वें मिनट में अपना गोल किया. इसके बाद इस खिलाड़ी ने 56वें और 57वें मिनट में एक और गोल किया. अंत में टीम इंडिया ने 17-1 से जीत दर्ज की.

भारतीय महिला हॉकी टीम ने उज्बेकिस्तान के खिलाफ भी बड़ी जीत दर्ज की थी. टीम ने उज्बेकिस्तान को 19-0 से रौंदा था. इस जीत में दीपिका सेहरावत ने 8 गोल दागे थे. इशिका चौधरी ने भी 3 गोल किए थे. भारतीय महिला हॉकी टीम को अगला मैच 23 सितंबर को थाईलैंड से खेलना है. ये मैच 11.30 बजे शुरू होगा. इसके बाद भारत को 25 सितंबर को जापान और फिर 27 सितंबर को सिंगापुर से खेलना है.

# आज भारत और जापान के बीच ऐतिहासिक टी20आई मैच




नई दिल्ली। भारत और जापान के बीच राजनयिक संबंधों की 75वीं सालगिरह के मौके पर ऐतिहासिक टी-20 मुकाबला खेला जाएगा. यह मैच भारतीय समयानुसार 22 सितंबर को सुबह साढ़े नौ बजे से खेला जाएगा. मुकाबला टोक्यो से 100 किलोमीटर दूर सानो इंटरनेशल क्रिकेट ग्राउंड पर होगा. जहां भारतीय टीम रविवार को पहुंची.

जापान के अधिकांश क्रिकेटर स्थानीय हैं और देश में खेल के विकास के लिए वे दक्षिण एशियाई मूल के लोगों पर निर्भर नहीं है. आंकड़ों से इतर बात करें तो इस मैच के जरिए जापान के क्रिकेटरों को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरों से खेलने का मौका मिलेगा. श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली भारतीय टीम एशियाई खेलों में 28 सितंबर को पहला मुकाबला खेलेगी. फोकस एक बार फिर 15 साल के वैभव सूर्यवंशी पर रहेगा, जो एशियाई खेलों में भारतीय दल के सबसे युवा सदस्य हैं. भारत का स्क्वॉड : श्रेयस अय्यर (कप्तान), संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, शिवम दुबे, ईशान किशन, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, यश ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, वॉशिंगटन सुंदर, विप्रज निगम, वैभव सूर्यवंशी।

# इंदौर में भारत-वेस्टइंडीज टी-20 के टिकट आज से

नई दिल्ली। इंदौर के क्रिकेट प्रेमियों के लिए खुशखबरी है। होलकर स्टेडियम में 11 अक्टूबर को होने वाले इंडिया-वेस्टइंडीज टी-20 इंटरनेशनल मुकाबले के लिए छात्रों और दिव्यांग खेल प्रेमियों के लिए टिकट की दरें तय कर दी गई हैं।

मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एमपीसीए) ने टिकटों की ऑनलाइन बुकिंग का पूरा शेड्यूल जारी कर दिया है। सबसे अच्छी बात यह है कि बुकिंग प्रक्रिया पूरी होने के बाद टिकट कूरियर के जरिए सीधे आपके घर पहुंच जाएगा। छात्रों और दिव्यांगों के लिए स्पेशल कोटे की ऑनलाइन टिकट बुकिंग 22 सितंबर को दोपहर 12 बजे से शुरू हो जाएगी। यह बुकिंग विंडो 23 सितंबर को दोपहर 12 बजे तक, या फिर कोटे के टिकट खत्म होने तक चालू रहेगी। टिकट खरीदने का माध्यम पूरी तरह से ऑनलाइन रखा गया है। छात्रों के लिए ईस्ट स्टैंड (लोअर) का टिकट 950 रुपये में उपलब्ध होगा, जबकि इसी स्टैंड के सेकंड फ्लोर के टिकट की कीमत 1200 रुपये तय की गई है। वहीं, दिव्यांग दर्शकों को नॉर्थ-वेस्ट गैलरी का टिकट 400 रुपये में मिलेगा। इन दोनों ही खास श्रेणियों (छात्र और दिव्यांग) में एक व्यक्ति केवल एक ही टिकट बुक कर पाएगा।

एमपीसीए ने स्पष्ट किया है कि छात्र कोटे का लाभ केवल स्कूल, कॉलेज या यूनिवर्सिटी में नियमित (रेगुलर) रूप से पढ़ाई करने वाले छात्रों को ही दिया जाएगा।

# चैंपियन भारत की कबड्डी में धमाकेदार शुरुआत, जापान को रौंदा




नई दिल्ली। 2026 एशियन गेम्स में भारतीय कबड्डी टीम ने जापान को 49-24 के अंतर से हरा दिया. पहले हाफ में टीम इंडिया ने 31-9 की बढ़त बनाई हुई थी. दूसरे हाफ में भारतीय टीम हल्की पड़ती दिखाई, फिर भी जापान को 25 अंकों के बड़े अंतर से हार झेलनी पड़ी. एशियन गेम्स में भारत की यह जापान पर कुल आठवीं जीत है. जापान कभी भी एशियाई खेलों में भारत को हरा नहीं पाया है.

असलन इनामदार, आशु मलिक और अयान लोचब ने दमदार प्रदर्शन किया. अयान लोचब अपना एशियन गेम्स डेब्यू कर रहे थे, उन्होंने आते ही जबरदस्त रेडिंग के दम पर जापान के डिफेंस को भेदना शुरू कर दिया. देवांक दलाल भी पहली बार एशियाई खेलों में खेल रहे हैं, उन्होंने भी जापान की टीम को बैकफुट पर जाने को मजबूर किया. इसी रणनीति के दम पर भारत ने पहले हाफ में 31-9 की मजबूत बढ़त बना ली थी.

पवन सहरावत उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाए, लेकिन दूसरे छोर पर असलम इनामदार ने दूसरे हाफ में अच्छा किया. भारत ने कुल 8 ऑल-आउट पॉइंट्स लिए और दो बार सुपर टैकल भी किया. वहीं जापान ने मैच में कुल 9 बोनस पॉइंट्स हासिल किए. अब भारत का कबड्डी में अगला मैच मंगलवार को दक्षिण कोरिया के साथ होने वाला है. एशियन गेम्स में 9 बार कबड्डी का खेल शामिल रहा है, जिनमें आठ बार भारत की मेंस टीम ने गोल्ड मेडल जीता है. भारत सिर्फ 2018 में फाइनल तक नहीं पहुंच पाया था, जब सेमीफाइनल में ईरान ने उसे 27-18 से हरा दिया था. 2022 एशियन गेम्स में भी भारत ने कबड्डी का गोल्ड मेडल अपने नाम किया था. सुनील कुमार की कप्तानी में टीम इंडिया कुल नौवीं बार गोल्ड मेडल अपने नाम करना चाहेगी.

# 'विश्वकप 2027 में रोहित और विराट के होने या ना होने कोई फर्क नहीं पड़ेगा' - पाटिल




नई दिल्ली। विश्वकप 2027 को लेकर दिग्गज बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली को लेकर लगातार संशय बरकरार है। वह क्रिकेट के महाकुंभ में खेलेंगे या नहीं इसको लेकर अभी कुछ नहीं कहा जा सकता। हालांकि, मौजूदा समय में वह एकदिवसीय भारतीय टीम का हिस्सा है। इंग्लैंड के साथ हुई पिछली सीरीज में भी दोनों ने बेहतरीन खेल दिखाया था।

इसी महीने वेस्टइंडीज के साथ होने वाली एकदिवसीय सीरीज में भी वह खेलते हुए दिखाई देंगे। विश्वकप 2027 में खेलने को लेकर अभी दोनों की किसी प्रकार की पुष्टि नहीं हुई है। अब दोनों दिग्गजों को लेकर पूर्व भारतीय हरफनमौला खिलाड़ी और सेलेक्टर संदीप पाटिल ने बयान दिया है। पूर्व खिलाड़ी का कहना है कि, वनडे विश्वकप 2027 की टीम में रोहित-विराट हों या न हों इससे ज्यादा फर्क पड़ने वाला नहीं है। इंग्लैंड के खिलाफ जुलाई में हुई सीरीज में रोहित शर्मा शुरुआती मैचों में बेहतर खेल नहीं दिखा पाए थे, जिसके बाद उनके संन्यास की खबर सामने आने लगी थी। हालांकि, लॉर्ड्स में खेले गए आखिरी मुकाबले में रोहित ने शतक जड़कर सभी को करारा जवाब दे दिया था।

अब पूर्व मुख्य सेलेक्टर पाटिल के बयान से सनसनी मच गई है। उन्होंने स्पोर्ट्र्सनेक्स्ट से बातचीत करते हुए कहा, ये उन दोनों खिलाड़ियों पर निर्भर करता है कि क्या वे आगे खलना जारी रखना चाहते हैं। क्या वे अपनी फिटनेस बनाए रख पाएंगे? हमें ये भी सोचना होगा कि उनकी जगह टीम में किस खिलाड़ी की एंट्री होगी। मौजूदा समय में भारतीय बेंच स्ट्रेंथ काफी मजबूत है। इन दोनों खिलाड़ियों ने देश के लिए काफी क्रिकेट खेला है।

# सुचिका तारियाल ने रचा इतिहास, एमएमए में मेडल जीतने वाली बनीं पहली भारतीय खिलाड़ी



नागोया । सुचिका तारियाल ने सोमवार को भारत के लिए इतिहास रच दिया। सुचिका एशियन गेम्स में मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स (एमएमए) में देश के लिए मेडल जीतने वाली पहली खिलाड़ी बन गई हैं। सुचिका ने पारंपरिक 60 किलोग्राम इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल को अपने नाम किया। सुचिका का ऐतिहासिक कैंपेन सेमीफाइनल में खत्म हो गया, जहां उन्हें सिंगापुर की हुई हून टीओ से एक करीबी हार मिली, जो ओवरटाइम तक चली। भारतीय खिलाड़ी बहुत कम अंतर से हारी, जिससे गोल्ड-मेडल मुकाबले तक पहुंचने की उनकी उम्मीदें खत्म हो गईं, लेकिन एमएमए के एशियन गेम्स डेब्यू में उन्होंने पोडियम पर अपनी जगह पक्की कर ली। यह नतीजा सुचिका के लिए निराशाजनक रहा और फैसले की घोषणा के बाद वह निराश भी दिखाई दीं। हालांकि, निराशा के बावजूद, 36 साल की यह खिलाड़ी आइची-नागोया से एक ऐतिहासिक मेडल लेकर लौटीं, जो महाद्वीपीय स्टेज पर भारतीय एमएमए के लिए एक बड़ी कामयाबी है।

रविवार को क्वार्टर फाइनल में मंगोलिया की अल्तांचिमेग बैगलमा के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए सुचिका ने सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। उन्होंने अल्तांचिमेग बैगलमा के खिलाफ 2-0 से जीत हासिल की थी और एमएमए में एशियन गेम्स में मेडल पक्का करने वाली पहली भारतीय एथलीट बनीं।

सुचिका तारियाल के करियर में यह ब्रॉन्ज मेडल एक और बड़ी उपलब्धि के रूप में जुड़ गया है। कई कॉम्बैट खेलों में अपनी पहचान बना चुकीं सुचिका पहले राष्ट्रीय स्तर की जूडो खिलाड़ी रह चुकी हैं। उन्होंने बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में भारत का प्रतिनिधित्व किया था, जहां वह ब्रॉन्ज मेडल मुकाबले तक पहुंची थीं।

**अपनी सिम दूसरे को दी तो 50 लाख जुर्माना....**

कॉलिंग आईडी बदलकर या एप के जरिये फर्जी नंबर से कॉल करना भी देश की सुरक्षा के लिए गंभीर अपराध माना गया है। सभी टेलीकॉम कंपनियों को अपने सिस्टम को इस पोर्टल से जोड़ने के लिए 30 नवंबर तक का समय दिया गया है। सुरक्षा के लिहाज से दूरसंचार विभाग ने सभी नागरिकों को सलाह दी है कि वे तुरंत संचार साथी पोर्टल या एप पर जाकर यह जांच लें कि उनकी आईडी पर कोई अनजान या अनधिकृत मोबाइल नंबर तो सक्रिय नहीं है।

**मां का अपमान बर्दाश्त नहीं: सीएम...**

और मातृशक्ति के सम्मान को ठेस पहुंचाई गई। कार्यक्रम के दौरान राहुल गांधी मंच पर मौजूद थे और प्रस्तुति पर उनकी प्रतिक्रिया को लेकर भी राजनीतिक बहस तेज हुई है। मुख्यमंत्री साय ने अपनी पोस्ट में राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप के बजाय मां के प्रति भारतीय समाज की श्रद्धा, संवेदना और संस्कार पर बल दिया है। सीएम साय ने स्वर्गीय कवि ओम व्यास की मां पर केंद्रित प्रसिद्ध काव्य रचना का वीडियो भी साझा किया। माँ के त्याग, ममता, वात्सल्य और संतान के जीवन में उनके अतुलनीय स्थान को अभिव्यक्त करती यह रचना सोशल मीडिया पर लोगों का ध्यान अपनी ओर खीच रही है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

**बिहार के जमुई में रात के समय लड़के....**

पुलिस अधीक्षक विश्वजीत दयाल ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को शुरुआत में इस घटना की कोई औपचारिक शिकायत या आवेदन नहीं मिला था। हालांकि, जैसे ही सोशल मीडिया पर यह वीडियो वायरल हुआ, पुलिस प्रशासन ने बिना देरी किए खुद मामले का संज्ञान लिया। पुलिस टीम ने तकनीकी जांच के आधार पर सबसे पहले पीड़ित पक्ष की पहचान की और उनके घर पहुंचकर किशोरी का आधिकारिक बयान दर्ज किया। इसके तुरंत बाद पुलिस ने मड़वा गांव में छापेमारी कर घटना में शामिल तीन युवकों को धर दबोचा। इस जघन्य घटना पर बिहार राज्य महिला आयोग ने भी कड़ा रुख अपनाया है। महिला आयोग की अध्यक्ष अप्सरा ने बताया कि उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से इस घटना की जानकारी मिलते ही तुरंत जमुई के जिलाधिकारी से फोन पर बात की। जिलाधिकारी ने आयोग को सूचित किया है कि घटना 19 सितंबर की शाम की है, जिसमें प्राथमिकी दर्ज कर मुख्य आरोपियों की पहचान कर ली गई है। डीएम ने महिला आयोग की अध्यक्ष को भरोसा दिलाया है कि मामले में की गई पूरी कानूनी कार्रवाई की विस्तृत रिपोर्ट सोमवार शाम तक आयोग को सौंप दी जाएगी।

**असम में भूपेश बघेल के काफिले पर....**

होने का दावा किया गया है। घटना के दौरान कुछ पत्रकारों के साथ कथित मारपीट की खबरें भी सामने आई हैं। हालांकि, घटना की शुरुआत किस पक्ष से हुई, चोटों की वास्तविक स्थिति और संपत्ति को हुए नुकसान की स्वतंत्र आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। घटनाक्रम के बाद पुलिस और अर्धसैनिक बलों की तैनाती कर स्थिति को नियंत्रित किया गया। नगांव लोकसभा सीट पर 6 अक्टूबर 2026 को उपचुनाव होना है और कांग्रेस ने सिबामोनी बोरा को अपना उम्मीदवार बनाया है।

**ममता गुट को कलकत्ता हाईकोट....**

कोर्ट ने रोजमर्रा के पार्टी कामकाज और कर्मचारियों के वेतन जैसे जरूरी खर्चों के लिए रकम इस्तेमाल करने की व्यवस्था की थी। खातों से लेन-देन के लिए अदालत की ओर से तय प्रक्रिया का पालन करना होगा। मामला तृणमूल कांग्रेस के दो गुटों के बीच पार्टी के नाम, चुनाव चिह्न और संपत्तियों के अधिकार को लेकर चल रहे विवाद से जुड़ा है। चुनाव आयोग ने हाल में दोनों गुटों के लिए अलग नाम और चुनाव चिह्न निर्धारित किए हैं। ममता बनर्जी के नेतृत्व वाले गुट को ममता ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस नाम और फुटबॉल खिलाड़ी चुनाव चिह्न दिया गया है, जबकि ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व वाले गुट को डेमोक्रेटिक तृणमूल कांग्रेस नाम और लिफाफा चिह्न मिला है। हालांकि, हाईकोर्ट ने बैंक खातों के मामले में चुनाव आयोग की इस अंतरिम व्यवस्था को अपने पहले के न्यायिक आदेश को खत्म करने वाला नहीं माना। अदालत ने इसी आधार पर ममता गुट के खातों के सीमित इस्तेमाल की अनुमति जारी रखी। मामले की शुरुआत तब हुई जब पश्चिम बंगाल पुलिस ने कथित अवैध लेन-देन की जांच के दौरान ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस के नाम से संचालित तीन बैंक खातों को फ्रीज कर दिया था। इसके खिलाफ ममता बनर्जी के नेतृत्व वाले गुट ने कलकत्ता हाईकोर्ट का रुख किया था। 9 जुलाई को हाईकोर्ट ने अंतरिम व्यवस्था के तहत ममता गुट को खातों पर नियंत्रण बनाए रखने की अनुमति दी थी, लेकिन पैसों के इस्तेमाल पर शर्तें लगाई थीं। कोर्ट ने खातों में हुए कथित अवैध लेन-देन की जांच कर पुलिस से रिपोर्ट भी मांगी थी। सोमवार की सुनवाई के दौरान पुलिस ने अपनी जांच रिपोर्ट अदालत के समक्ष पेश की। इसके बाद कोर्ट ने खातों के सीमित और शर्तों के साथ इस्तेमाल की मौजूदा व्यवस्था को जारी रखा।

# सवैधानिक आरक्षण बचाओ रैली : डोंगरगढ़ से सैकड़ों कार्यकर्ता राजधानी रायपुर पहुंचे

डोंगरगढ़ (दावा)। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा और आरक्षण व्यवस्था के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर राजधानी रायपुर में रविवार को संवैधानिक आरक्षण बचाओ रैली का आयोजन किया गया।

जेन-जी आरक्षण बचाओ मंच के आह्वान पर रायपुर के आंबेडकर चौक से शुरू हुई इस विशाल रैली में धर्मनगरी डोंगरगढ़ क्षेत्र से आदर्श बौद्ध महासभा, युवा बौद्ध समिति, गोंडवाना यूथ क्लब एवं कंवर समाज के सैकड़ों युवाओं, कर्मचारियों, प्रबुद्धजनों व सामाजिक प्रतिनिधियों ने अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराई। रैली के माध्यम से प्रदर्शनकारियों ने सामाजिक न्याय, संविधान सम्मत अधिकारों के संरक्षण और आरक्षण व्यवस्था से जुड़े बुनियादी मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। शांतिपूर्ण प्रदर्शन के उपरांत 20 सूत्रीय मांगों को लेकर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया।



### पदोन्नति में आरक्षण और रोस्टर पालन पर जोर

रैली में शामिल सामाजिक संगठनों व युवाओं ने शासन से एससी-एसटी वर्ग के लिए पदोन्नति में आरक्षण संबंधी नियम 5 को पुन- अधिसूचित कर लागू करने तथा सर्वोच्च न्यायालय के अंतरिम आदेशों के अनुरूप पदोन्नति में आरक्षण सुनिश्चित करने की मांग रखी। साथ ही विभिन्न शासकीय विभागों में बिना आरक्षण रोस्टर के की जा रही पदोन्नतियों पर तत्काल रोक लगाने, छत्तीसगढ़ लोक सेवा आरक्षण अधिनियम 1994 का कड़ाई से पालन करने और आरक्षण नियम 1998 की अनुसूची 4 (अ) एवं 4 (ब) को नियमित रूप से अद्यतन करने की बात कही गई।

### विशेष भर्ती अभियान चलाकर बैकलॉग पद भरने की मांग

प्रदर्शनकारियों ने सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) के निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने और लंबित पड़े सभी बैकलॉग पदों को विशेष भर्ती अभियान चलाकर शीघ्र भरने की मांग की। साथ ही राज्य गठन से लेकर अब तक के रिक्त बैकलॉग पदों का विस्तृत ब्यौरा सार्वजनिक करने पर बल दिया गया। डोंगरगढ़ से पहुंचे प्रतिनिधियों ने कहा कि संवैधानिक अधिकारों और समान अवसरों की बहाली के लिए यह लोकतांत्रिक संघर्ष आगे भी जारी रहेगा। रैली में डोंगरगढ़ क्षेत्र से दीपक ऊके, अनिल लांडगे, शुभम खोब्रागडे, किरण मेश्राम, अनमोल बौद्ध, पुरुषोत्तम रामटेके, हीरालाल मौर्य, डॉ. मनोज गजभिये, निर्मल सांगोडे, संतोष धुर्वे, महेंद्र कंवर, बिंदु लाल कंवर, डॉ. मुन्नालाल नंदेश्वर, अमिताभ दुफारे एवं ललिता साखरे सहित सैकड़ों कार्यकर्ता और सामाजिक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## छत्तीसगढ़ में आज से फिर बारिश की संभावना, एक-दो जगह वज्रपात की चेतावनी

रायपुर। प्रदेश में मानसून एक बार फिर सक्रिय होने के संकेत हैं। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में प्रदेश के अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई, जबकि एक-दो स्थानों पर भारी बारिश दर्ज की गई। अब 21 सितंबर से बारिश की गतिविधियों में और बढ़ोतरी होने की संभावना है। विभाग ने एक-दो स्थानों पर भारी बारिश के साथ गरज-चमक और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग के मुताबिक बंगाल की खाड़ी के पूर्व-मध्य हिस्से और उससे लगे उत्तरी अंडमान सागर के ऊपर बना निम्न दबाव क्षेत्र लगातार सक्रिय है। इसके 21 सितंबर को अवदाब और 22 सितंबर को गहरे अवदाब में बदलने की संभावना है। इसके बाद यह पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए 23 सितंबर की सुबह उत्तरी आंध्र प्रदेश और दक्षिणी ओडिशा तट के पास पहुंच सकता है। पिछले 24 घंटों में छिंदगढ़ में सर्वाधिक 7 सेमी बारिश दर्ज की गई। तोंगपाल और छोटेडोंगर में 6-6 सेमी, जबकि नांगर और सुकमा में 5-5 सेमी बारिश हुई। रायपुर शहर में 2 सेमी बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने सोमवार को प्रदेश में अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश का पूर्वानुमान जताया है। अगले दो दिनों में भी अधिकांश स्थानों पर बारिश और कुछ स्थानों पर भारी बारिश तथा वज्रपात की संभावना है।

# खेतों से मोटर पंप पार करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ : 2 आरोपी जेल दाखिल, 3 अपचारी बालक निरुद्ध

डोंगरगांव (दावा)। क्षेत्र के खेतों से किसानों के सिंचाई मोटर पंप चोरी करने वाले गिरोह पर डोंगरगांव पुलिस ने शिकंजा कसते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो बालिग आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। वहीं वारदात में शामिल तीन विधि से संघर्षरत बालकों (नाबालिगों) को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।




### मध्य रात्रि में खेतों से उड़ाए थे तीन मोटर पंप

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सालिकझिटिया निवासी कृषक नंदलाल देवांगन (पिता स्व. नारायण देवांगन) ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 16 और 17 सितंबर की दरमियानी रात सोमाझिटिया स्थित उनके खेत सहित यश देवांगन एवं रुखमन देवांगन के खेतों में लगे 3 नग मगरमच्छ कंपनी के उच्च क्षमता वाले सिंचाई मोटर पंप अज्ञात चोरों ने पार कर दिए हैं। चोरी गए पंपों की कुल अनुमानित कीमत लगभग 38 हजार रुपये बताई गई। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की।

### मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी, तालाब किनारे झाड़ियों में छिपाया था माल

विवेचना के दौरान पुलिस को मुखबिर से सटीक सूचना मिली कि संदेही देवेंद्र सहारे उर्फ रामलाल चोरी के मोटर पंपों को औने-पौने दाम पर खपाने के लिए ग्राहक तलाश रहा है। सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे हिरासत में लिया। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी ने अपने साथी तरुण देवांगन (निवासी ग्राम मोहड़) तथा 3 नाबालिग साथियों के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपियों ने बताया कि उन्होंने मोटर पंपों को अपनी मोटरसाइकिल (क्रमांक सीजी 08 एन 7705) पर लादकर ग्राम मोहड़ के तालाब के पास कनेर की झाड़ियों में छिपाकर रखा था। पुलिस ने निशानदेही पर मोटर पंप बरामद करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

मामले में पुलिस ने आरोपी देवेंद्र सहारे उर्फ रामलाल तथा तरुण देवांगन (दोनों निवासी ग्राम मोहड़) को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। वहीं वारदात में लिप्त तीन विधि से संघर्षरत बालकों के खिलाफ किशोर न्याय अधिनियम के वैधानिक प्रावधानों (प्ररूप-1, नियम 8(1), 8(5)) के तहत कार्रवाई कर परिजनों को सूचित किया गया और उन्हें बाल न्यायालय (किशोर न्याय बोर्ड) के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# घाघरा के घने जंगलों में भटके अधेड़ को केसीजी पुलिस ने सकुशल खोजा, परिजनों के चेहरे पर लौटी मुस्कान

छुईखदान/खैरागढ़ (दावा)। लांजी (बालाघाट) से देवी दर्शन कर लौटते समय घाघरा के घने जंगल में भटके 55 वर्षीय अधेड़ को केसीजी (खैरागढ़-छुईखदान-गंडई) पुलिस ने त्वरित रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर सकुशल ढूंढ निकाला। पुलिस की तत्परता से उन्हें सुरक्षित उनके परिजनों व साथियों को सौंप दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, राजनांदगांव जिले की मोहरा पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम परसाही निवासी गोविंद गोड़ (पिता स्व. मिलन गोड़, उम्र 55 वर्ष) अपने 9 अन्य साथियों के साथ बोलेरो वाहन से देवी दर्शन के लिए लांजी (बालाघाट) गए हुए थे। रविवार 20 सितंबर की शाम करीब 6:00 बजे वापसी के दौरान जब वे ग्राम घाघरा के आगे जंगल क्षेत्र से गुजर रहे थे, तभी कुछ लोग लघुशंका के लिए वाहन से नीचे उतरे। कुछ देर बाद सभी साथी वापस गाड़ी में बैठ गए, लेकिन गोविंद गोड़ नहीं लौटे।



गातापार पुलिस और सीएएफ जवानों ने सर्चिंग कर सुरक्षित निकाला

### रातभर चला सघन तलाशी अभियान

साथी के गायब होने पर परिचितों ने ग्राम गातापार के ग्रामीणों के सहयोग से आसपास के जंगल क्षेत्र में काफी देर तक खोजबीन की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद रात करीब 11:00 बजे मामले की सूचना गातापार थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक केसीजी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में पुलिस प्रशासन तत्काल हरकत में आया। थाना गातापार एवं घाघरा स्थित सीएएफ कैंप की संयुक्त पुलिस टीम गठित कर अंधेरे और बीहड़ जंगलों में सघन सर्चिंग अभियान शुरू किया गया। घंटों की लगातार मशक्कत के बाद पुलिस टीम ने गोविंद गोड़ को जंगल के बीच से सकुशल बरामद कर लिया।

### पुलिस ने की सावधानी बरतने की अपील

सकुशल वापसी के बाद उन्हें उनके साथियों और परिजनों के सुपुर्द किया गया, जिस पर परिजनों ने पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया। केसीजी पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि जंगल और दुर्गम वन क्षेत्रों से यात्रा करते समय विशेष सतर्कता बरतें। साथ ही किसी भी अप्रिय स्थिति या व्यक्ति के गुम होने पर बिना समय गंवाए तत्काल पुलिस को सूचित करें, ताकि समय रहते राहत व बचाव कार्य किया जा सके।

# मासूलकसा में टिन शेड निर्माण का विधायक ने किया शुभारंभ



छुरिया (दावा)। ग्राम मासूलकसा (गोंडलवाही) तहसील कुमर्दा में टिन शेड निर्माण कार्य के लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खुज्जी विधायक भोलाराम साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने विधिवत लोकार्पण कर ग्रामवासियों को विकास कार्य की सौगात दी।

इस अवसर पर विधायक भोलाराम साहू ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आवश्यक अधोसंरचना का विकास स्थानीय लोगों की सुविधा के साथ-साथ सामुदायिक गतिविधियों के लिए भी महत्वपूर्ण है। टिन शेड के निर्माण से ग्रामवासियों को सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सार्वजनिक आयोजनों के लिए सुविधाजनक स्थान उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के गांवों में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार और विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने विकास कार्य के लिए जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासियों की उपस्थिति रही।

# लायंस क्लब रीजन-4 की प्रथम स्टाफ मीटिंग संपन्न : 11 क्लबों की गतिविधियों की समीक्षा, सदस्यता विस्तार और सेवा कार्यों पर मंथन

राजनांदगांव (दावा)। लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 सी के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ लायन रिपुदमन सिंह पुसरी के निर्देशानुसार एवं रीजन-4 के रीजन चेयरमेन पीएमजेएफ लायन अमित खण्डेलवाल के नेतृत्व में भिलाई स्थित होटल क्रॉस रोड रेस्टोरेंट में रीजन-4 की प्रथम रीजन स्टाफ मीटिंग संपन्न हुई। बैठक में रीजन के अंतर्गत आने वाले 3 जोन और 11 लायंस क्लबों के सेवा कार्यों, गतिविधियों, क्लब रिपोर्टिंग और सदस्यता विस्तार (मेंबरशिप ग्रोथ) की विस्तृत समीक्षा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वज वंदना के साथ हुआ। बैठक में डिस्ट्रिक्ट 3233 सी के सेकंड वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ लायन अनिल अग्रवाल ने मुख्य रूप से शिरकत की। उन्होंने मिशन 1.5 मेंबर्स ग्रोथ अभियान पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज सेवा के दायरे को बढ़ाने के लिए संगठन का विस्तार और नए ऊर्जावान सदस्यों को जोड़ना अत्यंत आवश्यक है।

### 11 क्लबों के त्रैमासिक कार्यों की समीक्षा

रीजन चेयरमेन अमित खण्डेलवाल ने रीजन-4 (जिसमें राजनांदगांव के 2, भिलाई के 7, दुर्ग का 1 तथा अहिवारा का 1 क्लब शामिल है) के तीनों जोन चेयरपर्सन एवं सभी 11 क्लबों के अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्षों से जुलाई से सितंबर माह तक संचालित सेवा एवं सामाजिक प्रकल्पों का ब्यौरा लिया। रीजन के सभी क्लबों द्वारा 100 प्रतिशत रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए रीजन चेयरमेन ने समस्त पदाधिकारियों की कर्मठता की सराहना की और पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि समयबद्ध रिपोर्टिंग से क्लबों के सेवा कार्यों का सही मूल्यांकन संभव हो पाता है।



शत-प्रतिशत रिपोर्टिंग पर पदाधिकारियों को मिली बधाई, मिशन 1.5 के तहत नए सदस्यों को जोड़ने पर दिया जोर

### सेवा कार्यों के लिए डोनेशन की पहल

बैठक के दौरान रीजन चेयरमेन अमित खण्डेलवाल ने स्वयं डोनेशन देकर एक अनुकरणीय पहल की, जिसकी सभी लायन साथियों ने मुक्तकंठ से सराहना की। उन्होंने बताया कि इस सहयोग राशि का उपयोग निर्धन वर्ग के इलाज, स्वास्थ्य सेवाओं और आपदा राहत जैसे जनकल्याणकारी कार्यों में किया जाएगा। इसी क्रम में लायंस क्लब भिलाई के अध्यक्ष लायन विष्णु गोयल ने बताया कि मिशन 1.5 के अंतर्गत उनके क्लब द्वारा 6 नए सदस्यों को जोड़ा गया है। जिस पर रीजन नेतृत्व ने भिलाई क्लब को शुभकामनाएं दीं।

बैठक में माइक्रो चेयरपर्सन (संगीत एवं स्वास्थ्य) पीएमजेएफ लायन राजकुमार शर्मा, जोन-11 चेयरमेन लायन बबीता सोनी, जोन-10 से लायन तरणदीप अरोरा, लायन मंजू शर्मा, भिलाई ग्रेट की अध्यक्ष व सचिव रितु अग्रवाल, कोषाध्यक्ष उषा अग्रवाल, भिलाई रॉयल के अध्यक्ष लायन राजू भोजक, सचिव नितेश अग्रवाल, भिलाई क्लब के अध्यक्ष लायन विष्णु गोयल, सचिव संतोष अग्रवाल सहित अतुल अग्रवाल, जितेंद्र जैन, मुकेश अग्रवाल, सुषमा अग्रवाल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन रीजन सचिव लायन चंद्रिका प्रसाद सिन्हा ने किया तथा अंत में आभार व्यक्त किया। बैठक का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# भगवानटोला में सेवा संकल्प अभियान : 144 रक्तवीरों ने किया रक्तदान, पूर्व सरपंच मनोज कोरटिया ने पत्नी संग दिया मानवता का संदेश

कौड़ीकसा (दावा)। भगवानटोला सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत भाजपा मंडल कौड़ीकसा एवं समस्त ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम भगवानटोला में विशाल रक्तदान एवं निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का भव्य आयोजन संपन्न हुआ।

शिविर में क्षेत्र के युवाओं और ग्रामीणों में भारी उत्साह देखने को मिला, जहां कुल 144 रक्तवीरों ने रक्तदान कर मानव सेवा की मिसाल पेश की। शिविर का विशेष आकर्षण पूर्व सरपंच मनोज कोरटिया और उनकी धर्मपत्नी का एक साथ रक्तदान करना रहा, जिन्होंने दंपती के रूप में रक्तदान कर समाज को पुनीत संदेश दिया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व सांसद एवं महापौर मधुसूदन यादव के कर-कमलों से हुआ। कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष दिलीप वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नम्रता सिंह, जिला महामंत्री अनिल गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष व मंडल प्रभारी राजेश जैन (गुजराती), जिला पंचायत सदस्य नेहरू रजक, कौड़ीकसा मंडल अध्यक्ष संदीप साहू, अंबागढ़ चौकी मंडल अध्यक्ष आशीष द्विवेदी, वरिष्ठ नेता सावन वर्मा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु, वरिष्ठ नेता परस वर्मा, राजेश सिंघी, अवधेश त्रिपाठी, ज्ञानचंद कुम्भज, सीएमएचओ डॉ. खोबरागड़े तथा बीएमओ डॉ. आर.आर. धुर्वे प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



पूर्व सांसद मधुसूदन यादव व जिला भाजपा अध्यक्ष दिलीप वर्मा समेत वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों की रही गरिमामयी मौजूदगी

### गांव में ही एक्स-रे व स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधा

रक्तदान के साथ-साथ आयोजित स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ लिया। मोहला सीएमएचओ एवं अंबागढ़ चौकी बीएमओ के विशेष प्रयास से गांव में ही एक्स-रे और प्राथमिक स्वास्थ्य जांच की व्यवस्था की गई थी। शिविर में ''अपना ब्लड बैंक'' की टीम सक्रिय रही, वहीं 135 बार रक्तदान कर चुके रक्तमित्र फनेंद्र जैन ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया।

### जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों की रही सक्रिय सहभागिता

आयोजन को सफल बनाने में जनपद सदस्य शत्रुघन चुरेंद्र, श्रीमती सुरेखा मंडावी, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला महामंत्री लक्ष्मण देवांगन, पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ संयोजक सी. पन्ना, चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला संयोजक गालेश गिरी गोस्वामी, पूर्व आईटी सेल जिला संयोजक खोमन मेश्राम, सोशल मीडिया प्रभारी आपताब खान, सरपंच संघ अध्यक्ष बीरेंद्र कड़ियां, सरपंच श्रीमती लक्ष्मी कुल्हारा, श्रीमती सीमा कोर्राम (सरपंच देवरसुर), लक्ष्मण धलनिया (सरपंच मरेटिटोला), दूधनांगे, मानिक साहू, रजऊ राम निषाद, रिंकू सिंह, चुमेश साहू सहित समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं और ग्रामवासियों का उल्लेखनीय योगदान रहा।

# स्व. राजिंदरपाल सिंह भाटिया की 5वीं पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर, रक्तदाताओं को बांटे गए हेलमेट

छुरिया (दावा)। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पूर्व मंत्री स्व. राजिंदर पाल सिंह भाटिया की पांचवीं पुण्यतिथि पर सेवा संकल्प अभियान के तहत छुरिया के सामुदायिक भवन में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का गरिमामय आयोजन किया गया।



सेवा संकल्प अभियान के तहत युवाओं और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक किया रक्तदान
पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने दी श्रद्धांजलि; कहा जनसेवा को आगे बढ़ाना ही सच्ची श्रद्धांजलि

शिविर में भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं, युवाओं और आम नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की सेवा का संदेश दिया। भाटिया निवास पहुंचकर अर्पित की श्रद्धांजलिकार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित पूर्व सांसद एवं महापौर मधुसूदन यादव ने शिविर स्थल पहुंचने से पूर्व भाटिया निवास पहुंचकर उनके सुपुत्र जगजीत सिंह भाटिया (लक्की) एवं परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने स्वर्गीय भाटिया के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इसके पश्चात सामुदायिक भवन पहुंचकर उन्होंने रक्तदान कर रहे युवाओं का उत्साहवर्धन किया और रक्तदाताओं को निशुल्क हेलमेट व प्रमाण पत्र वितरित कर सम्मानित किया।

जनसरोकारों को आगे बढ़ाना ही सच्ची श्रद्धांजलि : मधुसूदन यादवइस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मधुसूदन यादव ने कहा कि स्वर्गीय भाटिया ने अपने सार्वजनिक जीवन के दौरान क्षेत्र और समाज के हर वर्ग के साथ आत्मीय संबंध बनाए रखे। उनके द्वारा शुरू किए गए सेवा कार्यों और सामाजिक सरोकारों को निरंतर आगे बढ़ाना ही उनके प्रति सच्ची और सार्थक श्रद्धांजलि है।

# सेवा को राजनीति का चश्मा लगाकर न देखें, दीप छोटा हो सकता है, लेकिन उसके पीछे का सेवा संकल्प बड़ा है - रवि सिन्हा

''दीप की लौ पर सवाल नहीं, उसके पीछे का संकल्प देखिए''
''आरोप लगाने के बजाय रचनात्मक सुझाव दें विपक्ष''



राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित सेवा गतिविधियों और ''आशीर्वाद के दीये'' कार्यक्रम को लेकर नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले द्वारा की गई टिप्पणियों पर भाजपा पार्षद एवं शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष रवि सिन्हा ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि जनसेवा के कार्यों को राजनीतिक चश्मे से देखने के बजाय उनके पीछे की भावना और उद्देश्य को समझने की आवश्यकता है।

रवि सिन्हा ने कहा कि दीप जलाना महज एक औपचारिक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं है। दीप प्रकाश, सकारात्मकता, आशा और सेवा-संकल्प का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस पर देशभर में विभिन्न सेवा गतिविधियां आयोजित की गईं। ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज में सेवा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, जरूरतमंदों की सहायता और सकारात्मक सामाजिक सहभागिता की भावना को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि विपक्ष को किसी कार्यक्रम पर आपत्ति है तो वह अपनी बात लोकतांत्रिक तरीके से रख सकता है, लेकिन हर सामाजिक और सेवा गतिविधि को राजनीति के चश्मे से देखना उचित नहीं है। राजनीति अपनी जगह है और जनसेवा अपनी जगह। भाजपा के कार्यकर्ता संगठनात्मक गतिविधियों के साथ-साथ समाज और जनता के बीच सेवा कार्यों में भी निरंतर सक्रिय रहते हैं।

### ''जनता को भाषण नहीं, जमीन पर दिखने वाला काम चाहिए''

रवि सिन्हा ने कहा कि जनता को केवल बयान और आरोप-प्रत्यारोप नहीं चाहिए, बल्कि सड़क पर काम, नालियों की सफाई, बेहतर स्वच्छता व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधाएं, शिक्षा के अवसर और नागरिक सुविधाओं में सुधार चाहिए। उन्होंने कहा, ''मैं स्वयं वार्ड क्रमांक 39 का पार्षद हूं और वार्ड की जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को उठाना मेरी जिम्मेदारी है। सड़क, नाली, सफाई, पुलिया, स्वास्थ्य, शिक्षा, स्ट्रीट लाइट और अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़े विषयों को लेकर मैंने लगातार निगम के समक्ष आवाज उठाई है। वार्ड की जनता मेरे काम और मेरी सक्रियता की प्रत्यक्ष साक्षी है।'' उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि का दायित्व केवल सदन में बोलना नहीं, बल्कि जनता के बीच पहुंचना, समस्याओं को समझना, संबंधित अधिकारियों तक बात पहुंचाना और समाधान के लिए लगातार प्रयास करना है।

### शिक्षा के क्षेत्र में भी निरंतर प्रयास

शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष के रूप में अपनी भूमिका का उल्लेख करते हुए रवि सिन्हा ने कहा कि महाविद्यालय में विद्यार्थियों की आवश्यकताओं और शैक्षणिक वातावरण को बेहतर बनाने की दिशा में भी लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु उपयोगी पुस्तकों की व्यवस्था, पर्यावरण संरक्षण, पौधरोपण, महाविद्यालय की आवश्यकताओं और विद्यार्थियों से जुड़े विषयों को प्राथमिकता देना जनभागीदारी समिति की जिम्मेदारी का हिस्सा है। शिक्षा के क्षेत्र में किया गया प्रत्येक सकारात्मक प्रयास भविष्य की पीढ़ी को मजबूत बनाने की दिशा में कदम है।

नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले को संबोधित करते हुए रवि सिन्हा ने कहा कि यदि विपक्ष वास्तव में जनता की मूलभूत समस्याओं को लेकर गंभीर है तो आरोप-प्रत्यारोप से आगे बढ़कर सड़क, सफाई, स्वास्थ्य, शिक्षा, जल निकासी और नागरिक सुविधाओं से जुड़े ठोस एवं रचनात्मक सुझाव सामने रखने चाहिए। उन्होंने कहा, ''विपक्ष की अपनी भूमिका है और हम उसका सम्मान करते हैं। लेकिन लोकतंत्र में विपक्ष की सार्थक भूमिका केवल सवाल उठाने तक सीमित नहीं होती, बल्कि समाधान के लिए रचनात्मक सुझाव देना भी उसकी जिम्मेदारी है।

रवि सिन्हा ने कहा कि एक दीपक की लौ को देखकर उसकी रोशनी पर सवाल उठाने के बजाय यह देखना चाहिए कि उस दीप के पीछे भावना क्या है। यदि किसी कार्यक्रम के माध्यम से समाज में सेवा, स्वच्छता, सकारात्मकता और सामाजिक सहभागिता का संदेश जाता है तो उसका स्वागत होना चाहिए। उन्होंने कहा, ''जनता सब देखती है। हमारा जवाब आरोपों से नहीं, हमारे काम से होगा।'' रवि सिन्हा ने कहा कि भाजपा के लिए सेवा केवल किसी एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता की निरंतर जिम्मेदारी है। वार्ड की समस्याओं से लेकर विद्यार्थियों के भविष्य तक, जहां भी जनहित का विषय होगा, वहां पूरी प्रतिबद्धता के साथ आवाज उठाई जाएगी। उन्होंने अंत में कहा, ''राजनीति अपनी जगह है, लेकिन जनसेवा उससे कहीं बड़ी जिम्मेदारी है। दीप जलाना हमारा संकल्प है और जनता की समस्याओं का समाधान हमारी प्राथमिकता। सेवा के दीप जलते रहेंगे और विकास एवं जनहित के मुद्दों पर हमारी आवाज भी लगातार उठती रहेगी।''

# पेटेश्री में सुमन ग्राम संगठन का वार्षिक अधिवेशन संपन्न




राजनांदगांव (दावा)। ग्राम पेटेश्री में बिहान अंतर्गत सुमन ग्राम संगठन का ग्राम संगठन स्तरीय वार्षिक अधिवेशन (आमसभा) रविवार 20 सितंबर को साहू भवन के पास आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में ग्राम की महिला समूहों की पदाधिकारी, पंच, बैंक सखी, पशु सखी, उद्योग सखी, सक्रिय महिलाएं तथा ग्रामीण महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल हुईं। अधिवेशन में महिला समूहों के माध्यम से संचालित गतिविधियों, संगठन के कार्यों तथा महिलाओं की सहभागिता को लेकर चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे सिन्हा समाज महिला मंच की जिलाध्यक्ष निर्मला सिन्हा, साहू समाज अध्यक्ष रामविलास साहू, पंच उमेश साहू, महिला पंच ऊषा साहू, सुरेखा साहू बैंक सखी, तरुण कनौजे क्रेडर, वंदना साहू एवं नेमा यादव सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मातृभूमि संकुल संगठन की अध्यक्ष पुष्पा चंद्रवंशी, सचिव एवन साहू एवं कोषाध्यक्ष लक्ष्मी साहू सहित संगठन के पदाधिकारियों ने सहभागिता की। वहीं सुमन ग्राम संगठन से अध्यक्ष एवन साहू, सचिव अहिल्या निषाद, कोषाध्यक्ष नेमिन सिन्हा, पशु सखी सुषमा साहू, सक्रिय महिला राधिका साहू, उद्योग सखी रानी सिन्हा तथा ग्राम संगठन की अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहीं।

CMYK

दैनिक दावा | शहर की खबरें | राजनांदगांव, मंगलवार 22 सितंबर 2026



# अघोषित 'लोड शेडिंग' ने तोड़ी औद्योगिक क्षेत्रों की कमर : बिजली विभाग की लापरवाही से उद्योग बंदी की कगार पर, करोड़ों का नुकसान

राजनांदगांव (दावा)। जिले के औद्योगिक क्षेत्रों में बिजली कंपनी की बदहाल व्यवस्था और चरमराती कार्यप्रणाली ने स्थानीय उद्योगपतियों की कमर तोड़कर रख दी है। बिना किसी पूर्व सूचना के दिनभर में कई-कई बार हो रही बिजली कटौती और 5 से 10 घंटे तक चलने वाली अघोषित 'लोड शेडिंग' के कारण कारखानों का संचालन पूरी तरह ठप होने की कगार पर पहुंच गया है। रोजाना हो रहे करोड़ों रुपये के आर्थिक नुकसान के चलते अब कई उद्योग ताला लगाने को मजबूर हो रहे हैं, जिससे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हजारों मजदूरों के सामने रोजी-रोटी का गंभीर संकट खड़ा हो गया है।

### 'कंटिन्यूअस प्रोसेस' प्लांट्स पर सबसे बड़ा आघात

ग्राम सोमनी (खुटेरी) स्थित खाद्य तेल कारखाने (सॉल्वेंट एक्सट्रैक्शन प्लांट एवं रिफाइनरी) के संचालकों ने अपनी व्यथा साझा करते हुए बताया कि उच्च दाब पर चलने वाले ये संयंत्र 'कंटिन्यूअस प्रोसेस' (सतत प्रक्रिया) पर आधारित होते हैं। उत्पादन के दौरान अचानक बिजली गुल होते ही पूरा सिस्टम क्रैश हो जाता है। बिजली जाते ही अत्यंत ज्वलनशील व उड़नशील पेट्रोलियम पदार्थ 'हेक्जीन' (सॉल्वेंट) सैकड़ों लीटर की मात्रा में वाष्पीकृत होकर हवा में उड़ जाता है। ट्रिपिंग के बाद पूरे संयंत्र को दोबारा सामान्य परिचालन स्तर पर लाने में कम से कम 4 घंटे का समय, भारी मात्रा में अतिरिक्त बिजली और अतिरिक्त मैनपॉवर व्यय होता है। प्रक्रिया बीच में रुकने से तैयार माल की गुणवत्ता बुरी तरह प्रभावित होती है, जिसके चलते उत्पादकों को उसे बाजार में औने-पौने दामों पर बेचने के लिए विवश होना पड़ता है।



- बार-बार ट्रिपिंग और 5 से 10 घंटे की कटौती से कच्चा माल नष्ट, री-स्टार्ट प्रक्रिया ने बढ़ाई लागत
- सीएसपीडीसीएल के नियमों की उड़ रही धज्जियां; बिना पूर्व सूचना बिजली गुल होने से पावर फैक्टर पेनल्टी की दोहरी मार
- राजनांदगांव जिले के सोमनी, टेड़ेसरा, सांकरा, टोलागांव व डोंगरगांव समेत कई क्षेत्रों में हाहाकार; हजारों श्रमिकों के रोजगार पर गहराया संकट

### नियमों को ताक पर रख रहा विभाग, उद्योग झेल रहे दोहरी मार

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी (सीएसपीडीसीएल) के स्पष्ट दिशा-निर्देश हैं कि आकस्मिक तकनीकी खराबी को छोड़कर उच्च दाब उपभोक्ताओं को किसी भी शटडाउन या मेंटेनेंस की सूचना पहले से दी जानी चाहिए। इसके उलट, बीते एक माह से बिना किसी अलर्ट के दिन में दर्जनों बार ट्रिपिंग की जा रही है। बार-बार बिजली जाने और आने से संयंत्रों का 'पावर फैक्टर' गिर जाता है। विडंबना यह है कि बिजली विभाग की इस अव्यवस्था का खामियाजा भी उद्योगपतियों को अतिरिक्त आर्थिक दंड (पेनल्टी) के रूप में भुगतना पड़ रहा है।

### जिले के सभी प्रमुख औद्योगिक बेल्ट प्रभावित

विद्युत संकट का यह भयावह असर सिर्फ सोमनी तक ही सीमित नहीं है। जिले के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों– टेड़ेसरा, सांकरा, इंदामरा, टोलागांव और डोंगरगांव में संचालित राइस मिलें, पेपर मिलें, साल्वेंट प्लांट्स और पोल्ट्री फार्म्स इस संकट से सबसे ज्यादा त्रस्त हैं। पोल्ट्री उद्योग में वेंटिलेशन और तापमान नियंत्रण बाधित होने से बड़े पैमाने पर नुकसान हो रहा है, वहीं राइस और पेपर मिलों का उत्पादन चक्र पूरी तरह लड़खड़ा चुका है।

### उद्योगपतियों का अल्टीमेटम : निर्बाध आपूर्ति मिले या चाबियां संभाले प्रशासन

स्थानीय उद्यमियों का कहना है कि बिजली कंपनी के गैर-जिम्मेदाराना रवैये के चलते वे हर दिन लाखों रुपये का घाटा सहन करने की स्थिति में अब बिल्कुल नहीं हैं। यदि विभाग ने तुरंत प्रभाव से अघोषित कटौती और ट्रिपिंग पर अंकुश लगाकर निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित नहीं की, तो उद्योगों में स्थायी तालाबंदी के सिवा कोई विकल्प नहीं बचेगा। उद्यमियों ने शासन और प्रशासन से मांग की है कि इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर जिले की औद्योगिक इकाइयों और श्रमिकों के भविष्य को बर्बाद होने से बचाया जाए।

# 10.50 लाख की चोरी का खुलासा : जेल में रची गई थी साजिश, किरायेदार ही निकला मास्टरमाइंड, 2 गिरफ्तार

### 50 से अधिक सीसीटीवी खंगालकर हरियाणा से दबोचा गया आदतन चोर, सोने का डल्ला, आधा किलो चांदी व 1.50 लाख जब्त



राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कौरिनभाठा की आशीर्वाद कॉलोनी में दिनदहाड़े सूने मकान का ताला तोड़कर लाखों के जेवर व नकदी पार करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। साइबर सेल और बसंतपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 100 ग्राम सोने का डल्ला, करीब आधा किलो चांदी के जेवर और 1.50 लाख रुपये नकद बरामद किए गए हैं। जब्त मशरूका की कुल कीमत 10 लाख 50 हजार रुपये आंकी गई है।

### सूने मकान का ताला तोड़कर उड़ाए थे जेवर

पुलिस के अनुसार प्रार्थी कुल प्रकाश वालदे 11 सितंबर को अपनी ड्यूटी पर गए हुए थे। दोपहर करीब 12:30 से 2:45 बजे के बीच अज्ञात चोर ने मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर अलमारी के लॉकर से सोने के हार, अंगूठियां, टॉप्स, नथ, चेन, झुमके, चूड़ियां, चांदी की 8 जोड़ी पायल और 1.50 लाख रुपये नकद पार कर दिए थे। प्रार्थी की रिपोर्ट पर बसंतपुर पुलिस ने बीएनएस की धारा 331(3) व 305 के तहत जुर्म दर्ज कर जांच शुरू की थी।

पुलिस टीम ने शहर के 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। जिससे मुख्य संदेही विक्की वर्मा की पहचान हुई। पुलिस ने उसे हरियाणा से हिरासत में लिया। पूछताछ में विक्की ने खुलासा किया कि जगदलपुर सेंट्रल जेल में रहने के दौरान उसकी दोस्ती रहिमन से हुई थी। रहिमन प्रार्थी के मकान के ऊपरी तल पर किरायेदार था। उसी ने विक्की को बताया था कि मकान में भारी मात्रा में जेवर हैं और दोपहर में घर खाली रहता है। शक से बचने के लिए रहिमन वारदात से एक सप्ताह पहले ही शहर से बाहर चला गया था और फोन से विक्की को पल-पल की जानकारी दे रहा था।

### कुरुक्षेत्र के सुनार को बेचे जेवर, ज्वेलर की तलाश जारी

चोरी के बाद विक्की ने सोने के कुछ जेवर कुरुक्षेत्र (हरियाणा) के एक सुनार को बेच दिए तथा बाकी जेवर गलाकर 100 ग्राम का डल्ला बना लिया। उसने चांदी के जेवर और 50 हजार रुपये नगद अपने साथी रहिमन को दिए थे। पुलिस अब चोरी का माल खरीदने वाले ज्वेलर की भूमिका की जांच कर रही है और उसकी धरपकड़ के प्रयास जारी हैं। पुलिस के अनुसार मुख्य आरोपी विक्की वर्मा शातिर नकबजन है। जिसके खिलाफ दुर्ग, बस्तर, महासमुंद, कबीरधाम, धमतरी और राजनांदगांव में कई मामले दर्ज हैं। वहीं सह-आरोपी रहिमन के विरुद्ध भी बस्तर में चोरी का प्रकरण दर्ज है। दोनों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। विक्की वर्मा 32 वर्ष निवासी शाहबाद, जिला कुरुक्षेत्र (हरियाणा), हाल मुकाम खुर्सीपार भिलाई (दुर्ग) एवं रहिमन 43 वर्ष निवासी काकोडी चिल्हाटी (महाराष्ट्र), हाल मुकाम आशीर्वाद कॉलोनी कौरिनभाठा (राजनांदगांव) है।

## पहला कॉलम...

### नवीन बाल मंडल चिखली में गणेशोत्सव की धूम



राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी में गणेशोत्सव का पर्व अपार श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में चिखली स्थित वार्ड क्रमांक 05, केवट पारा में नवीन बाल मंडल द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान श्री गणेश की भव्य एवं नयनाभिराम प्रतिमा की स्थापना की गई है। पंडाल में प्रतिदिन सुबह और शाम आयोजित होने वाली महाआरती में वार्ड सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन-पूजन के लिए पहुंच रहे हैं।

### माँ संतोषी उत्सव समिति दुर्गा चौक में आस्था का केंद्र



राजनांदगांव (दावा)। दुर्गा चौक में माँ संतोषी उत्सव समिति द्वारा माँ संतोषी की प्रतिमा विराजित की गई है। समिति की स्थापना वर्ष 1976 में हुई थी और वर्तमान में समिति का 51वाँ वर्ष है। माँ संतोषी को भगवान श्री गणेश जी की सुपुत्री माना जाता है। माता का विशेष दिन शुक्रवार है तथा इस दिन माता को श्रद्धालुओं द्वारा विशेष रूप से चना-गुड़ का भोग अर्पित किया जाता है। समिति की शुरुआत शहर के बुजुर्गों द्वारा की गई थी। वर्तमान में समिति की जिम्मेदारी युवा पीढ़ी मिल-जुलकर संभाल रही है और धार्मिक आयोजन को उत्साह एवं श्रद्धा के साथ आगे बढ़ा रही है। उक्त जानकारी माँ संतोषी उत्सव समिति दुर्गा चौक के अध्यक्ष सन्मय श्रीवास्तव ने दी।

### नर्मदेश्वर शिव मंदिर न्यू खडेलवाल कॉलोनी में कल प्रज्वलित होंगे दीप

राजनांदगांव (दावा)। गणेश उत्सव के पावन पर्व पर न्यू खंडेलवाल कॉलोनी स्थित नर्मदेश्वर शिव मंदिर में 23 सितंबर को संध्या मनोकामना दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम रखा गया है। श्रद्धालु अपने घर से 11, 21, 31 अपनी श्रद्धा के अनुसार दीप और तेल बाती लेकर मंदिर में दीप प्रज्वलित कर सकते हैं। नर्मदेश्वर शिव मंदिर के अध्यक्ष देवेंद्र चौबे एवं सचिव वाई के दीपक ने एक जानकारी में बताया कि भगवान गणेश के चल रहे पर्व के अवसर पर स्थानीय नर्मदेश्वर शिव मंदिर में 23 सितंबर बुधवार को संध्या आरती के समय 7:30 बजे मनोकामना दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। जो श्रद्धालु इस पावन अवसर का लाभ उठाना चाहते हैं। वे अपनी इच्छा के अनुकूल दीपकों को तेल और बाती के साथ लाकर मंदिर प्रांगण में प्रज्वलित कर सकते हैं। नर्मदेश्वर शिव मंदिर समिति गणेश उत्सव पावन पर्व पर सभी श्रद्धालुओं से उक्त अवसर का लाभ उठाने की अपील करती है।

### चिखली शराब भट्ठी के सामने पेड़ पर फंदे से लटकता मिला अज्ञात व्यक्ति का शव



राजनांदगांव (दावा)। चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र में बीती रात उस वक्त सनसनी फैल गई। जब देशी शराब भट्ठी के ठीक सामने स्थित एक पेड़ पर एक व्यक्ति का शव फांसी के फंदे पर लटकता हुआ पाया गया। घटना रात्रि लगभग 11:30 बजे की बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रात्रि के समय मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों ने शराब भट्ठी के सामने पेड़ पर नायलॉन की रस्सी के सहारे एक व्यक्ति को लटके देखा। दृश्य देखते ही मौके पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई और तत्काल इसकी सूचना चिखली पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही चिखली पुलिस की पेट्रोलिंग टीम फौरन घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने उपस्थित लोगों की मदद से शव को फंदे से नीचे उतारा। मृतक की उम्र और हुलिए के आधार पर मौके पर मौजूद लोगों से उसकी पहचान कराने का प्रयास किया गया। किंतु देर रात तक उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी थी। पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे चीरघर (पोस्टमार्टम कक्ष) भिजवा दिया है।

# दो संस्कारधानियों को जोड़ने राजनांदगांव-जबलपुर नई रेल लाईन की मांग तेज



**सांसद संतोष पांडेय ने नागपुर बैठक में रखा प्रस्ताव : व्यापार, उद्योग व पर्यटन को मिलेगा बड़ा विस्तार**

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के बीच सीधा रेल संपर्क स्थापित करने की दिशा में राजनांदगांव, खैरागढ़, कवर्धा, मंडला, जबलपुर नई रेल लाइन की बहुप्रतीक्षित मांग को लेकर अहम पहल हुई है। नागपुर में रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों एवं सांसदों की उच्चस्तरीय बैठक में राजनांदगांव सांसद संतोष पांडेय ने इस परियोजना का प्रस्ताव प्रमुखता से पटल पर रखा। इस पहल के बाद क्षेत्र में वर्षों पुरानी मांग पूरी होने की उम्मीदें बढ़ गई हैं।

### सीधे जुड़ेंगे दोनों राज्यों के कई अंचल

बैठक में रखे गए प्रस्ताव के अनुसार यह रेल मार्ग छत्तीसगढ़ की संस्कारधानी राजनांदगांव को मध्य प्रदेश की संस्कारधानी जबलपुर से जोड़ेगा। इसके बनने से खैरागढ़, कवर्धा और मंडला के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र मुख्य रेल नेटवर्क की परिधि में आ जाएंगे। साथ ही विश्व प्रसिद्ध कान्हा नेशनल पार्क और छत्तीसगढ़ के प्रमुख व्यापारिक केंद्रों के बीच सीधा संपर्क कायम होगा। जिससे विद्यार्थियों, मरीजों, व्यापारियों और आम यात्रियों को सुगम व किफायती आवागमन की सुविधा मिलेगी।

### व्यापार और पर्यटन को मिलेगी नई रफ्तार

प्रस्तावित लाइन से दोनों राज्यों के बीच अंतर-राज्यीय व्यापार और औद्योगिक गतिविधियों में तेजी आने की संभावना है। मंडला-कान्हा क्षेत्र के जुड़ने से पर्यटन को मजबूती मिलेगी, वहीं कवर्धा और खैरागढ़ जैसे कृषि व सांस्कृतिक रूप से समृद्ध क्षेत्रों को भी बड़ा आर्थिक लाभ मिलेगा। सांसद संतोष पांडेय ने कहा कि यह केवल एक रेल लाइन नहीं, बल्कि दो राज्यों और दो संस्कारधानियों के बीच सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक रिश्तों को सुदृढ़ करने वाली जीवनरेखा साबित होगी। बैठक में सांसद ने क्षेत्र से जुड़ी अन्य महत्वपूर्ण रेल समस्याओं को भी उठाया। उन्होंने राजनांदगांव और डोंगरगढ़ में वंदे भारत एक्सप्रेस के ठहराव, बंद पड़ी रायपुर-डोंगरगढ़ मेमू ट्रेन को पुनः शुरू करने तथा अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत राजनांदगांव रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों को गति देने पर जोर दिया।

### संस्कारधानी समिति व व्यापारियों ने जताया आभार

सांसदों की बैठक में इस मुद्दे को उठाने पर संस्कारधानी समिति एवं व्यापारिक संगठनों ने सांसद संतोष पांडेय के प्रति आभार प्रकट किया है। समिति के प्रतिनिधि राजू डागा, लक्ष्मण लोहिया, संजू लड्ढा, प्रतीक अग्रवाल, भावेश अग्रवाल, संजय तेजवानी, अशोक पांडे, सूरज बुद्धदेव, राजेश जैन, आनंद चोपड़ा एवं अमित खंडेलवाल ने संयुक्त रूप से कहा कि यह परियोजना पूरे अंचल के कायाकल्प की क्षमता रखती है। प्रतिनिधियों ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मांग की है कि इस प्रस्तावित मार्ग पर शीघ्र प्राथमिक सर्वे की प्रक्रिया शुरू कर परियोजना को मूर्त रूप दिया जाए।

# भंडारे के साथ स्वच्छता का संदेश दे रहा लघु मंडल : दान व कचरा पात्रों पर लगाए प्रेरक स्लोगन

### भोजन की बर्बादी रोकने और कचरा सही जगह डालने की अपील, धार्मिक आयोजनों में स्वच्छता पर जोर




राजनांदगांव (दावा)। शहर में विभिन्न स्थानों पर आयोजित होने वाले भंडारा कार्यक्रमों के दौरान स्वच्छता बनाए रखने की पहल करते हुए लघु मंडल कामठी लाइन राजनांदगांव ने दान-पात्रों एवं कचरा पात्रों पर स्वच्छता और जनजागरूकता से संबंधित संदेश लगाए हैं। मंडल द्वारा प्रतिवर्ष भंडारे का आयोजन किया जाता है और इस वर्ष भी शहर के विभिन्न स्थानों पर भंडारे आयोजित किए जा रहे हैं। मंडल की ओर से लगाए गए संदेशों में स्वच्छता ही सेवा है, कचरा यहां डालें, कचरा नहीं संस्कार डालें तथा भोजन की बर्बादी रोकने जैसे संदेशों के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ ही शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने का संदेश भी दिया गया है।

### भंडारा समितियों से विशेष व्यवस्था की अपील

लघु मंडल ने सभी भंडारा समितियों एवं आयोजकों से आग्रह किया है कि कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता की विशेष व्यवस्था रखें तथा कार्यक्रम समाप्त होने के बाद कचरे का उचित निपटान सुनिश्चित करें। मंडल का कहना है कि धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों के साथ स्वच्छता की जिम्मेदारी निभाना भी हम सभी का दायित्व है। मंडल ने कहा कि यदि शहर में आयोजित होने वाले प्रत्येक भंडारे में स्वच्छता का ध्यान रखा जाए और कचरा निर्धारित स्थान पर ही डाला जाए, तो राजनांदगांव को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ शहर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है। लोगों से अपील की गई है कि वे इस पहल में सहभागी बनें और स्वच्छता अपनाएं, शहर को सुंदर बनाएं के संदेश को आगे बढ़ाएं।

# नगर निगम गणेश पर्व प्रतियोगिता, गत वर्ष के पुरूस्कार वितरण हेतु समारोह आयोजित



- महापौर ने निगम पदाधिकारियों की उपस्थिति में प्रतियोगिता में चयनित गणेश समितियों को किये पुरूस्कृत
- गणेश पुरूस्कार राशि में होगी वृद्धि- मधुसूदन यादव

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम द्वारा वर्ष 2025 में आयोजित गणेश पर्व प्रतियोगिता में चयनित समितियों को पुरूस्कार वितरण करने नगर निगम टाउन हॉल में आयोजित कार्यक्रम में महापौर श्री मधुसूदन यादव ने निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, आयुक्त श्री जी.आर. मरकाम सहित पार्षदों व नामांकित पार्षदों की उपस्थिति में समितियो को पुरूस्कार का चेक वितरण किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नगर निगम हर वर्ष गणेश पर्व में प्रतियोगिता आयोजित कर गणेश प्रतिमा तथा विसर्जन झाकी में चयनित समितियो को पुरूस्कृत करती है। उन्होंने कहा कि संस्कारधानी राजनांदगांव हॉकी और झाकी के लिए प्रसिद्ध है। जिसकी प्रसिद्धि आज भी कायम है, जिसका उदाहरण कि तमाम विपरित परिस्थितियो में भी इसकी गरिमा और व्यापकता में कोई कमी नही आई है।

महापौर श्री यादव ने कहा कि इस वर्ष से पुरूस्कार राशि में वृद्धि की जा रही है। जिसके आधार पर अब गणेश प्रतिमा में तीन गुना से अधिक की बढोतरी की जायेगी। उसी प्रकार विसर्जन झाकी के दोनो वर्ग में प्रथम, द्वितीय व तृतीय की राशि में लगभग 10 हजार रूपये की वृद्धि की जायेगी। उन्होंने सभी पुरूस्कार प्राप्त करने वाली समितियो को बधाई देकर और अच्छी झाकी का निर्माण कर परंपरा को कायम रखने की अपील की।

गणेश पर्व प्रतियोगिता में चयनित गणेश समितियों में महापौर श्री यादव द्वारा पार्षदों के साथ गणेश प्रतियोगित वर्ष 2025 के सर्वश्रेष्ठ गणेश प्रतिमा में प्रथम श्री पाटीदार गणेश उत्सव समिति, जी.ई. रोड को 6 हजार रूपये का चेक, द्वितीय मित्र मंडल गणेश उत्सव समिति, सदर बाजार को 4 हजार रूपये का चेक व तृतीय लालबाग गणेश उत्सव समिति, दुर्गा मंदिर परिसर लालबाग को 3 हजार रूपये का चेक प्रदान किया गया। इसी प्रकार विसर्जन झाकी के अ वर्ग में प्रथम बाल समाज गणेश उत्सव समिति, गंज लाईन को 41 हजार रूपये का चेक, द्वितीय अष्ट विनायक मंडल, रामाधीन मार्ग को 21 हजार रूपये का चेक एवं तृतीय बस स्टैण्ड गणेश उत्सव समिति, पुराना बस स्टैण्ड को 11 हजार रूपये का चेक प्रदान किया गया। इसी प्रकार ब वर्ग में प्रथम महावीर मंडल, सदर बाजार को 31 हजार रूपये का चेक, द्वितीय तिरंगा मण्डल, अशोक स्तम्भ (कमल टाकीज) चैक को 18 हजार रूपये का चेक एवं तृतीय सिद्धी विनायक गणेश उत्सव समिति, हलवाई लाईन को 10 हजार रूपये का चेक प्रदान कर पुरूस्कृत किया गया।

पुरूस्कार वितरण के दौरान समितियों द्वारा दिये गये सुझाव पर महापौर श्री यादव ने कहा कि अगले वर्ष गणेश पर्व के पूर्व समितियों के साथ बैठकर विचार विमर्श कर आयोजन के संबंध में रूप रेखा तय की जावेगी। पुरूस्कार वितरण में आभार व्यक्त करते हुए आयुक्त श्री मरकाम ने परंपरागत रूप से गणेश पर्व मनाने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य संजीव कुमार मिश्रा ने किया। इस अवसर पर पार्षदगण, नामांकित पार्षदगण सहित गणेश समिति के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### राजस्व अधिकारियों का नवीन पदस्थापना आदेश जारी

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से जिले में पदस्थ राजस्व अधिकारियों की अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त नवीन पदस्थापना की है। जारी आदेश अनुसार तहसील कार्यालय डोंगरगढ़ में पदस्थ डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी तहसीलदार डोंगरगढ़ अमीय श्रीवास्तव की नवीन पदस्थापना तहसील कार्यालय घुमका, अतिरिक्त तहसीलदार तहसील कार्यालय डोंगरगढ़ में पदस्थ तहसीलदार सोनित मोरिया की नवीन पदस्थापना तहसील कार्यालय कुमरदा में किया गया है। इसी तरह जिले में पदस्थ तहसीलदार चितेश कुमार देवांगन की तहसील कार्यालय डोंगरगढ़, तहसील कार्यालय घुमका में पदस्थ नायब तहसीलदार व प्रभारी तहसीलदार घुमका रामलखन चौहान की नवीन पदस्थापना तहसील कार्यालय राजनांदगांव, तहसील कार्यालय राजनांदगांव में पदस्थ सहायक अधीक्षक (भू-अभिलेख) व प्रभारी नायब तहसीलदार राजनांदगांव सुश्री दिव्या वैद्य की नवीन पदस्थापना भू-अभिलेख शाखा जिला कार्यालय राजनांदगांव में नवीन पदस्थापना की गई है।

# आज जल क्रीड़ा महोत्सव : डोल ग्यारस पर नौका विहार करेंगे विभिन्न मंदिरों के भगवान

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी की वर्षों पुरानी और गौरवमयी परंपरा के अनुरूप डोल ग्यारस के पावन अवसर पर आज 22 सितंबर को भव्य 'संस्कारधानी जल क्रीड़ा महोत्सव' का आयोजन किया जा रहा है। श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के अध्यक्ष हरीश अग्रवाल के नेतृत्व में संस्कारधानी जल क्रीड़ा महोत्सव समिति परिवार द्वारा यह ऐतिहासिक आयोजन संपन्न होगा। जिसमें नगर के विभिन्न देवालयों के भगवान डोल (विमान) में विराजमान होकर रानी सागर में नौका विहार करेंगे।

### बालाजी मंदिर प्रांगण से निकलेगी भव्य शोभायात्रा

आयोजन का शुभारंभ दोपहर 1 बजे बालाजी मंदिर प्रांगण में भव्य महाआरती के साथ होगा। महाआरती में मुख्य अतिथि के रूप में राजगामी संपदा न्यास की अध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा साहू एवं उपाध्यक्ष मनोज निर्वाणी उपस्थित रहेंगे। महाआरती के उपरांत विभिन्न मंदिरों के विग्रह डोल में विराजित होकर गाजे-बाजे और धुन के साथ नगर भ्रमण पर निकलेंगे। शोभायात्रा गंज लाईन, रामाधीन मार्ग, कामठी लाईन, भारत माता चौक, हमाल लाइन, मानव मंदिर चौक, फव्वारा चौक एवं शीतला मंदिर लाईन होते हुए रानीसागर पहुंचेगी।

### रानीसागर में होगी महाआरती और नौका विहार

शोभायात्रा के रानी सागर तट पर पहुंचने पर पूर्व महापौर मधुसूदन यादव एवं भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत द्वारा भगवान के विग्रहों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जाएगा तथा सामूहिक महाआरती की जाएगी। महाआरती के पश्चात सभी मंदिरों के भगवान एक साथ सुसज्जित नौकाओं में सवार होकर जल क्रीड़ा (नौका विहार) करेंगे। डोल ग्यारस पर रानी सागर में जल क्रीड़ा का यह अद्भुत और विहंगम दृश्य संस्कारधानी की अनूठी पहचान और आस्था का प्रमुख केंद्र रहेगा।

### तैयारियों में जुटी समिति, नागरिकों से शामिल होने की अपील

आयोजन को भव्य रूप देने के लिए श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के कोषाध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, दिलीप वैष्णव, राजेश खोखरिया, संतोष हुंका एवं अरुण खंडेलवाल सहित अन्य मंदिरों के प्रतिनिधि निरंतर समर्पण भाव से व्यवस्थाओं में जुटे हुए हैं। समिति के सौरभ खंडेलवाल एवं दिलीप वैष्णव ने संस्कारधानी वासियों और धर्मप्रेमी नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शोभायात्रा मार्ग व रानी सागर तट पर उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करें।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com

CMYK